

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –225 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु




नई संसद भवन की सुरक्षा में चूक निंदनीय : कांग्रेस पृष्ठ 3
■ सब कुछ धुंधला है
■ धारा 370 को सर्वोच्च न्यायालय ने किया निरस्त, पर अनेक पृष्ठ 4
■ इजरायल ने गाजा सुरंगों में समुद्री जल भरना शुरू किया
■ कीव पर रूसी मिसाइल हमले में 53 लोग घायल पृष्ठ 9
सपाट व फिसलन भरे विकेट पर फोकस गेंदबाजों पर होगा पृष्ठ 10

# मोदी की मौजूदगी में साय ने संभाली प्रदेश की बागडोर






**रायपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना। जिसके बाद साय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ ली। साय के साथ ही साथ सूबे के दो डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया, केंद्रीय राज्य मंत्री बिसेश्वर तुडू, केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम हेमंत बिस्वा सर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सीएम हरियाणा मनोहर लाल खट्टर, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। साथ ही साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी रायपुर पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह शामिल हुए और विष्णुदेव को बधाई दी। साय कुनकुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। कुनकुरी से आने वाले विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से आते हैं।



साल 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के अपने सबसे निकटतम प्रतिद्वंदी यूडी मिंज को 25541 वोटों के अंतर से मात दी है। विष्णुदेव साय को चुनाव में 87604 वोट मिले हैं। भाजपा ने साल 2020 में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया था। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनने वाले विष्णुदेव साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और तीन बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा उन्हें संगठन में काम करने का अच्छा खासा अनुभव है।

## उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा ने कार्यभार संभाला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा को लेकर मंत्रालय में उप मुख्यमंत्रियों के कक्ष में पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री साव और शर्मा ने अपना कार्यभार संभाला। मुख्यमंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शपथ ग्रहण में परिवार बना साक्षी



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शपथ ग्रहण समारोह में उनका परिवार भी इस स्वर्णिम अवसर का साक्षी बना। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की माती जी श्रीमती जसमनी देवी साय, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय सहित पूरा परिवार मौजूद रहा। उत्साह भरे माहौल में पूरे परिवार ने लोगों के साथ आम लोगों

## आज होगी कैबिनेट की पहली बैठक

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यभार संभाला। यह पहली बार हो रहा है कि मुख्यमंत्री ने कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय की धर्म में गहरी आस्था है। उन्होंने शपथ ग्रहण से पहले सुबह रायपुर स्थित अपने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# संसद की सुरक्षा में फिर लगी सेंध

### दर्शक दीर्घा से स्मोक बम लेकर कूदे दो युवक



■ शून्यकाल के दौरान की है घटना
■ सदन के बाहर भी हुई नारेबाजी
■ कांग्रेस ने बड़ी सुरक्षा चूक बताया

**नई दिल्ली**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। देश का सबसे सुरक्षित स्थान कहे जाने वाले संसद भवन की सुरक्षा में ठीक संसद पर हुए हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। बुधवार को सदन की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। इस दौरान उन्होंने कुछ स्प्रे भी किया, जिससे सदन में धुआं-धुआं हो गया। हालांकि उन्हें सांसदों की मदद से सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया। पकडे गए यूवकों में एक का नाम सागर शर्मा और दूसरे का मनोरंजन बताया गया है। वहीं सदन के बाहर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए भी एक युवक और एक युवती पकड़ा गया। युवती का नाम नीलम है। घटना के फौरन बाद दिल्ली पुलिस की आतंकवाद रोधी इकाई का विशेष दल संसद भवन में ही पहुचकर उनसे पूछताछ की। बतादें कि यह घटना शून्यकाल के दौरान घटी। हालाकि लोकसभा के पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने फौरन सदन की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बाद में सदन सुचारू तरीके से चलाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहाकि शूल्यकाल के दौरान हुई घटना की अपने स्तर पर संपूर्ण जांच की जा रही है।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



## 22 साल पहले भी संसद पर हुआ था आतंकी हमला

संसद की शीतकालीन सत्र के आठवें दिन बुधवार को सुरक्षा चूक हुई। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक विजिटर्स गैलरी से सदन में कूद गए। उनके कूदते वक्त पीला धुआं उठता दिखाई दिया। सांसदों ने युवक को पकड़ा और सिक्योरिटी अधिकारियों के हवाले कर दिया। इस घटना ने सभी को चौंका दिया है क्योंकि साल 2001 में 13 दिसंबर को ही संसद पर आतंकी हमला हुआ था। आज की तरह ही संसद में शीतकालीन

## भाजपा सांसद की सिफारिश पर बना था पास



इसी बीच पता चला कि दोनों युवकों का दर्शक दीर्घा पास मैसूर से भाजपा के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर बना था। जिन्होंने खुद घटना के बाद संसदीय कार्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर इस बारे में अपनी सफाई दी। सिम्हा के मुताबिक, गिरफ्तार युवक मनोरंजन के पिता देवराज उनके जानकार हैं। मनोरंजन लंबे समय से लोकसभा की कार्यवाही देखने के लिए पास मांग रहा था। बुधवार की सुबह ही वह लखनऊ से दूसरे आरोपी सागर शर्मा के साथ दिल्ली पहुंचा था। मनोरंजन ने सागर को अपना दोस्त बताया था। इसके चलतें दोनों युवको के लिए लोकसभा के दर्शक दीर्घा पास की सिफारिश भेज दी गई। लोकसभा के भीतर से जिन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# पीएम ने बघेल से पूछा हाल, मंच पर छाए रहे ईश्वर साहू



**रायपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दो उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय बघेल ने अपने पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर बैठे सभी लोगो का अभिवादन किया। मोदी मंच के एक एक कर अभिवादन करते हुए आगे बढ़े। तब उनकी नज़र पहली पंक्ति में ही बैंठे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पड़ी। बघेल को देखते ही पीएम मोदी ने उनसे हाल साल पूछते हुए कहा क्या बघेल जी? जिस पर भूपेश ने मुस्कुराकर उनका अभिवादन किया। पीएम ने आगे बढ़कर उनके साथ मिलाया और कंधा पर थपकी भी दी। तभी भीड़ ने जोरदार शोर भी मचाया। इसी तरह शपथ लेने के फ़ौरन बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी भूपेश बघेल से मिले। सबसे चौंकाने वाला दृश्य था भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के मंच में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सियासत के अपने धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के साथ भी बड़े ही दोस्ताना अंदाज़ में दिखे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी मंच ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## शपथ ग्रहण समारोह में हर मठसंप्रदाय के साधु-संत हुए शामिल

भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान साधु समाज को विशेष उपस्थिति और मंच प्रदान किया गया था। साधु संतों की उपस्थिति ने वातावरण को गरिमामय कर दिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ में सभी मठों, संप्रदायों के साधु-संतों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इसमें जांजगीर-चांपा के रामनामी संप्रदाय से लेकर सभी पंथ के साधकों को भी आमंत्रित किया गया।

## शपथ ग्रहण समारोह में मोदी का मुखौटा लगाकर आई महिलाएं



शपथ ग्रहण समारोह में हजारों की संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुखौटा लगाकर आई थीं इन महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह छलक रहा था। महिलाओं ने बताया कि हम लोग आज खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त कर रहे हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### मुख्तार अंसारी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बांदा जेल में बंद गैंगस्टर से राजनेता बने पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी को गैर भारतीय जनता पार्टी शासित किसी राज्य में स्थानांतरित करने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस मामले में विचार करने से इनकार कर दिया।

### पैसे की लूट मुद्दे पर खडगे ने मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह बार बार पैसे की लूट की बात करते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि सरकारी बैंकों में लूट किस वजह से हो रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी पैसे की लूट की बात कर रहे हैं तो लगे हाथ, ये बता दें कि 16,663 जानबूझकर बैंकों का कर्ज नहीं लौटने वालो ने बैंको को 3.35 लाख करोड़ रुपए का चूना कैसे लगाया। श्री खडगे ने पूछा क्या कारण है कि 214-15 के बाद से बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट ऋण खत्म करना था , 1.42 लाख करोड़ रुपये का पर वास्तविक ऋण वसूली 1.61 लाख करोड़ रुपये ही क्यों रही। क्यों सरकारी लूट के कारण आज खुदरा महंगाई दर 5.5 प्रतिशत पर है और 74 प्रतिशत भारतीय पौष्टिक आहार से वंचित हैं।

### डल झील के सिकुड़ने की जानकारी आई सामने

**जम्मू**। राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एक व्यापक अध्ययन में डाच्छीगाम राष्ट्रीय उद्यान के जलग्रहण क्षेत्र के भीतर कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील और अन्य जल निकायों के आकार में महत्वपूर्ण कमी के बारे में चौंकाने वाले निष्कर्ष सामने आए हैं।

# मोहन यादव ने ली मप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**भोपाल**, 13 दिसंबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश को आज अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। मोहन यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में सीएम पद की शपथ ली। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. सीएम मोहन यादव के साथ दो डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला ने भी पद की शपथ ली। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद बीजेपी आलाकमान ने मोहन यादव को सीएम पद के लिए चुना। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से बीजेपी विधायक हैं और राज्य में बड़ा ओबीसी चेहरा हैं। उनको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी माना जाता है।

# 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली**, 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। राज्यसभा ने बुधवार को निरसन और संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिया। यह विधेयक 76 ऐसे कानूनों को रद्द करने की बात करता है जो अब प्रचलन में नहीं हैं। यह विधेयक दशकों पुरानें टेलीग्राफ वायर कानून, भूमि अधिग्रहण (खान) कानूनों को निरस्त करने की एक पहल है। गौरतलब है कि लोकसभा इस महत्वपूर्ण विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को राज्यसभा में निरसन और संशोधन विधेयक 2023 विचार व पारित करने के लिए पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य 76 अधिनियमों को निरस्त करने के साथ-साथ एक अधिनियम में संशोधन करना है। केंद्र सरकार का मानना है कि पुराने अप्रचलित कानून को रद्द करने की पहल से सामान्य लोगों का जीवन सुगम बनता है। बुधवार को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया यह विधेयक भी जनजीवन एवं व्यापार की सुगमता बढ़ाने की दिशा में किया गया एक और प्रयास है। जहां राज्यसभा ने 13 दिसंबर को यह विधेयक पास किया है, वहीं लोकसभा 27 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी है। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में 65 पुराने कानूनों को खत्म करने के लिए निरसन और संशोधन विधेयक पेश किया था। लेकिन यह विधेयक विभिन्न सत्रों में चर्चा के लिए नहीं आ सका। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कई ऐसे कानून है जिनका अब कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने टेलीग्राफ एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि टेलीग्राफ एक्ट में कहा गया है कि कोई व्यक्ति अपने पास टेलीग्राफ की तार नहीं रख सकता, ऐसा करने वाले व्यक्ति को सजा मिलेगी।

■ लोकसभा में 27 जुलाई को इस विधेयक को मिल चुकी है मंजूरी

### प्रदूषण रोकने के लिए न्यायिक निगरानी जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उन फसल अवशेषों को जलाना बंद होना चाहिए, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, ताकि लोगों को हर सर्दी के मौसम में एक जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

अदालत ने इसे सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक निगरानी की जरूरत पर जोर दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने पाया कि अब भी खेतों में पराली जलाए जाने की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने संबंधित राज्य सरकारों को प्रदूषण रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।

## नारायणपुर में नक्सलियों के हमले में जवान शहीद



**नारायणपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। नारायणपुर के आमदई माइंस की सुरक्षा में लगे जवानों को नक्सलियों ने एक बार फिर अपना निशाना बनाया है। आईईडी ब्लास्ट में एक जवान बलिदान और एक जवान घायल हो गया। माइंस में जगह-जगह आईईडी लगाने की नक्सलियों ने भी चेतावनी दी थी। इससे पहले आईईडी ब्लास्ट में दो मजदूरों की मौत हो गई थी। बलिदान जवान कमेलश साहू जांजगीर चांपा जिले के हसौद गांव का रहने वाला था।

बस्तर आईजी पी सुंदर राज ने बताया कि नारायणपुर के थाना छोटेडोंगर क्षेत्र अंतर्गत अमदाई खदान में सोमवार को करीब 11ः00 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट और फायरिंग की। जवाब में सुरक्षा बलों द्वारा फायरिंग की गई। नक्सलियों के हमले छ्त्तीसगढ़ के 9वीं वाहिनी का एक जवान आरक्षक कमलेश कुमार बलिदान हो गए। एक जवान आरक्षक विनय कुमार को मामूली चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है। आसपास क्षेत्र में पुलिस बल, डीआरजी और आईटीबीपी द्वारा जांच की जा रही है।

## बस के ड्राइवर को दौरा पड़ने से हादसा, चार की मौत

**ग्रेटर नोएडा**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर बुलंदशहर डिपो की बस की टक्कर से तीन बाइक पर सवार जीजा-साले समेत 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के वक्त बस के ड्राइवर को सामान्य दौरा पड़ गया था। जिसकी वजह से वह बेहोश हो गया। जिसके चलते ही यह भीषण हादसा हो गया। घटना के वक्त तीनों बाइक बस के सामने चल रही थी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही बस के ड्राइवर को भी ग्रेनो के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी छुट्टी दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर

# अब शुरू हुई लोकसभा चुनाव की तैयारी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिए निर्देश

**रायपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। 19 मई से पहले होने वाले चुनाव के लिए मार्च के दूसरे या तीसरे हफ्ते लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी कवायद शुरू कर दी है।

सीईओ रीना बाबा साहब कंगाले ने कलेक्टरों को पत्र भेजकर चुनाव आयोग की गाइड-लाइन व तय समय सारिणी के अनुसार करने के निर्देश दिए हैं। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए वोटरों के नाम भी जोड़े जाएंगे। इसके अलावा पहली बार वोटरलिस्ट में नाम जोड़ने, काटने हटाने, स्थानांतरित करने, संशोधित करने का काम भी बूथों पर व ऑनलाइन किया जाएगा।

वोटरलिस्ट को अपडेट करने का काम 6 से 22 जनवरी तक चलेगा। इसके पहले 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 8 फरवरी को फाइनल वोटरलिस्ट जारी होगी। बता दें कि प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटें हैं। इनमें से 6 अनारक्षित और 5 आरक्षित हैं।

# ट्रेन में वेटिंग क्लियर नहीं हुआ तो राष्ट्रीय जिमनास्टिक खिलाड़ियों को करना पड़ेगा जनरल कोच में सफर!

## 18 से 23 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित जिमनास्टिक की राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

- आज संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना होगी छत्तीसगढ़ की टीम
- पालको एवं खेल संघो की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांग-खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त स्लीपर बोगी की हो व्यवस्था



**गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की 13 छात्राओं सहित छत्तीसगढ़ के 51 जिमनास्टिक खिलाड़ी करेंगे राज्य का दिल्ली में प्रतिनिधित्व**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। अगर पिछली बार की तरह इस बार भी ट्रेन में रिजर्वेशन का वेटिंग क्लियर नहीं हुआ तो गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की 13 राष्ट्रीय जिमनास्टिक खिलाड़ी सहित छत्तीसगढ़ के 51 राष्ट्रीय जिमनास्टिक खिलाड़ियों को जनरल कोच में सफर करना पड़ेगा! इस भीषण ठंड में यदि जिमनास्टिक खिलाड़ियों को जनरल कोच में सफर करना पड़ गया तो वे दिल्ली में किस तरह से अपना सफलतम प्रदर्शन कर पाएंगे? यह बड़ा सवाल है।

विभिन्न खेल संघो एवं जिमनास्टिक खिलाड़ियों के पालकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साव एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांग की है कि डीआरएम बिलासपुर तथा जोन प्रबंधक बिलासपुर समन्वय बनाकर संपर्क क्रांति में अलग बोगी की व्यवस्था की जाए ताकि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने जा रहे राष्ट्रीय जिमनास्टिको को किसी तरह की कोई असुविधा एवं कष्ट यात्रा के दौरान ना हो। दरअसल खेल एवं खिलाड़ियों से जुड़ा यह संवेदनशील मामला आगामी 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता को लेकर है जहां जिमनास्टिक के 14 ,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के जिमनास्टिक खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होना है।

इसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की 13 जिमनास्टिक खिलाड़ियों सहित छत्तीसगढ़ के 51 खिलाड़ी जो अलग-अलग जिलों से है को भाग लेना है। 51 खिलाड़ियों का यह दल आगामी 14 दिसंबर को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना होगी। जो कि गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले सहित छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है परंतु राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 51 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की समस्या यह है कि उनके दल प्रबंधक ने स्लीपर कोच में जो रिजर्वेशन कराया है वह वेटिंग टिकट है। बताया जाता है कि यह वेटिंग टिकट क्लियर होगी कि नहीं इसमें अभी संदेह है तथा ट्रेन रवाना होने के आखिरी समय में चार्ट जारी होने के बाद ही पता चलता है कि ट्रेन की वेटिंग क्लियर हो पाई है या नहीं? इस स्थिति को भांपते हुए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के पालक चिंतित हैं क्योंकि इस भीषण ठंड में यदि खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की रिजर्वेशन वेटिंग क्लियर नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन पिछड़ी बार की तरह इस बार भी जनरल कोच में सफर करना पड़ेगा जो उनके लिए अत्यंत कष्टदायक होगा। बताया जाता है कि इसी तरह की स्थिति गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले सहित छत्तीसगढ़ के जिमनास्टिक खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को बीते जून माह में दिल्ली में आयोजित जिमनास्टिक की राष्ट्रीय साल क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद वापस लौटते समय झेलना पड़ा था। पिछली बार की यात्रा में भी वेटिंग क्लियर नहीं होने के कारण भीषण गर्मी में जिमनास्टिक खिलाड़ियों को जनरल कोच में सफर करना पड़ा था जिसे अनेक छात्राएं बीमार हो गई थी और जिमनास्टिक खिलाड़ियों के पालकों ने स्कूल प्रबंधन पर घोर आपत्ति एवं नाराजगी व्यक्त की थी। जानकारी मिली है कि इस बार 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय साल क्रीडा प्रतियोगिता में जाने और आने के लिए संपर्क क्रांति में दल के प्रबंधक द्वारा जो रिजर्वेशन कराया गया है वह वेटिंग टिकट है तथा वेटिंग क्लियर नहीं होने पर खिलाड़ी छात्रों को भीषण ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### खिलाड़ियों के लिए संपर्क क्रांति में अतिरिक्त बोगी लगाए जाने की मांग

राष्ट्रीय जिमनास्टिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में 51 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की वेटिंग टिकट को देखते हुए राज्य के खेल संघो एवं खिलाड़ियों के पालकों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री विष्णु देव साईं एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से आग्रह किया है कि जिमनास्टिक खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को यात्रा के दौरान होने वाली असुविधाको देखते हुए संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास की अतिरिक्त बोगी का प्रबंध किया जाए तथा इसके लिए डीआरएम बिलासपुर एवं जोन प्रबंधक बिलासपुर से समन्वय स्थापित किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को असविधा का सामना न करना पड़े।

### विलंब से कराया गया रिजर्वेशन जिसके कारण मिली वेटिंग टिकट

यहां पर उल्लेखनीय है कि जिमनास्टिक के 14 ,17 एवं 19 वर्ष आयु समूह के लिए आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के समापन के बाद 23 24 नवंबर के आसपास दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की सूची जारी लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा कर दी गई थी तथा इसके लिए तिथि भी आ गई थी इसके बावजूद समय पर रिजर्वेशन ना कराए जाने के कारण 51 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के लिए वेटिंग टिकट ही मिल सकी। यदि समय पर टिकट कर ली गई होती तो संसार की यह स्थिति निर्मित नहीं होती।

# प्रधानमंत्री की उपस्थिति में विष्णु देव साय ने ली छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ



### जिले के विभिन्न ग्रामों में भी ग्रामवासियों ने टीवी के माध्यम से देखा नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री साय का शपथ ग्रहण समारोह

**रायगढ़**, 13 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जे.पी.नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा ने ईश्वर के नाम से पद एवं गोपनीयता की शपथ हिन्दी में ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह एवं भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, पूर्व सांसद ओम माथुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने किया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में शहरवासी एकजुट हुए थे। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, श्रीमती शीला तिवारी, सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह जिले के नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न स्थानों में लोगों ने टीवी के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम को बड़ी उत्सुकता के साथ देखा।

# आज भी महिलाएं असुरक्षित- मधुलिका




**तखतपुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय जे. एम.पी. महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विवेक पांडेय एवं प्राचार्य का पौधे भेंटकर स्वागत किया गया।राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ मीना शर्मा ने अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए स्वागत किया। राजनीति विज्ञान की सहायक प्राध्यापक सष्मिता बारगाह ने मानवाधिकार क्या है ,इस पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मधुलिका लाल ने कहा कि मानवाधिकार के तहत् महिलाओं को अधिकार तो मिले हैं परंतु आज भी कहीं ना कहीं महिलाओं कीअसुरक्षित हैं इसके साथ ही साथ बाल श्रम पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। अधिवक्ता विवेक पांडे ने संविधान के द्वारा मानव को दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों पर अपने विचार रखें। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर ने बताया कि मानव संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत् मानवाधिकार दिए गए हैं। मानव अधिकार ऐसे अधिकार है जो प्रत्येक नागरिक को मनुष्य होने के नाते प्राप्त होते हैं भले ही उसकी राष्टीयता, लिंग, धर्म, जाति, सामाजिक और आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ.अनीता बरगाह ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# सरकार बदलने के साथ ही एकलव्य विद्यालय डोंगरिया व लाटा से निकाले गए 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी

### निकाले गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यों की खोली पोल

### एक से डेढ़ लाख तक की वसूली कर प्राचार्यों ने की थी भर्ती, अब सेटअप नहीं है कह कर निकाल दिया



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के साथी गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के एकलव्य विद्यालयों में एक साथ 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाल दिया गया है जहां एक ओर एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य एवं सहायक आयुक्त इन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नौकरी से निकल जाने का कारण सेटअप नहीं होना बता रहे हैं वही निकाल गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने इन एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यों पर एक से डेढ़ लाख लेकर नौकरी देने की बात कही है ऐसे में उन्हें अपने नौकरी से निकाल जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त कार्यालय का घेराव कर दिया। 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के निकाले जाने के बाद बीते वर्षों में एकलव्य विद्यालयों में की गई दैनिक वेतन भोगी भर्ती घोटाला सड़क पर आ गया है। दरअसल आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में चल रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय डोंगरिया एवं लाटा से एक साथ 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाले जाने के बाद आज इन सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गौरेला पेंड्रा मरवाही कार्यालय का घेराव कर दिया था तथा स्वयं को नौकरी पर रखे जाने की मांग कर रहे थे। निकाले गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें नौकरी पर रखा जाए या उनसे नियुक्ति के लिए लिया गया पैसा वापस दिया जाए । दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कार्य से निकाले जाने की वजह उन्हें सिर्फ यही बताई गई कि नई सेटअप में उनसे कार्य नहीं लिया जा सकता। यह सभी कर्मचारी 3 से 7 वर्षों से एकलव्य विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे थे जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने चौकीदार भृत्य, प्लंबर ,सफाई कर्मचारी रसोईया जैसे पदों पर रखा था?। नौकरी से निकल जाने के बाद सभी कर्मचारीयों मैं परियोजना प्रशासक कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को अपनी आप बीती बताई पर प्रशासन ने कर्मचारियों की सभी मांग और उनकी बातों को एक ही बात में खारिज कर दिया कि नए सेटअप के अनुसार उन्हें कार्य पर नहीं रखा जा सकता। कार्य से निकाले जाने के बाद पीड़ित कर्मचारियों ने एकलव्य आवासीय विद्यालय डोंगरिया के प्राचार्य अनिल वर्मा एवं एकलव्य विद्यालय लाटा के प्राचार्य श्री कुर्रे पर आरोप लगाया कि जब उन्हें नौकरी में रखा गया तब प्राचार्यों ने उनसे मोटी रकम ली थी। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनसे इन प्राचार्ययों ने 80000 से डेढ़ लाख रुपए तक की मोटी रकम वसूली है तथा उन्हें नौकरी पर रखे जाने एवं नियमित कर देने के लिए यह पैसा लिया गया था परंतु अब उन्हें निकाले जाने से उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। निकल गए इन कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने खेत बेचकर या ब्याज पर पैसे लेकर इन प्राचार्यों को पैसे दिए थे हालांकि इन्हें मिलने वाला मानदेय भी काफी कम था पर नौकरी में स्थाई करने के एवज में सभी ने रुपए दिए थे ग्रामीणों ने यह पैसे जमीन बेचकर ,जमीन गिरवी रखकर या किसी से उधार पैसा लेकर प्राप्त की थी अब नौकरी से निकल जाने के बाद सभी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि अब जब उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### विधायक धर्मजीत का नगर आगमन आज

**तखतपुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का प्रथम आगमन 16 दिसम्बर को तखतपुर क्षेत्र के उस्लापुर ओवरब्रिज एवं सकरी होते हुए तखतपुर पहुंचेगी जहां कार्यकर्ताओं और नगरवासीयों के द्वारा जगह जगह स्वागत कर कार्यक्रम का समापन महाराणा प्रताप चौक पर होगा।

### गैस सब्सिडी पाने लगी लंबी कतार

**तखतपुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। गैस सिलेण्डर की सब्सिडी पाने के लिए इन दिनों ई केवाइसी के लिए गैस कनेक्शन धारी एचपी गैस कार्यालय के बाहर लाईन लगकर केवाइसी करा रहे है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दोनों राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषणा की गई थी कि गैस सिलेण्डर में सब्सिडी दी जाएगी छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद जनता को भरोसा है कि घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुसार सब्सिडी में सिलेण्डर मिलेगा। केंद्र सरकार गैस सिलेण्डर देने की तैयारी कर रही है इसके लिए घरेलू गैस कनेक्शन धारी गैस एजेंसी के आफिस में लाईन लगकर ई केवाइसी करा रहे है। ताकि पात्र हितग्राहियों को सब्सिडी का लाभ मिल सके नगर में एचपी गैस कनेक्शन धारी लगभग 4 हजार है। जिसमें लगभग 3 हजार कनेक्शन धारीयों ने ई केवाइसी करा ली है ऐसे कनेक्शन धारी जो ई केवाइसी नही कराते है उनका भविष्य में गैस कनेक्शन निरस्त हो जाएगा। वर्तमान में 31 दिसम्बर तक सभी गैस कनेक्शन धारी को ई केवाइसी कराना अनिवार्य है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ 13419 / वा. अपर कले./ विवाह अधि./ 2023
जांजगीर, दिनांक 04/12/2023

इस न्यायालय में विवाह पंजीयन प्रकरण क्रमांक 13/ब-121/ 2023-2024 साकिन मड़वा तहसील जांजगीर आवेदक प्रताप सिंह उम्र 24 वर्ष पिता श्री घुराऊ जाति गांड़ा निवासी मड़वा तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. सुनीता केंवट उम्र 28 वर्ष पिता श्री पुनीराम जाति केंवट निवासी मड़वा तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 17/01/2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील **विवाह अधिकारी जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शपथ ग्रहण में ...**

खुशियां साझा की। गौरतलब है कि साय के शपथ ग्रहण समारोह में उनके गृह जिले जशपुर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। साथ ही उनके गांव बगिया में लोगों ने उनके शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण देखा।

**आज होगी कैबिनेट की ...**

घर में पूजा-अर्चना की और रायपुर के भगवान जगन्नाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना की थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत करते हुए सभी का धन्यवाद दिया। विष्णुदेव साय ने जनता का अभार जताते हुए कहा कि आज शपथ ग्रहण के बाद पहला दिन था, इसे लेकर सभी मंत्रालय आये हुए थे। कल कैबिनेट की बैठक होगी जिसमें विस्तार से चर्चा होगी। ये पूछे जाने पर कि सरकार की प्राथमिकताएं क्या होगी। उन्होने कहा कि कल कैबिनेट की बैठक में प्राथमिकताएं तय की जायेगी। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में नये मुख्यमंत्री ने कहा कि इंतजार कीजियेञ्इंतजार कीजिये, मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी सभी को पता है। कल कैबिनेट की बैठक में प्राथमिकताओं के आधार पर निर्णय लिये जायेंगे।

**पीएम ने बघेल से पूछा ...**

पर थे। इधर शपथ से पहले वहां विधायकों के लिए बने मंच पर साजा विधायक ईश्वर साहू छाए रहे। समारोह में पहुंची जनता ने भी उनका नाम पुकार कर कार्यक्रम में खूब जोश भरा। बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, विक्रम उसेंडी और अजय चंद्राकर जैसे वरिष्ठ नेता भी उनके साथ जनता का अभिवादन करते नजर आए।

**शपथ ग्रहण समारोह में मोदी का ...**

उन्होंने संसद में महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करा महिलाओं की मजबूती का रास्ता तैयार कर दिया है। महतारी वंदन योजना उन्होंने लाई है। इससे विवाहित महिलाओं को सालाना बारह हजार रुपए वार्षिक मिलेंगे।

**संसद की सुरक्षा में फिर...**

तानाशाही नहीं चलेगी के लगा रहे थे नारे

इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं कार्यवाही के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने बताया कि दोनों युवकों ने हाथ में आंसू गैस का कनस्तर बांध रखा था। एक युवक ने गैस छोडी तो दूसरा इस दौरान बेंच को ठोकते हुए नारेबाजी कर रहा था। ये लोग तानाशाही नहीं चलेगी का नारा भी लगा रहे थे। उल्लेखनीय है कि आज संसद पर हमले की 22 वीं बरसी थी। ठीक इसी दिन सुरक्षा में इतनी बडी चूक हैरान कर देने वाली घटना है। टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने इस घटना के बारे में बताया कि यह उनका काफी डरावना अनुभव था। वहीं बसपा से निलंबित सांसद दानिश अली ने ने कहाकि दोनों युवकों को पकड़ लिया गया और उन्हें सुरक्षा बलों को सौंप दिया गया। कांग्रेस के कार्ति चिदम्बरम ने इसे घटना को संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया।

**पुलिस कर रही है पूछताछ**

मालूम हो कि कुछ सांसदों ने बड़ी दिलेरी दिखाते हुए खुद दोनों युवकों को कब्जे में लिया और फिर सुरक्षा बलों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पूरे संसद परिसर में हडकंप मच गया। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को संसद मार्ग थाने ले गई। जहां उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**इस घटना में छह लोग थे शामिल**

हाई सिक्योरिटी वाले संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस पूरी घटना में छह लोग शामिल थे, इनमें से पांच लोगों को पकड़ लिया गया है और एक की तलाश जारी है।

**पन्नू ने दी थी संसद पर हमले की धमकी**

अमेरिका में रहने वाले पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा था- हम संसद पर हमले की बरसी वाले दिन यानी 13 दिसंबर या इससे पहले संसद की नींव हिला देंगे। पन्नू ने संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरू के साथ एक पोस्टर जारी किया था।

**भाजपा सांसद की सिफारिश पर...**

युवको को गिरफ्तार किया है। उनके एक का नाम सागर शर्मा है,वह लखनऊ का रहने वाला है,जबकि दूसरे युवक का नाम मनोरंजन डी है और वह कर्नाटक के बेंगलुरू का निवासी है। वहीं संसद के बाहर से जिस युवक व युवती को गिरफ्तार किया गया है,उसमें युवती का नाम नीलम है,वह हरियाणा के जिंद की रहने वाली है,जबकि युवक अनमोल शिंदे महाराष्ट के लातूर का निवासी है। जांच में पता चला है कि चारों आरोपी एक दूसरे से पहले से ही परिचित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है मैं मनीष उभरानी (MANISH UBHRANI) पिता नारायण उभरानी (NARAYAN UBHRANI) निवासी वार्ड नं. 36, गुरूनानक चौक, धानमंडी के सामने, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम मनीष नारायण उभरानी (MANISH NARAYAN UBHRANI) को त्याग कर नया नाम मनीष उभरानी (MANISH UBHRANI) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मनीष उभरानी (MANISH UBHRANI) से ही जाना पहचान जावे।

**मनीष उभरानी**
(MANISH UBHRANI)
**वार्ड नं. 36, गुरूनानक चौक, धानमंडी के सामने, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है मैं सुखनंदन साहू (SUKHANANDAN SAHU) पिता खेलन साहू (KHELAN SAHU) निवासी मकान नं. 71, वार्ड नं. 13, लंघवा टोला, पथर्री, मुंगेली (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सुखानन्दन (SUKHANANDAN) को त्याग कर नया नाम सुखनंदन साहू (SHKHANANDAN SAHU) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुखनंदन साहू (SHKHANANDAN SAHU) से ही जाना पहचाना जावे।

**सुखनंदन साहू**
(SHKHANANDAN SAHU)
**मकान नं. 71, वार्ड नं. 13, लंघवा टोला, पथर्री, मुंगेली (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है मैं पुरूषोत्तम साहू (PURUSHOTTAM SAHU) पिता सुखनंदन साहू (SHKHANANDAN SAHU) निवासी मकान नं. 109, वार्ड नं. 13, लंघवा टोला, पथर्री, मुंगेली (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम पुरूषोत्तम (PURUSHOTTAM) को त्याग कर नया नाम पुरूषोत्तम साहू (PURUSHOTTAM SAHU) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पुरूषोत्तम साहू (PURUSHOTTAM SAHU) से ही जाना पहचाना जावे।

**पुरूषोत्तम साहू**
(PURUSHOTTAM SAHU)
मकान नं. 109, वार्ड नं. 13, लंघवा टोला, पथर्री, मुंगेली (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **घनश्याम शुक्ला पिता स्व. डी.डी.शुक्ला** निवासी हंसा विहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि अपने पुत्र का पुराना नाम SHRESHT SHUKLA को त्याग कर नया नाम SHRESHTHA SHUKLA रख लिया है। अत: आज से उसे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय एवम अन्य सभी दस्तावेजों में उसे उसके नए नाम SHRESHTHA SHUKLA पिता घनश्याम शुक्ला के नाम से ही जाना एवम पहचाना जावे।

**घनश्याम शुक्ला**
**हंसा विहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं साईना उभरानी (SAINA UBHRANI) पति मनीष उभरानी (MANISH UBHRANI) निवासी वार्ड नं. 36, गुरूनानक चौक, धानमंडी के सामने, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम साईना मनीष उभरानी (SAINA MANISH UBHRANI) को त्याग कर नया नाम साईना उभरानी (SAINA UBHRANI) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम साईना उभरानी (SAINA UBHRANI) से ही जाना पहचाना जावे।

**साईना उभरानी**
**(SAINA UBHRANI)**
**वार्ड नं. 36 गुरूनानक चौक, धानमंडी के सामने, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है मैं रामावतार कौशिक (RAMAVATAR KAUSHIK) पिता रामकुशल कौशिक (RAMKUSHAL KAUSHIK) निवासी मकान नंबर- 161, स्कूल मोहल्ला, अमसेना, सकर्रा, चकरभाठा कैंप, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम रामऊतार कौशिक (RAMAUTAR KAUSHIK) को त्याग कर नया नाम रामावतार कौशिक (RAMAVATAR KAUSHIK) रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम रामावतार कौशिक (RAMAVATAR KAUSHIK) से ही जाना पहचान जावे।

**रामावतार कौशिक**
(RAMAVATAR KAUSHIK)
**मकान नंबर- 161, स्कूल मोहल्ला, अमसेना, सकर्रा, चकरभाठा कैंप, बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**शहीद संतराम साहू स्मृति**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल**
जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Phone :- 07000321567 email id: bamchckasdol@gmail.com
क्र./ 2023-24 / एनएचएम/ लेखा / 1275 कसडोल, दिनांक 07/12/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति**

शहीद संतराम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल में वर्ष 2024-25 के लिये अधोहस्ताक्षर द्वारा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रसूता माता एवं अंत:रोगी विभाग में भर्ती मरीजों को भोजन प्रदाय हेतु प्रस्ताव पारित किया जाना है। निविदा विज्ञापन सूचना को प्रदेश स्तरीय बहु प्रशारित समचार पत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने की कृपा करेंगे। निविदा प्रपत्र शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500.00 (पांच सौ रूपये) मात्र है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.12.2023 को दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.12.2023 को शाम03:00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.12.2023को शाम04:30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि दिनांक 05.01.2024 को दोपहर 01:00 बजे।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है। जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जावेगी।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल**
**जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.)**

संवाद- 39092/1

# देश

उवाच

“जम्मू-कश्मीर पर एक के बाद विधेयक लाए जा रहे हैं, लेकिन यह सब कब लागू होगा और विधानसभा के चुनाव कब होंगे, इस पर सरकार चुप है। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि वह कब पीओके और अक्साई चीन लेंगे।

–सौगत राय, तृणमूल कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21`. | 1` `. |
| मुंबई | 29`. | 23`. |
| कोलकाता | 23`. | 13`. |
| चेन्नई | 27`. | 24`. |

# नई संसद भवन की सुरक्षा में चूक निंदनीय : कांग्रेस

## विपक्षी दलों ने संसद की नई इमारत से लेकर दर्शक दीर्घा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद पर हुए हमले की बरसी पर एक बार फिर सुरक्षा की बड़ी चूक सामने आई है। दर्शक दीर्घा से जिस तरीके से युवक चल रहे सदन के दौरान दर्शक दीर्घा से नीचे कूद कर सनसनी फैला दी। उससे सुरक्षा

**■ संसद पर हुए हमले की बरसी पर एक बार फिर सुरक्षा की बड़ी चूक सामने आने पर सरकार को घेरा**

व्यवस्था पर तो सवाल उठे ही लेकिन सांसदों ने संसद की नई बिल्डिंग से लेकर दर्शक दीर्घा पर सवाल उठा दिए। संसद की नई बिल्डिंग को लेकर पहले से भी कई नेता सवालिया निशान उठाते रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर नई संसद में दर्शक दीर्घा की ऊंचाई पुरानी बिल्डिंग की तुलना में कम क्यों रखी गई है। घटना के बाद संसद भवन के परिसर में ही सुरक्षा पर तमाम तरह के सवालिया निशान उठाने शुरू कर दिए। संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि नई संसद भवन की सुरक्षा में चूक की घटना निंदनीय है। उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजे मैंने यह मुद्दा उठाया। इस दिन, हमारे सुरक्षा बलों ने अपनी जान गवाई। वहीं बुधवार को भाजपा सांसद द्वारा दो लोगों को पास दिया गया। वे अंदर गए, सदन में (आगंतुक दीर्घा से) नीचे कूद गए...फिर उन्होंने धुएं वाले बम फेंके। यह एक घातक बम हो सकता था। गृह मंत्रालय और गृह मंत्री को इसका जवाब देना चाहिए। एलओपी ने यह सवाल उठाया लेकिन सरकार गंभीर नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका राजनीतिकरण किया जा रहा है, मैं भाजपा की निंदा करता हूं। वे संसद को सुरक्षित नहीं रख सकते, क्या वे दूसरा पुलवामा चाहते हैं?...हम विपक्ष के नेता के नेतृत्व में बाहर चले गए।

### किसी भी तरह की दर्शक दीर्घा में अब सुरक्षा के इंतजाम ही नहीं : सपा

समाजवादी पार्टी के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि जिस तरीके की घटना हुई वह दुखद है। बेपरवाह सुरक्षा इंतजामों के चलते किसी भी तरीके की बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी तरह की दर्शक दीर्घा में अब सुरक्षा के इंतजाम ही नहीं है। रामगोपाल यादव कहते हैं कि कुछ समय पहले तक दर्शक दीर्घा में सिविल ड्रेस में सुरक्षाकर्मी तैनात रहते थे। जो कि किसी भी तरीके की हलचल पर नजर रखते थे। बुधवार को हुई घटना बताती है कि दर्शक दीर्घा में सुरक्षा के इंतजाम कितने नाकाफी है। इस दौरान परिसर के भीतर कहीं सांसदों ने दर्शक दीर्घा और सांसदों के बैठने के बीच की दूरी भी कम होने की बात कही। सांसदों ने बुधवार को हुई घटना के बाद कहा की



**मामले का राजनीतिकरण किया जा रहा है, मैं भाजपा की निंदा करता हूं वे संसद को सुरक्षित नहीं रख सकते, क्या वे दूसरा पुलवामा चाहते हैं : प्रमोद तिवारी**

पुरानी बिल्डिंग में दर्शक दीर्घा और सांसदों के बैठने की बीच की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि किसी के लिए कूदना बहुत मुश्किल था। लेकिन नई बिल्डिंग में ऐसा नहीं है। इस वजह से यह बेहद रिस्की है। इस दौरान सुदीप बंदोपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सांसदों की सुरक्षा और प्रवेश द्वार पर भी लगी हुई भीड़ बताती है की कितनी लापरवाहियां हो रही है। जबकि परिसर के भीतर कुछ सांसदों ने तो फिर पुरानी मांग को दोहराते हुए सेंट्रल हॉल न होने की बात कही और घटना के पीछे नई संसद बिल्डिंग को ही दोषी ठहरा दिया है। बहुजन समाज पार्टी से निलंबित हुए सांसद दानिश अली कहते हैं कि जिस तरीके की घटना बुधवार को सदन में हुई वह बेहद हैरान करने वाली है। उनका कहना है कि यह बताता है कि किस तरीके की सुरक्षा व्यवस्थाएं होनी चाहिए। लेकिन सिक्योरिटी के लिए कोई भी इंतजामात नहीं हैं। दानिश अली कहते है कि चलते हुए सदन में दर्शक दीर्घा से किसी भी व्यक्ति का ऊपर से नीचे कूद जाना किसी भी तरीके की बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था। बसपा के ही सांसद मलूक नागर कहते हैं कि इस पूरी घटना के दौरान यह देखा जाना जरूरी है कि सांसदों के बैठने की जगह के बिलकुल ऊपर दर्शक दीर्घा कितनी सुरक्षित है। सदन के भीतर हुई इस घटना से पहले ट्रांसपोर्ट भवन के बाहर संसद भवन के गेट के पास भी दो लोग आतिशबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को सुरक्षा के प्रति गंभीर होने का आश्वासन दिया और कहा कि सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस गहन पड़ताल कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह मामला गंभीर है, लेकिन फिलहाल सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सब की चिंता थी कि वह धुआं क्या था, प्राथमिक जांच में वह साधारण धुआं है। उसकी चिंता की जरूरत नहीं, उसकी प्रारंभिक जांच की गई है।

### हाथ में कुछ था, जिससे आवाज आ रही थी : राजेंद्र अग्रवाल

पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने बाद में मीडिया को बताया कि एक व्यक्ति गैलरी से कूदा तो लगा कि शायद वह नीचे गिर गया है। तभी दूसरे व्यक्ति को दर्शक दीर्घा से कूदते देखा। इनमें से एक के हाथ में कुछ था, जिसमें पीले रंग का धुआं निकल रहा था, जबकि दूसरे के हाथ में कुछ था, जिससे पिट-पिट की आवाज आ रही थी। वे कुछ नुकसान नहीं कर पाए, उन्हें तुरंत काबू में कर लिया गया। हालांकि, उनका दर्शक दीर्घा से कूदना गंभीर विषय है। यह संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक है। जांच होगी और कार्रवाई होगी। दो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। एक आरोपी का नाम नीलम बताया गया है जो कि हिसार की रहने वाली हैं। वहीं दूसरे व्यक्ति का नाम अमोल शिंदे बताया गया है जो कि महाराष्ट्र के लातूर का है। गौरतलब है कि 2001 में 13 दिसम्बर की सुबह आतंक का काला साया देश के लोकतंत्र की दहलीज तक आ पहुंचा था। हमले में दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद के दो सुरक्षाकर्मी और एक माली मारे गए थे। उन्हें सभी सांसदों की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में कार्यवाही चल ही रही थी, तभी विजिटर गैलरी से एक अज्ञात व्यक्ति बीच सदन में आ धमका। इसको लेकर सदन में जोरदार हंगामा और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया।

## संसद से

### राज्यसभा ने संसद हमले में शहीद सुरक्षाकर्मियों को की श्रद्धांजलि अर्पित

राज्यसभा ने संसद पर आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को बुधवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सदन के समवेत होते ही कहा कि यह सदन 22 वर्ष पहले लोकतंत्र के मंदिर पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले में शहीद हुए जांबाज सुरक्षाकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि इन सुरक्षाकर्मियों ने अपनी बहादुरी से आतंकवादियों के हमले को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों से लोहा लेते हुए नौ सुरक्षाकर्मी शहीद हो गये। इन सुरक्षाकर्मियों ने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण बलिदान कर एक मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि इस घटना से आतंकवाद के सफाये का हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है तथा देश में लोकतंत्र भी और मजबूत होगा। इसके बाद सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।

### आईआईटी में खेल कोटा देने पर विचार

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे संस्थानों में खेल कोटा देने पर विचार कर रही है। प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य छात्रों पर प्रवेश परीक्षाओं का दबाव करना है। इसके लिए विभिन्न उपाय किये जा रहे थे। फिट इंडिया और खेलों इंडिया जैसे अभियान भी इसी दिशा में एक कदम है। वह कोचिंग संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या से संबंधित प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए कई प्रवेश परीक्षा होती हैं। इनमें प्रतिवर्ष लगभग 7 लाख स्कूली बच्चे बैठते हैं। उन्होंने सदस्यों की चिंताओं से सहमति जताते हुए कहा कि राजस्थान के कोटा में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अन्य राज्य सरकार ने भी कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने का प्रयास किया है। शिक्षा मंत्री धमेंद प्रधान ने कहा कि परीक्षाओं का दबाव घटाने लिए सरकार इंजीनियरिंग और मेडिकल तथा अन्य संस्थानों में खेल कोटा निर्धारित करने का विचार कर रही है।

### राज्यसभा में उठी डिजिटल लेनदेन में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने की मांग

राज्यसभा में बुधवार को सरकार से डिजिटल लेन देन में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने सभापति की अनुमति से उठाए गए मामलों के तहत इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में डिजिटल लेन देन बढ़ने के साथ इनमें लोगों के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार इन घटनाओं में 276 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि पढ़े लिखे और प्रौद्योगिकी में पारंगत लोग भी इन धोखाधड़ियों का शिकार हो रहे हैं।

### राज्य निशुल्क खाद्यान्न में मोटा अनाज जोड़ सकते हैं : गोयल

सरकार ने कहा है कि केंद्र की निशुल्क खाद्य वितरण व्यवस्था में राज्य सरकारें यदि और सामग्री निशुल्क देना चाहती हैं तो वह उसे सूची में शामिल करने के लिए स्वतंत्र है। उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को लोकसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण कर रही है और यदि राज्य गेहूं और चावल के बदले कुछ और उसमें शामिल करना चाहती है तो उन्हें इसकी छूट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें चाहे तो गेहूं और चावल के बदले अपने प्रदेश में मोटे अनाज का निशुल्क वितरण गरीबों में कर सकती है। राज्य खुद मोटे अनाज को निशुल्क वितरण की सूची में शामिल कर गरीबों में बांट सकते है। गोयल ने कहा कि नीति आयोग केंद्र और राज्यों से मिले सुझावों पर फैसला लेता है। उनका कहना था कि अब वह समय नहीं है जब राज्य के अधिकार नियंत्रित थे और उन्हें फैसले लेने के लिए योजना आयोग पर निर्भर रहना पड़ता था।

### ग्रामीणों की अनुमति के बिना अब नहीं किया जाएगा खनन : जोशी

सरकार ने कहा है कि देश में अवैध खनन की शिकायतें आ रही है और उसे रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां खनन हो रहा है वहां ग्रामीणों की अनुमति के बिना अब खनन नहीं किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने बुधवार को लोकसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि गांव के लोगों की अनुमति के बिना किसी भी स्तर पर खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी खनन का काम होगा उसके लिए पहले ग्रामीणों की अनुमति आवश्यक होगी। कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध खनन की शिकायतों पर रोक नहीं लगती है तो सरकार इस बारे में जारी 22 के दिशा-निर्देशों को फिर से जारी करेगी और उनका शक्ति से पालन हो इसे सुनिश्चित किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### एसआईए ने दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के विभिन्न जिलों में एसआईए की विशेष टीमों द्वारा सुबह तलाशी और छापेमारी की गई। छापेमारी के बारे में और भी जानकारियां सामने आ रही हैं।

### हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदेश भाजपा लाएगी आरोप पत्र

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा हर साल हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करती आई है। स्पष्ट आंकड़ों के साथ पार्टी ने राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर किया है। हेमंत सरकार के 4 वर्ष आगामी 28 दिसम्बर को पूरे होंगे। इस दृष्टि से इस वर्ष भी पार्टी जनता की अदालत में हेमंत सरकार की 4 वर्षों की नाकामियों, लूट, झूठ, भ्रष्टाचार को सटीक आंकड़ों के साथ लेकर जाएगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र तैयार करने की दृष्टि से एक 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है जिसके संयोजक पार्टी के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ.अरुण उरांव बनाए गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर में न्यूनतम तापमान में गिरावट

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर डल झील और अन्य जल निकाय में पानी जम गया। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। श्रीनगर में कल मौसम की सबसे सर्द रात रही। श्रीनगर का न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से (-) 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मौसम विभाग ने बताया कि गुलमर्ग में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर कर्नाटक विस में हंगामा

**बेलगावी।** कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को संसद भवन में सुरक्षा उल्लंघन को लेकर हंगामे के बाद कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही बाधित हुई और कांग्रेस तथा भाजपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसके कारण सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। संसद में सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले लोगों को पास देने के लिए उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की ओर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का नाम लेने के बाद सदन में हंगामा मच गया।

# धारा 370 पर शीर्ष अदालत के फैसले से लोग निराश : कांग्रेस

**श्रीनगर,** 13 दिसम्बर (एजेंयिसां)। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राज्य के लोग निराश हैं। वानी ने कुपवाड़ा जिले के सीमावर्ती शहर करनाह में मीडिया से कहा कि अनुच्छेद 370 के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लोगों को गहरी निराशा हुई है। खासकर,बाहरी लोगों के मामले में जिन्हें पहले यहां नौकरी पाने और जमीन खरीदने की अनुमति नहीं थी। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश सर्वोच्च हैं, लेकिन उन्हें जम्मू-कश्मीर में राज्य विधानसभा चुनाव कराने के लिए भी समय सीमा देनी चाहिए थी, जैसे उन्होंने सितंबर 2024 तक राज्य का दर्जा बहाल करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इसके लिए काम करना होगा क्योंकि भाजपा अब कुछ नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को कोई राहत दी गई है तो वह केवल कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई है। वानी ने कहा, कांग्रेस पार्टी गर्व से कहती है कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के लोगों को उन्होंने दिया था।



# बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा : माले

**दरभंगा,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने बुधवार को कहा कि बिहार को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकालने के लिए राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की जरूरत है। झा ने बुधवार को यहां जाति गणना एक विमर्श (सामाजिक आर्थिक रिपोर्ट : गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा के

**■ गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने के लिए बताया आवश्यक**

दुष्चक्र से निकलने का रास्ता क्या है) विषय पर बुधवार को लोकतांत्रिक नागरिक मंच के बैनर तले सीएम लॉ कॉलेज में आयोजित जन कंवेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में हुए जातीय गणना ने पूरे देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। झा ने कहा कि दलित वंचितों की भागीदारी-दावेदारी बढ़ाकर ही समतामूलक समाज बन सकता है। इस रौशनी में ही बाबा साहेब अंबेडकर ने जाति के विनाश की रूपरेखा प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आरक्षण के दायरे का विस्तार करना और गरीबी-बेकारी दूर करने के लिए विशेष ग्रांट की योजना सही है। इसके साथ ही सरकार को वास आवास,भूमि अधिकार,न्यूनतम मजदूरी आधारित मासिक मानदेय,सम्मानजनक पेंशन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मुकम्मल रोड मैप बनाना चाहिए। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश साफी ने कहा की जातीय गणना का कार्य सराहनीय है। गणना से आज यह साफ हो गया है की गांव में मजदूर या दलित पिछड़ी जाति के लोग आज भी सरकारी जमीन पर बसे हुए है। उन्होंने कहा की केंद्र की सरकार सिर्फ प्रचार करने वाली सरकार है। देश की स्थिति भयावह है।

### अब भूमि का सर्वे भी होना चाहिए


माले नेता ने कहा कि अब जाति गणना के साथ-साथ भूमि का सर्वे भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य की बहुतायत आबादी की पारिवारिक मासिक आमदनी 6000 से 10 हजार के करीब है जो यह दिखलाता है कि डबल इंजन की सरकार इस मामले में सफल नहीं रही है। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत के लिए विकसित बिहार जरूरी है, इसलिए केंद्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे। यह अभियान बिहार के आम लोगों का अभियान बनना चाहिए। छात्र-युवाओं को आगे आना चाहिए।

# डाकघर विधेयक जनता के अधिकारों का हनन : शशि थरूर

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा में कांग्रेस ने डाकघर विधेयक को जनता के अधिकारों का हनन बताते हुए बुधवार को कहा कि इसमें जन विश्वास को हटाया गया है और लोगों का पोस्ट ऑफिस में शिकायत करने का अधिकार खत्म कर दिया गया है। कांग्रेस के शशि

**■ नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी से भागने का सरकार पर लगाया आरोप**

थरूर ने विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक अंग्रेजों के समय का है लेकिन तब के कानून में जिम्मेदारी थी लेकिन वर्तमान कानून में जिम्मेदारी को खत्म कर दिया गया है और यदि किसी व्यक्ति को कोई नुकसान होता है तो उसकी भरपाई



**सेवाओं को लेकर होने वाली चूक से बचना चाहती है सरकार : शशि थरूर**

या उसको लेकर शिकायत करने की व्यवस्था इस विधेयक में नहीं की गई है। एक तरह से विधेयक में जनता को उनके शिकायत करने के हक से रोका गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक लाकर सरकार नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है।

सरकार सेवाओं को लेकर होने वाली चूक से बचना चाहती है, इसलिए विधेयक में जिम्मेदारी के नाम पर कुछ भी नहीं है। लोगों की शिकायत के निपटान के लिए सिर्फ कोर्ट ही एक मात्र माध्यम रह गया है। यदि जिम्मेदारी को कोर्ट पर ही छोड़ा जाता है तो इससे देश की न्यायपालिका में लोगों की समस्याओं का अंबार लग जाएगा। डाक विभाग को जिम्मेदार ठहराने का इस विधेयक में कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है।

### संविधान की धारा 14 का बताया उल्लंघन

थरूर ने इसे संविधान की धारा 14 का उल्लंघन बताया और कहा कि भारतीय डाक विभाग की तुलना में निजी कोरियर सेवाएं ज्यादा प्रभावी हो रही हैं और इस विधेयक के कारण उन पर लोगों का डाकघर की तुलना में ज्यादा विश्वास बढ़ेगा जो सही नहीं है। उनका कहना था कि 1898 के विधेयक की तुलना में 2023 का डाक विधेयक जनता के हितों पर ज्यादा खतरा पैदा करता है।

# जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 को

**पटना,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस वर्ष 29 दिसम्बर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी कि बैठक बुलाई है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य आफाक अहमद खान ने बुधवार को यहां बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता संसदीय दल राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने 29 दिसम्बर 2023 को सुबह 11:30 बजे नई दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है। खान ने बताया कि इस बैठक में जदयू के सर्वोच्च नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल होंगे। इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बैठक में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर कोई बड़ा फ़ैसला ले सकते हैं। इस बैठक में 'इंडिया' गठबंधन में पार्टी की भूमिका को लेकर चर्चा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी कि बैठक सितंबर 2022 में पटना में हुई थी। इस बैठक में कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री कुमार को देश में विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए अधिकृत किया था।

# उत्तर प्रदेश-बिहार में क्या पर्ची वाले मुख्यमंत्री डालेंगे असर

■ अंबरीश कुमार

**भोपाल,**13 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में भाजपा ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना दिया तो लोग कहने लगे अब यूपी-बिहार में अहीर भाजपा के साथ चला जाएगा? यह ध्यान रखना चाहिए मुलायम सिंह यादव जैसे कद्दावर नेता बिहार में लालू यादव के गढ़ में कामयाब नहीं हो पाए न शरद यादव उत्तर प्रदेश में कोई चमत्कार दिखा पाए। ये दोनों राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता रहे और आंदोलन से निकले। दरअसल हर राज्य के जातीय समीकरण और जनाधार वाले नेताओं का चमत्कार भी अलग-अलग होता है इसलिए यह मुगालता पाल लेना ठीक नहीं कि मध्य प्रदेश का यादव नेता यूपी-बिहार में चमत्कार कर देगा। राजनीतिक विश्लेषक मणींद्र मिश्र के कहा, वर्ष 2002 में उत्तर प्रदेश में लालू यादव ने विधानसभा में बहुत से उम्मीदवार उतार दिए और खुद प्रचार करने भी आए पर मुलायम सिंह के आगे उनकी कुछ नहीं चली और वे नाकाम रहे इसलिए एक राज्य की राजनीति को दूसरे राज्य पर रख कर राजनीतिक समीकरण को नहीं समझा जा सकता है। यह एक उदाहरण था पर सभी को पता है बिहार में मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी भी कभी खड़ी नहीं हो पाई क्योंकि बिहार की राजनीति अलग है उनके नेताओं का करिश्मा भी अलग है। मुलायम सिंह यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आंदोलन और संघर्ष से निकले नेता रहे जिनका राजनीतिक प्रशिक्षण चौधरी चरण सिंह जैसे कद्दावर किसान नेता के दौर में हुआ। यूपी में एक तरफ बसपा के जरिए काँसीराम ने दलितों को एकजुट किया तो दूसरी दूसरी तरफ मुलायम ने पिछड़ों को और जब दोनों मिले तो नारा लगा, मिले मुलायम कासीराम-हवा हो गए जय श्री राम। यह नारा बाद में सपा बसपा को सत्ता में ले आया। यह संदर्भ सिर्फ इसलिए ताकि यूपी में धर्म और राजनीति के घालमेल के बावजूद जातीय समीकरण को समझने में मदद मिले। बार-बार लगातार ये दोनों दल सत्ता में आते रहे तो इन्ही दोनों कद्दावर नेताओं का असर था। इसलिए कागजी नेताओं से खासकर कागज की एक पर्ची पर नाम लिख कर लिफाफे में भेज देने से कोई जमीनी नेता नहीं बन जाता। यह प्रयोग मोदी ने किया है पर एक जमीनी पिछड़े नेताओ को हाशिये पर लाने के लिए पर किसी भी नेता के सम्मान को ठेस पहुंचाना भारी भी पड़ जाता है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने अखिलेश वखिलेश कह कर जो बदमजगी पैदा की थी उसने भी पिछड़ों को नाराज कर भाजपा की तरफ धकेल दिया था और आगे बढ़ती कांग्रेस को लेकर बहस दूसरी दिशा में चली गई। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा। दरअसल अहंकार से राजनीति ज्यादा दूर तक जाती नहीं है और मोदी की तो पूरी राजनीति ही अहंकार पर टिकी हुई है उनके समर्थक और बड़े अहंकारी हो गए है। पांच राज्यों के चुनाव में वोट कांग्रेस का बढ़ा पर अहंकार मोदी का बढ़ा।

**अहीर मुख्यमंत्री तो बना दिया पर जनाधार कैसे बनेगा**



नतीजा तीन हिंदी भाषी राज्यों में पर्ची वाले मुख्यमंत्री बन गए। लोकतांत्रिक राजनीति की जड़ों में मोदी ने मठ्ठा डाल दिया है। उसके बाद नादान लोग कहने लगे हैं कि पर्ची वाले मुख्यमंत्री की जाति के लोग यूपी बिहार में भाजपा को वोट देंगे। भाजपा को वोट धार्मिक गोलबंदी से ज्यादा मिलता है किसी सामाजिक समीकरण से कम यह समझना चाहिए। इसलिए पर्ची वाले मुख्यमंत्री का असर उसके खुद के राज्य में कितना पड़ेगा यह विचार करें फिर उसका प्रसार यूपी बिहार में करें।

बिलासपुर, गुरूवार 14 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी सेंध

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पार्टी के दो नवनिर्वाचित मुख्यमंत्रियों- मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर रहे थे, उसी दौरान नए संसद भवन को चार लोगों ने अपने निशाने पर ले लिया। इन लोगों ने लोकसभा के भीतर रंगीन धुआं छोड़ दिया। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से दो लोगों ने छलांग लगाकर साबित कर दिया कि देश की सबसे बड़ी पंचायत अब भी वैसी ही असुरक्षित है जिस प्रकार आज से ठीक 22 साल पहले थी जब इसी दिन पुराने भवन पर एक बड़ा आतंकी हमला हुआ था। संयोग से तब भी भाजपा की ही सरकार थी। हालांकि उस घटना और आज के घटनाक्रम के स्वरूप में बड़ा फर्क है लेकिन जो बात स्पष्ट तौर पर उभरकर आई है, वह यही कि सुरक्षा अब भी एक बड़ा मुद्दा है।

दोपहर करीब एक बजे आसंदी पर वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल विराजमान थे और पश्चिम बंगाल के माल्हदा के सांसद खरगेन मुर्मु अपने सवाल पूछ रहे थे। तभी एक व्यक्ति दर्शक दीर्घा से कूद पड़ा और नारे लगाता हुआ एक से दूसरी बेंच पर छलांगें लगाने लगा। वह अपने जूते से रंगीन धुंआ छोड़ने वाला स्प्रे निकालने के लिये प्रयासरत भी दिखा। उसके पीछे-पीछे एक महिला ने भी छलांग लगा दी। वे लोग नारेबाजी कर रहे थे। सदन में तैनात मार्शल तो बाद में हरकत में आये, कांग्रेस और बसपा के सांसदों ने घेराबन्दी कर उन्हें पकड़ लिया। तत्पश्चात मार्शलों के द्वारा वे पुलिस के हवाले कर दिये गये। इनकी जो शिनाख्त की गई है उसके अनुसार महिला का नाम नीलम (42) है, जो हिसार के रेड स्केवर की बताई गई है। दूसरा लातूर (महाराष्ट्र) का अमोल शिंदे (25) है। जब पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था, वह महिला 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'तानाशाही बन्द करो', 'मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार बन्द करो' जैसे नारे लगा रही थी।

यह समझने की बात है कि ये चारों पेशेवर अपराधी या प्रशिक्षित आतंकवादी नहीं हैं, बल्कि देश के मौजूदा हाल से त्रस्त आम आदमी के नुमाइंदे हैं। जिस तरह भगत सिंह ने असेंबली में बम फेंक कर अंग्रेजी हुकूमत के कानों तक विरोध की आवाज पहुंचाई थी, यह उसी तरह का काम था। हालांकि देश अब आजाद है और अपनी आवाज पहुंचाने के दसियों वैध तरीके हैं, इसलिए इस तरह के काम को किसी भी नजर से सही नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि यह सरकार के लिये सबक है कि लोगों को व्यथित करने वाले मुद्दों को संवेदनशीलता और वरीयता के साथ डील करना सीखे।

बेशक सुरक्षा में इस बड़ी खामी के जिम्मेदार सीधे-सीधे गृह मंत्री अमित शाह हैं। इन लोगों द्वारा किये गये इस कृत्य का वास्तविक उद्देश्य क्या था, यह तो पूछताछ से ही सामने आ सकेगा परन्तु जिस तरीके से सुरक्षा कवच को भेदा गया है वह अत्यंत चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि ये चारों लोग मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के पास पर संसद भवन के भीतर घुसे थे। इस घटना को इसलिये भी बड़ी चिंता का सबब मानना चाहिये क्योंकि वह दर्शाती है कि दो दशक पहले संसद भवन पर हुए हमले के बावजूद अब भी सरकार नहीं चेती है। कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पुष्टि की कि दोनों के पास रंगीन धुंआ छोड़ने वाले कुछ उपकरण भी थे। उन्होंने भी सुरक्षा में इसे गम्भीर चूक बतलाया है। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अच्छा हुआ कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

इसे पहले (2001) के मुकाबले इसलिये कोई कम बड़ा हादसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि उस घटना में हमला बाहर ही हुआ था। उस समय हमलावरों को पुलिस बल तथा सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी का परिचय देते हुए भीतर आने के पहले ही रोक दिया था। उन्हें अंदर तक न पहुंचने देने में कुछ पुलिस वालों ने अपनी जान तक न्यौछावर कर दी थी। तब सुरक्षाकर्मियों समेत 9 लोगों की जान गई थी। इस घटना में यह खैर रही कि वे कोई खतरनाक वस्तु लेकर अंदर नहीं आए। इससे सांसदों की जान को खतरा भी हो सकता था।

उल्लेखनीय है कि कुछ अरसा पहले से ही नये संसद भवन का इस्तेमाल हो रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था। बड़ी इवेंटबाजी के साथ प्रारम्भ हुए इस नये भवन का यह पहला ही शीतकालीन सत्र है। इस पर सजावट आदि पर तो खूब खर्च हुआ है, मोदी ने संविधान व राजदण्ड के प्रतीक सेंगोल वगैरह लाने के प्रपंच भी खूब रचे थे लेकिन लगता है कि सुरक्षा जैसे बेहद अहम मुद्दे पर उसका ध्यान नहीं है। फिर, यह सरकार हमेशा देश के सुरक्षित हाथों में होने की जो बात करती रही है, उसकी भी पोल खुल गई है। यह घटना बतलाती है कि सरकार की सुरक्षा व्यवस्था बेहद लचर है और देश के सांसद तक असुरक्षित हैं।

सबसे शर्मनाक मंज़र पेश किया वहां मौजूद मीडिया ने। रंगीन धुआं छोड़ता उपकरण पहले एक चैनल वाले के हाथ में लग गया जिसे उसने लाइव दिखाना शुरू कर दिया। टीआरपी की अपार सम्भावना को भांपते हुए तथा अन्य से पिछड़ने की आशंका के चलते चैनल वालों के बीच उसे लेकर शर्मनाक छीना-झपटी हुई। कोई भी अवसर को चूकना नहीं चाहता था जबकि वह उपकरण घटना का एक महत्वपूर्ण साक्ष्य था जिसका इस मामले की फोरेंसिक जांच-पड़ताल के लिये बहुत महत्व है।

बहरहाल, भाजपा के शासन में संसद पर हुए इस एक और हमले के बाद अब यह सवाल और महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या देश वाकई मजबूत हाथों में है।

# सब कुछ धुंधला है

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

सब कुछ धुंधला है, धुंधला है, मैं सारे ये गम भुला के घूम रहा, ये गीत पिछले साल आए एक अलबम का है और युवाओं के बीच खासा मशहूर है। इस गीत की जो शुरुआती पंक्तियां हैं, वो देश की सियासत और देश के भविष्य की सटीक बयानी कर रही हैं। राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर हम क्या थे, क्या बनाए जा चुके हैं और अब आगे कैसे होंगे, इस बारे में विचार करें तो वाकई सब धुंधला ही नजर आएगा। आज से 20-30-50 साल पहले के भारत को देखें और आज से उसकी तुलना ईमानदारी से करें तो पता चलेगा कि कैसे संविधान में वर्णित मूल्यों को बड़े शातिराना तरीके से किनारे करते हुए हिंदुत्व की जड़ें गहरी की गईं, फिर देश में नफरत की अमर बेल फैलाई गई और अब समाज में जो स्पष्ट विभाजन हो चुका है, उसे सामान्य साबित किया जा रहा है। और इसका दोष अकेले भाजपा या संघ पर नहीं डाला जा सकता, इस देश के जितने राजनैतिक दल हैं, कांग्रेस समेत, वो सब इसमें भागीदार रहे हैं। क्योंकि अगर भाजपा ने 90 के दशक में ऐलान किया था कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तो बाकी दलों ने भी अपनी कमियों और कमजोर फैसलों के कारण यह सुनिश्चित किया कि भाजपा मंदिर वहीं बनाए और केवल यहीं पर न रुके, बल्कि जम्मू-कश्मीर, मथुरा, काशी और इस तरह के तमाम मंसूबे जो नागपुर ने पाल रखे थे, उन्हें पूरा करके दिखाए।

देश में पिछले 10 सालों से भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। ये पूर्ण बहुमत भाजपा को 2014 में 31 प्रतिशत वोट के साथ मिला और 2019 में 38 प्रतिशत वोट के साथ। कांग्रेस समेत बाकी दल यही कहकर खुश होते रहे कि भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद बचे 60-70 प्रतिशत वोट हमारे पास रहे। लेकिन इन वोटों के बावजूद सत्ता क्यों नहीं मिली, क्यों विधानसभा चुनावों में जीत नहीं मिली, इस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। ये विचारधारा और राजनैतिक प्रतिबद्धता का धुंधलापन है, जिसे केवल भाजपा को भला-बुरा कहकर दूर नहीं किया जा सकता। उसके लिए विपक्षी दलों के पास स्पष्ट नजरिया होना चाहिए। खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि हाल में मिली विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद अपने प्रदर्शन को लेकर कोई गंभीर मंथन कांग्रेस में दिखाई नहीं दे रहा है। अभी कांग्रेस इसी में खुश है कि भाजपा को मुख्यमंत्री तय करने में एक हफ्ते से अधिक वक्त लग गया। भाजपा ने तीनों राज्यों में एकदम से नए चेहरों को लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठा दिया है, तो अब भाजपा में बगावत हो सकती है, इसी ख्याल से कांग्रेस प्रसन्न हो रही है। इसी को वैचारिक दिवालियापन या प्रतिबद्धता की कंगाली कहते हैं।

ये सही बात है कि धुंधलापन भाजपा के स्तर पर भी है। अगर दृष्टिकोण की स्पष्टता होती तो मुख्यमंत्री चयन में इतना वक्त नहीं लगता। जीते हुए विधायकों को यह तय करने दिया जाता कि उन्हें किसे विधायक दल का नेता चुनना है। मगर सत्ता के केन्द्रीकरण के आदी हो चुके प्रधानमंत्री मोदी और उनके सिपहसालार अमित शाह किसी भी तरह अपनी पकड़ कमजोर नहीं करना चाहते। इसलिए तीनों राज्यों में पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य दिग्गजों को प्रतीक्षा की कतार में छोड़कर नए चेहरों को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी। अब ये मुख्यमंत्री खुद को उपकृत मानते हुए आलाकमान के सामने वफादारी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की सभी सीटें अपनी पार्टी के खाते में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे। 2014 के बाद से ऐसा ही हुआ है कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में जीत मिली, फिर विधानसभाओं के जरिए राज्यसभा में पार्टी की ताकत बढ़ी, उसके बाद मनमाने फैसले लेने में आसानी हुई, फिर दोबारा लोकसभा में जीत मिली और फिर से विधानसभा चुनावों में जीत मिली है। यही क्रम चला तो अगले चुनाव यानी 2024 में भाजपा की जीत के दावे खारिज नहीं किए जा सकते। और अगर ये दावे सही हुए तो फिर उसके बाद के विधानसभा चुनावों में जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। यानी एक जीत से दूसरी जीत का मार्ग प्रशस्त होगा। उससे भाजपा की ताकत बढ़ेगी, लेकिन क्या देश ताकतवर बन पाएगा। क्या भाजपा की ताकत से डर कर चीन अरुणाचल से लेकर लद्दाख तक अपने कब्जे के इरादे को छोड़ देगा, क्या भाजपा की ताकत रुपए की ताकत बढ़ा देगी, क्या हमारे देश के विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के सम्मानजनक केंद्र बन जाएंगे, क्या खेतों में फसलें लहलहाने लगेंगी, क्या गंगा का मैल भाजपा की ताकत पाकर दूर हो जाएगा, क्या हिमालय की बर्फ इतनी सख्त हो जाएगी कि अपनी तराई में पल रहे गांवों की रक्षा कर सके, क्या हवा में घुला प्रदूषण भाजपा की आंधी से दूर हो जाएगा, क्या देश के युवाओं को नौकरी के लिए परीक्षा और नियुक्ति के इंतजार के जंजाल से आजादी मिल जाएगी। ऐसे सवालों की लंबी सूची है और जवाब तलाशने के लिए पिछले 10 सालों के भाजपा शासन को देखें तो निराशा ही होगी। जो काम 10 सालों में नहीं हुआ, वो अगले 10 सालों में भी कैसे हो पाएगा। कांग्रेस और बाकी सभी विपक्षी दलों को इन्हीं सवालों के साथ जनता के बीच जाना चाहिए।

> **पिछले 10 सालों से भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। ये पूर्ण बहुमत भाजपा को 2014 में 31 प्रतिशत वोट के साथ मिला और 2019 में 38 प्रतिशत वोट के साथ। कांग्रेस समेत बाकी दल यही कहकर खुश होते रहे कि भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद बचे 60-70 प्रतिशत वोट हमारे पास रहे। लेकिन इन वोटों के बावजूद सत्ता क्यों नहीं मिली,इस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया।**

मगर अभी फिर से विमर्श के मुद्दे भाजपा ही दे रही है, वही नैरेटिव सेट कर रही है। जैसे अभी संसद में केन्दीय गृहमंत्री अमित शाह ने पं.नेहरू की जम्मू-कश्मीर को लेकर गलतियां बताईं। एक उलझे हुए जटिल ऐतिहासिक मुद्दे का अति सरलीकरण करते हुए बताया कि केवल दो दिन नेहरू रुक जाते तो पीओके बनता ही नहीं। अमित शाह ने ये बात बिल्कुल मोदीजी की तर्ज पर कही। जैसे नोटबंदी के लिए श्री मोदी ने कह दिया था कि इससे भ्रष्टाचार दूर होगा, आतंकवाद खत्म हो जाएगा, काला धन मिट जाएगा। और जब कांग्रेस के सांसद के घर 3 सौ करोड़ से अधिक की नगदी मिलती है, तो श्री मोदी इसे कांग्रेस का भ्रष्टाचार बताते हुए ये बिल्कुल भूल जाते हैं कि इतनी नकदी मिलने का मतलब है नोटबंदी फेल हो गई है। कांग्रेस सांसद से पहले यूपी में इत्र के व्यापारी के घर भी ऐसे ही रकम पकड़ाई थी, मप्र में कुछ सरकारी अधिकारियों के घर ऐसे ही नोट निकले थे। यानी भ्रष्टाचार एक पार्टी तक सीमित नहीं है और इतनी आसानी से नहीं मिट सकता, जैसा प्रधानमंत्री मोदी दावा करते आए हैं। ऐसे ही जम्मू-कश्मीर की समस्या केवल पीओके बनने या अनुच्छेद 370 के कारण नहीं हुई, उसके लिए बहुत सारे अन्य कारक भी जिम्मेदार रहे, जिनका जिक्र अमित शाह ने अपनी राजनैतिक सुविधा के लिए नहीं किया।

राहुल गांधी ने कहा भी कि अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...। बिल्कुल सही कहा। लेकिन इससे आगे होना ये चाहिए कि अगर अमित शाह या भाजपा इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश में हैं, तो कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल उस कोशिश को रोकने में जुट जाएं। ये काम तथ्यों को जनता के बीच पहुंचाने से होगा। दस सालों में ये दिख गया कि मीडिया भाजपा के साथ है, सोशल मीडिया पर भी उसी का जोर है। तो फिर एक ही तरीका बचा है कि जनता तक सीधी पहुंच कायम की जाए। टीवी चैनल में दो-चार प्रवक्ता एंकरों को जवाब देते हैं और फिर उसकी वाहवाही सोशल मीडिया पर होती है, इससे कुछ हासिल नहीं होना है। इस समय पूरे इंडिया गठबंधन को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो जनता के बीच जाकर उन्हें तथ्यों के साथ इतिहास बताएं, संविधान में दिए गए उनके अधिकारों को आसान भाषा में समझाएं और ये भी बताएं कि मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में उनका कितना नुकसान हो चुका है और कितना नुकसान होगा। प्रो.मनोज झा, जवाहर सरकार, गौरव वल्लभ, आलोक शर्मा जैसे और लोग इंडिया को तलाशने होंगे, जो जनता को भाजपा की चालाकियां तथ्यों के साथ दिखा सकें। ये एक लंबी प्रक्रिया है, मगर राजनैतिक बदलाव जनता को साथ लिए बिना नहीं हो पाएगा। इसके अलावा कांग्रेस को सगों और ठगों का फर्क भी समझना होगा। क्या यह महज संयोग है कि कांग्रेस की हार के बाद ही शर्मिष्ठा मुखर्जी की अपने पिता प्रणव मुखर्जी पर लिखी किताब विमोचित होती है और उसके वही हिस्से मीडिया के जरिए चर्चा में आते हैं, जिन पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी और राजीव गांधी की आलोचना की गई है। क्या शर्मिष्ठा मुखर्जी के साथ पी.चिदम्बरम की तस्वीर कांग्रेस आलाकमान सहज ढंग से लेंगे या इसमें छिपे संदेश को समझेंगे।

ये वक्त सारे गम भुलाकर घूमने का कतई नहीं है, कांग्रेस और इंडिया को देश में छाए धुंधलेपन को किसी न किसी तरह दूर करना ही होगा।

# धारा 370 को सर्वोच्च न्यायालय ने किया निरस्त, पर अनेक मुद्दे रह गये अनुत्तरित

■ अरुण श्रीवास्तव

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर को अपने फैसले में संविधान की धारा 370 को निरस्त करने को बरकरार रखा, जिसके बहुआयामी निहितार्थ हैं। शीर्ष अदालत ने धारा 370 की उपधारा (बी) को हटा दिया, लेकिन उसने सीधे तौर पर यह घोषणा नहीं की कि धारा 370 का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। उपधारा (बी) के अस्तित्व समाप्त होने की पृष्ठभूमि में, यह माना जा सकता है कि धारा 370 अप्रचलित हो गई है और अस्तित्वहीन है।

बेशक, आरएसएस, भाजपा और मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की अपनी योजना की सफलता का दावा कर सकते हैं और इसे 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर सकते हैं। परन्तु संभवत: हिंदू मध्यम वर्ग के मतदाताओं और भक्तों के एक वर्ग के मानस को प्रभावित करने में सफल होने पर, यह निकट भविष्य में राजनीतिक कार्रवाइयों और जवाबी प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला शुरू कर देगा।

पीठ ने फिर भी फैसला सुनाया कि 'जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है' और 1947 के विलय पत्र के माध्यम से उसने भारत संघ को 'पूर्ण रूप से और अंतत: आत्मसमर्पित' कर दिया था, और धारा 370 एक अस्थायी उपाय मात्र था। निश्चित रूप से यह जम्मू-कश्मीर के आम लोगों की गलती नहीं है कि उनके पास 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं है जो अन्य राज्यों द्वारा प्राप्त संप्रभुता से अलग है। यदि जम्मू-कश्मीर ने पूरी तरह से और अंतत: आत्मसमर्पण कर दिया था, तो सरकार ने रक्षा, विदेशी मामलों और मौद्रिक लेनदेन को 370 के दायरे में क्यों रखा और बाकी सब कुछ स्थानीय प्रशासन पर छोड़ दिया, जिसे दिन-प्रतिदिन शासन करना था।

> **सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि अगस्त 2019 में धारा 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर को दिया गया केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक 'अस्थायी' उपाय था। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वह उग्रवाद और आतंकवाद को खत्म करने के लिए यह कदम उठा रही है। अब मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है, विशेषकर इसलिए कि सरकार द्वारा उठाये गये कदम को अस्थायी बताया गया था।**

ऐसी स्थिति में सभी निर्णय और प्रशासनिक कार्रवाइयां अप्रासंगिक मानी जायेंगी और उनकी कोई संवैधानिक या कानूनी वैधता नहीं होगी। संप्रभुता एक व्यापक शब्द है और यह भारतीय संदर्भ तक ही सीमित नहीं है। वास्तव में यह एक राजनीतिक अवधारणा है जो प्रमुख शक्ति या सर्वोच्च सत्ता को संदर्भित करती है। राजशाही में, सर्वोच्च शक्ति 'संप्रभु' या राजा में निहित होती है। आधुनिक लोकतंत्रों में, संप्रभु शक्ति लोगों के पास होती है और इसका प्रयोग प्रतिनिधि निकायों के माध्यम से किया जाता है। जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में एक विधानसभा थी, इसके सदस्यों का चुनाव राज्य की जनता द्वारा किया जाता था।

इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्रपति ने इसे रद्द करने का आदेश दिया। लेकिन उन्होंने गणतंत्रीय लोकतंत्र की रीतियों और मर्यादाओं का पालन करते हुए मोदी सरकार की कैबिनेट के सुझाव पर इसे मंजूरी दे दी। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि मोदी सरकार ने किसी गलत इरादे से यह कवायद नहीं की, बल्कि सरकार ने साफ शब्दों में सर्वोच्च न्यायलय को अपनी मजबूरियां बताईं, पर न्यायालयी आदेश में मजबूरी नहीं झलकती है।

चूंकि इस मामले में मोदी सरकार ने अपने कैबिनेट फैसले के साथ राष्ट्रपति से संपर्क किया था, जाहिर है, 'राष्ट्रपति को इस धारा के दूसरे प्रावधान के तहत राज्य सरकार की ओर से कार्य करने वाली राज्य सरकार या केंद्र सरकार की सहमति सुरक्षित करने की आवश्यकता नहीं थी।' 370(1)(डी) संविधान के सभी प्रावधानों को जम्मू और कश्मीर में लागू करते समय, क्योंकि शक्ति का ऐसा प्रयोग धारा 370(3) के तहत शक्ति के प्रयोग के समान प्रभाव रखता है, उसके लिए राज्य सरकार की सहमति या सहयोग आवश्यकता नहीं थी।'

सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि अगस्त 2019 में धारा 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर को दिया गया केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक 'अस्थायी' उपाय था। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वह उग्रवाद और आतंकवाद को खत्म करने के लिए यह कदम उठा रही है। अब मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है, विशेषकर इसलिए कि सरकार द्वारा उठाये गये कदम को अस्थायी बताया गया था। गृह मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में जारी एक हालिया बयान में स्वीकार किया गया है कि जम्मू और कश्मीर में 2018 से 2022 के बीच 761 आतंकवादी घटनाएं देखी गईं। इन सभी हमलों में 174 नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा राज्य में राजनीतिक अस्थिरता भी बनी हुई है। मोदी सरकार ने नेताओं का भरोसा खो दिया है। इनमें से कई लोग घर में नजरबंद रह रहे हैं।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि संविधान पीठ के न्यायाधीशों में से एक ने धारा 370 के निरस्तीकरण को बरकरार रखते हुए कम से कम 1980 के दशक से जम्मू-कश्मीर में 'राज्य और राज्य के बाहर के सक्रिय' तत्वों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच करने और 'सुलह के उपायों' की सिफारिश करने के लिए 'सच्चाई और सुलह आयोग' की स्थापना की सिफारिश की। यह कहते हुए कि 'आगे बढ़ने के लिए, घावों को ठीक करने की आवश्यकता है,' सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने कहा, 'स्मृति के लुप्त होने से पहले, इस आयोग का गठन शीघ्रता से किया जाना चाहिए। इसे समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं की एक पूरी पीढ़ी पहले से ही अविश्वास की भावनाओं के साथ बड़ी हुई है और क्षतिपूर्ति का हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य उन्हीं के प्रति है।'

हालांकि जम्मू-कश्मीर के लोग निराश हैं, लेकिन इस आदेश में आशा की एक उज्ज्वल किरण भी है। पीठ ने मोदी सरकार को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया है। यह 'जितनी जल्दी हो सके किया जाये' इसने कहा और साथ ही उसने चुनाव आयोग को 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू और कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने का निर्देश दिया।

एक बार जब कश्मीर के लोग अपने मार्गदर्शन और भविष्य का फैसला करने के लिए अपनी सरकार बना लेते हैं, तो वे घाटी में बाहरी लोगों के जमीन खरीदने के प्रावधान को खत्म कर सकते हैं। यह उन मुख्य कारकों में से एक है जिसने आरएसएस और भाजपा नेतृत्व को सुरक्षा प्रदान करने वाले 370 को निरस्त करने के लिए प्रेरित किया। यदि अदालत को लगता है कि धारा 370 में संशोधन के लिए संसद द्वारा धारा 367 का सहारा लेना 'संवैधानिक रूप से अमान्य' था तो वह इसे निरस्त करने की मंजूरी कैसे दे सकती है। इसने यह भी कहा कि धारा 370 को धारा 367 के तहत शक्ति के प्रयोग से संशोधित नहीं किया जा सकता है, जो केवल एक व्याख्यात्मक खंड है और कोई संशोधन शक्ति या प्रावधान नहीं है। ग़लत तो ग़लत है। 'दुर्भावनापूर्ण' राजनीतिक इरादे को रेखांकित करना बहुत मुश्किल है।

मोदी सरकार इस बारे में कोई ठोस और उचित स्पष्टीकरण नहीं दे सकी कि किस वजह ने उसे राज्य को विभाजित करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण था कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के विघटन पर निर्णय लेने में सर्वोच्च न्यायालय की अनिच्छा पर 'निराशा' व्यक्त की, और कहा कि वह धारा 370 को निरस्त करने के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमत है।

इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने जानना चाहा: 'कब तक केंद्र सरकार रिमोट कंट्रोल से राज्य पर शासन करने का इरादा रखती है? डर किस बात का है? सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में विरोधाभास है। हालांकि इसमें कहा गया है कि वे राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले की वैधता पर फैसला नहीं करेंगे। इसे एक खुला मामला घोषित करते हुए उन्होंने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने को उचित ठहराया।

दुर्भाग्य से कश्मीरी लोगों के घावों पर मरहम लगाने का अवसर खो गया है। कश्मीर के लोगों ने सब कुछ अपने भाग्य पर छोड़ दिया है। उन्हें सुरंग के अंत में प्रकाश की कोई झिलमिलाहट दिखाई नहीं देती। यही कारण है कि वे अच्छी या प्रतिकूल टिप्पणी करने से बचते रहे। शीर्ष अदालत के इस आदेश से राजनीतिक नेताओं और आम लोगों को राहत नहीं मिली है। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता फैसले के बाद के विकल्प तलाश रहे होंगे।

## पावन प्रसंग

# जो मर्म को छू जाए वही शिष्टाचार

एक कहावत है- दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करो जैसा कि तुम चाहते हो कि लोग तुम्हारे साथ करें। तुम नहीं जानते कि कोई तुम्हारे साथ अशिष्टता से पेश आए, तुम्हारा अपमान करे, तुम्हारी अवहेलना करे। यदि कोई ऐसा करता है तो तुम्हें बुरा लगता है। अत: सोचो कि जैसा तुम्हें इन बातों से बुरा लगता है, वैसे ही यदि तुम दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करोगे तो उन्हें भी बुरा लगेगा। अत: तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखो। यह साधारण कर्तव्य है, समझदारी है, मनुष्यता है। मनुष्य के चरित्र की सबसे बड़ी परीक्षा इसी के द्वारा संभव है कि उसका व्यवहार दूसरों के प्रति कैसा होता है?

शिष्ट आचरण और सद्व्यवहार से शिष्टाचार बनता है। जब हम अपने भाव एवं विचार से पावन एवं श्रेष्ठ होते हैं तो हमारा आचरण स्वाभाविक रूप से शिष्याचार से ओत-प्रोत हो जाता है। शिष्टता मानव जीवन का सौंदर्य है। इसका संबंध गहन स्वाध्याय, परम अनुशीलन, कठोर साधना और विद्यानुराग से है। विपरीत परिस्थितियों में अपने अस्तित्व को बचाए रखना शिष्टता के कारण संभव हो पाता है। शिष्टता प्रतिभा का एक अंतर्निहित नैसर्गिक तत्व है। इसे संरक्षित कर के भविष्य के लिए पोषक बनाना बार-बार के अभ्यास से आता है। निंदा-स्तुति की चिंता किए बिना शिष्टता अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है। मूल्यांकन करने के लिए कठोर तप का संदर्भ मूल्यवान बनाता है। जो जितना अधिक श्रेष्ठ रहता है, वह उतनी गहराई से पारदर्शिता की अनुभूति करता है।

किसी के मन का वास्तविक अध्ययन करने के लिए अंतर्मन की दृष्टि, परोपकारी वृत्ति और सरलता ही मूल आधार होते हैं। निर्मल दर्पण में ही पारदर्शी स्वरूप दिखाई पड़ता है। कवि भवभूति ने लिखा कि-मेरी रचनाओं का उद्देश्य विद्वानों की सूची में सम्मिलित होना नहीं है। यह आवश्यक नहीं है कि लोग मुझे श्रेष्ठ विद्वान कहें। मुझे विश्वास अवश्य है। आगे कहते हैं- फलप्राप्ति के लिए परम धैर्य धारण करना शिष्टता की श्रेणी में गिना जाता है। सम्यक नीर-क्षीर विवेक का मूल्यांकन करना वही जानते हैं जिनकी दृष्टि सत्य, न्यास से युक्त रहती है।

शिष्टता विनम्रता का ही एक रूप है। यह उत्तम ज्ञान एवं विद्या प्रदान करती है। शिक्षा शिष्टाचार के लिए उतनी उपादेय नहीं है, जितनी विद्या। जब विद्या की शिष्टता जीवन को आत्मसात करने लगती है, तब जीवन विकसित होने लगता है। असाधारण स्मरण शक्तियां, बुद्धि की कुशाग्रता ही शिष्टता को समृद्ध बनाती है। प्रेम और करुणा के बिना शिष्टता का विकास संभव नहीं है। असाधारण व्यक्तित्व कोहिनूर जैसी चमक बिखेरता है। इस हीरे पर जिस रंग की रश्मि पड़ती है, उसे वह सौ गुना अधिक तेजी से प्रतिभासित करता है। अच्छे के साथ सभी लोग अच्छे रहते हैं, पर बुरे के साथ अच्छे बने रहने पर इतिहास बनता है। सहनशीलता से जीवन में असाधारण परिवर्तन होता है। शिष्टाचार, विनम्रता एवं शालीनतापूर्ण आचरण ही वह आभूषण है, जो मनुष्य को आदर व सम्मान दिलाता है। शिष्टाचार व्यवहार का माध्यम है इसी आधार पर सभ्यता एवं संस्कृति का भवन निर्माण होता है। एक दूसरे के प्रति सद्भावना सहानुभूति व सहयोग आदि शिष्टाचार के मूल आधार हैं।

शिष्टाचार का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। शिष्टाचार संबंधों में मधुरता एवं स्थायित्व प्रदान करता है। बड़ों का यथोचित सम्मान एवं छोटों के प्रति स्नेहिल प्यार करना चाहिए। इसी शिष्टाचार का सदैव पालन करना चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# देश के विकास की दिशा को नया आयाम

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए, जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें। बिना संस्कृति, संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता। वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंत: प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि -दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्वकालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है। विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ,
तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

# छात्रों के शिकायत पर मूकबधिर स्कूल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, मिली खामियां, हटाए गए अधीक्षक

## बाउण्ड्री वॉल एवं डाइनिंग टेबल की दी स्वीकृति

## बच्चों के साथ एकांत में बैठकर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**बिलासपुर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु) ।कलेक्टर अवनीश शरण ने तिफरा स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ हायर सेकेण्डरी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। लगभग 2 सौ की संख्या में विशेष योग्यता वाले दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चे ब्रेललिपी एवं सांकेतिक भाषा से पढ़ाई करते हैं। श्री शरण ने बच्चों को साथ लेकर पढ़ाई के कमरे एवं छात्रावास का अवलोकन किया। बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल की तमाम व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश प्रबंधन को दिए।

दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल तिफरा के प्रभारी अधीक्षक अखण्ड प्रताप गौतम को हटा दिया गया है। वे अब अपने मूल प्रभार पुनर्वास अधिकारी के रूप में काम करेंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज स्कूल का दौरा किया था। नये अधीक्षक के रूप में ब्रेल प्रेस तिफरा के उप नियंत्रक हरीश सक्सेना को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि इस विशेष स्कूल के बच्चों के प्रतिनिधि मण्डल ने कल जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की थी और उन्हें स्कूल पहुंचकर स्कूल की मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण करने आमंत्रित किया था। कलेक्टर ने बच्चों के साथ एकांत में बैठकर उनकी तमाम समस्याएं सुनी और जल्द ही उनके समाधान का भरोसा दिलाते हुए मौके पर कई स्वीकृतियां भी दी। कलेक्टर ने निरीक्षण उपरांत डीएमएफ मद से स्कूल की बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं बच्चों के सुविधापूर्वक भोजन करने के लिए डाइनिंग टेबल एवं कुर्सियां की स्वीकृति प्रदान की। पूरक पोषण आहार के लिए एक प्रस्ताव देने को भी कहा है। उन्होंने लाइब्रेरी के लम्बे समय से बंद होने पर नाराजगी जाहिर की और नियमित रूप से खोलने के निर्देश दिए। बच्चों की कला प्रतिभा को निखारने के लिए म्यूजिक उपकरण उपलब्ध कराने को भी कहा है। उन्होंने बसों के समय पर चलाने, भोजन की गुणवत्ता में सुधार और नियमित रूप से पेरेन्टस-टीचर मीटिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हर पखवाड़े एसडीएम एवं तहसीलदारों को स्कूल का दौरा कर यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने को कहा है। इस अवसर पर एसडीएम सुभाष सिंह राज, तहसीलदार अतुल वैष्णव, संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्रृद्धा मैथ्यू भी उपस्थित थीं।

## संपादकीय

### तेज दौड़ते ट्रकों की गति पर नियंत्रण लगे

*सड़कों पर दौड़ते मालवाहक ट्रकों की गति को नियंत्रित करना ज़रूरी है क्योंकि ये हर रोज मासूम लोगों से उनकी जिन्दगी को छीन रहे हैं या उन्हें गम्भीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक जगह से दूसरे स्थान पर जाते चालक कम से कम समय में सफर पूरा करने के चक्कर में कई बार अपने व्यवसायिक वाहनों को तेज गति से चलाते हैं। इस दौरान वे अनेक छोटे-बड़े नियमों की अनदेखी तो करते ही हैं, कई बार खुद के लिये या फिर अन्य लोगों के लिये जानलेवा साबित होते हैं। इनसे राह चलते या अन्य वाहनों पर सवार लोगों को बड़ी शारीरिक हानि पहुंचती है या वे अपने जीवन से ही हाथ धो बैठते हैं। यह भी सच है कि अनेक हादसों में तो खुद उन्हें ही जान-माल का भारी नुकसान पहुंचता है। यहां ऐसा कहने का आशय यह नहीं है कि सारे ट्रक चालक लापरवाहीपूर्वक अपने वाहनों को चलाते हैं। सही बात तो यह है कि बड़ी तादाद में ऐसे ट्रक चालक होते हैं जो अपने वाहनों को बहुत सावधानी से चलाते हैं और उनके साथ होने वाली कई दुर्घटनाएं उनकी नहीं वरन दूसरों की गलती का अंजाम होती हैं। उनके वाहन बहुत भारी होते हैं जिसे दो पहियों या कार की तरह सम्भालना मुश्किल होता है, इसलिये दूसरों की गलती से भी कई हादसे होते देखे जाते हैं।*

*मंगलवार की सुबह राजिम के नवापारा स्थित बगदेही शाला के पास नवापारा-कुरूद मार्ग पर चल रहे एक तेज गति ट्रक ने मोटर साइकल सवार पिता व उसकी दो पुत्रियों को कुचल डाला। शिवनाथ यादव नामक यह व्यक्ति अपनी बड़ी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहा था। शाला के पास वे पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक पर बैठी दोनों बेटियों- वंशिका (5 वर्ष) और हिया (2वर्ष) की पिता के साथ घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना रविवार को चांपा-जांजगीर के पास हुई। यहां के एक सम्भ्रांत परिवार में शादी होने के बाद सुबह दूल्हा अपने परिवार के साथ दुल्हन को लेकर बालौद जा रहा था। मुलमुला थाना के अंतर्गत पकरिया झूलन गांव के पास उनकी कार को एक ट्रक ने इस कदर टक्कर मार दी कि नवविवाहित जोड़े के साथ तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। इनमें दूल्हे के पिता, बुआ व फूफा शामिल हैं। कार को काटकर अंदर फंसे लोगों को मुश्किल से निकाला गया। उनकी गम्भीर चोटों के कारण कार में ही मौत हो चुकी थी।*

*जहां एक ओर ट्रक चालकों को सावधानी से चलने की ज़रूरत है वहीं अन्य वाहनों व राहगीरों को भी उनसे हमेशा सावधान रहना चाहिये। ट्रकों की गति को नियंत्रित किए जाने की सख्त आवश्यकता है।*

## सार-संक्षेप

### मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु) । तोरवा पुलिस ने बताया कि 28.04.2023 को पीडिता द्वारा आरोपी ऋषभ बैरिसाल एवं अन्य के विरूद्ध शराब पीकर पैसे की मांग करते हुये गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते मारपीट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 214 / 2023 धारा 294, 506, 323, 327, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा श्रीमती कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी की लगातार पता तलाश की जाकर आरोपी ऋषभ बैरिसाल को पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से विधिवत् गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, उनि. दिनेश पुरैना, प्र. आर. साहेब अली आरक्षक अशोक चंद्राकर लक्ष्मी कश्यप का विशेष योगदान रहा।

### पायल ने गुड सेमेरिटन कानून का पालन करते हुए दो पीड़ितों को पहुँचाया हॉस्पिटल




**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु) । बिलासपुर की जानीमानी समाज सेविका पायल शब्द लाठ ने विगत दिनों दो ऐसे वाहन दुर्घटना पीड़ितों को हॉस्पिटल पहुँचाया जिसमे एक युवती श्रेया शर्मा का सड़क दुर्घटना से कॉलर बॉन खिसक गया था ।जिसको त्वरित गति से हॉस्पिटल पहुँचाना था आई सी यु बैकअप की अतिशीघ्र जरूरत थी दूसरी सड़क दुर्घटना एस डी राय 72वर्षीय बुजुर्ग अपने बीमार बेटे केलिए नारियल पानी लेके जा रहा था । अचानक निगम की कचरा गाड़ी सामने से टक्कर मार दी और वो गंभीर रूप से घायल हो गया बाद में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया उक्त दोनों सड़क दुर्घटना में पायल ने एक गुड सेमेरिटन की भूमिका निभाई दोनों पीड़ितों को अपने कार से न सिर्फ हॉस्पिटल पहुंचाई बल्कि उनको भर्ती प्रक्रिया तक रुकी रही उनके परिजनों को सुचना होने तक धैर्यता के साथ खड़ी रही ।साथ ही उन्होंने गुड सेमेरिटन कानून जो 26 मार्च 2016 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित एक विधेयक है का पालन करते हुए दो लोगो की जान बचाने की कोशिस की नहीं तो ज्यादातर लोग ऐसे सड़क दुर्घटना से ये सोचकर दूरी बना लेते है की क़ानूनी पचड़ो में कौन पड़े किन्तु गुड सेमेरिटन कानून कानूनी हस्तक्षेप से बचाने में मदद करता है जिससे दुर्घटना पीड़ितों की मदद की जा सके .पायल के इस कार्य केलिए बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने गुड सेमेरिटन का प्रसस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया.आपको बताते चले की सेमेरिटन कानून को मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के ड्राफ्ट में शामिल किया गया।

### एकता और शौर्य का पहचान है रावत नाच महोत्सव- त्रिलोक

**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु) । रावत नाच महोत्सव हमारे संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो हमारे एकता और समाज में शौर्य को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच और माध्यम है, रावत नाथ महोत्सव हमारे संस्कृति और पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए समाज में संगठन और सौर्य और साहस की भावना का संचार करता है, यह शौर्य और साहस को पहचान देता है, यह बातें बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उच्चभट्टी में आयोजित रावत नाच महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास, राष्टीय समन्वयक- भारतीय राष्टीय कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, मार्गदर्शक -जिला पंचायत सदस्य/ पार्षद वार्ड क्रमांक 68 नगर निगम बिलासपुर ने व्यक्त किया ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनों ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का जबरदस्त स्वागत किया, इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ कांग्रेस नेता पंडित महेश मिश्रा, पंडित माधव शर्मा, हृदयेश कश्यप, लक्ष्मी नारायण साहू ,संदीप रजक, शुभम श्रीवास, पार्थ कुमार, उदय राम यादव, शालिग्राम यादव, मुकेश यादव रंजीत यादव कामता वर्मा, राम अवतार, तीर्थ यादव मणि वर्मा, रजा अली, सहित सैकड़ो नर्तक दल एवं हजारों क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से वसूला 68 हजार जुर्माना

## एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान



**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु)। आज पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार (भापुसे) के मार्गदर्शन में बिलासपुर के प्रमुख चौराहों में, सभी ग्रामीण थानो में सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों शाम 6 बजे से 8 बजे तक तथा शहरी क्षेत्रों में रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक सरप्राइज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।चेकिंग के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना नंबर, गलत तरीके से लिखे गये नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, संदेहास्पद वाहन, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म एवं संदिग्धों की जाँच कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 206 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर कुल 68 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला गया।

इसके साथ शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 लोगों पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत कार्यवाही की गई, जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा ।वाहनों की सरप्राईज चेकिंग का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना तथा ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है।

## राष्टीय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में जौहर दिखाएंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु) । राष्टीय क्रास कंट्री प्रतियोगिता की तिथि व जगह घोषित कर दी गई है। यह प्रतियोगिता 15 जनवरी को बिहार में होगी। इसमें अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ की टीम भी भाग लेगी। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों का चयन भी कर लिया है। टीम मजबूत के साथ अनुभवी खिलाड़ियों से लैस है। राष्टीय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में देशभर की 40 टीमें में भाग लेंगी।

चूंकि आयोजकों ने इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ को भी भेजी थी। इसके बाद यहां खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य से 16 महिला और 16 पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अलावा दो महिला प्रबंधक और दो महिला-पुरुष कोच होंगे। इस प्रतियोगिता में 29 राज्य रेलवे बैंक केंद्र शासित प्रदेश इत्यादि भाग लेंगे ।राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता होने के कारण संघ ने खिलाड़ियों का कैंप भी बहतराई स्थित स्टेडियम में आयोजित किया है।

टीम में अंडर-16, अंडर-18 व अंडर 20 के अलावा वरिष्ठ महिला, पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। इन सभी वर्गों में छत्तीसगढ़ की टीम का गठन किया गया है। कैंप के दौरान वरिष्ठ कोच द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ी भी पूरी गंभीरता के साथ अभ्यास कर रहे हैं, ताकि स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का वर्चस्व रहे। टीम पूरी तरह परिपक्क होकर भाग लेगी, तभी खिलाड़ियों को मेडल प्राप्त होगा।

# छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया-अंजू

## डीपी विप्र महाविद्यालय में त्रिदिवसीय साईनेक्स मिलेनियम का समापन




**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तर पर आर्टस, कामर्स एवं साइस का साईनेक्स मिलेनियम के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि शैलेष दुबे, कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, अध्यक्षता डॉ. एच. एस होता, छात्रसंघ अधिष्ठाता बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर, हर्ष पाण्डेय, संपादक, दैनिक भास्कर, डॉ. वाई, डी दीवान, रोहित शर्मा, हाईकोर्ट अधिवक्ता, प्राचार्य डॉ (श्रीमती) अजू शुक्ला एवं अविनाश सेठी अध्यक्ष, एल्युमिनी कमेटी डी.पी. विप्र महाविद्यालय उपस्थित रहे।

डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला ने अपने उद्?बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के अपने मौलिक चिंतन से सृजित मॉडलों से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित इन मॉडलों पर अनुसंधान की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के नवचिंतन और अथक प्रयास पर बधाई देते हुए कहा की जीवन उत्साह और महोत्सव का नाम है, निराशा का नहीं, इसलिए हमेशा अपने कर्म पर विश्वास करते हुए उत्साहपूर्वक अपने कार्य को परिणित करना बाहिए। अर्थ का विकास ही केवल जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि विनाश से बचने के लिए हमें प्रकृति की सेवा करनी चाहिए। युवा वर्ग यदि शारीरिक मानसिक एवं अध्यात्मिक विकास करे तो यह साथ-साथ समाज का भी विकास करता है। शैलेष दुबे ने अपने उद्?बोधन में विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए लिए बधाई दी।

वर्तमान विज्ञान प्रदर्शनी तत्कालीन आवश्यकतानुरूप परिवर्तित दिखाई देता है। यहां पर छात्रों ने पर्यावरण से संबंधित मॉडल अधिक बनाया है, जो उनके सामाजिक चिंतन को बताता है।

डॉ. एच.एस. होता ने युवाओं सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित स्मार्ट इडियन हैगाथॉन में सम्मिलित होकर अपने मॉडलस को पंजीकृत कर प्रदर्शित करें ताकि उनके प्रतिभा को समुचित विकास कर सके।

हर्ष पाण्डेय ने साइनेक्स मिलेनियम के 23 वर्षों के पूर्ण होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 23 वर्षों में मील का पत्थर बन चुका साइनेक्स मिलेनियम अब मील का हीरा बनने के लिए अग्रसर है। छात्र संघ की ओर से टिकेश प्रताप ने कहा कि छात्रों के मेंहनत का परिणाम है कि लगातार 23 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

# हर घर नल कनेक्शन देने के काम में तेजी लाएं

## कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कामकाज की समीक्षा




**बिलासपुर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज विभागवार समीक्षा के क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ अभियान चलाकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे काम जो शुरू हो चुके हैं वो किसी भी स्थिति में बंद न हो। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से हर घर में नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य पूरे हो चुके हैं उन नलों से जल की आपूर्ति हो रही है या नहीं, इसका निरीक्षण जरूर करें। कलेक्टर ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए बारीकी से कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने से ही प्रगति आएगी। उन्होंने जो कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं उनकी निविदा की प्रक्रिया पूरी करते हुए जल्द कार्य शुरू करने कहा। पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री यू के राठिया ने बताया कि कुल 2 लाख 46 हजार 673 ग्रामीण परिवारों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य है जिसमें से अब तक एक लाख 63 हजार 153 परिवारों के घर में नल कनेक्शन दिया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 66.14 प्रतिशत है। जिले के कुल 668 गांवो में नल कनेक्शन देना है जिसमें से 22 गांवों में शत प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 121 गांवों में 90 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूरा हो चुका है। कलेक्टर ने नल जल मित्र प्रोग्राम के तहत प्लम्बर और ऑपरेटर की ट्रेनिंग जल्द कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीएचई विभाग के सभी अधिकारी, एसडीओ और तकनीकी अमले के लोग भी मौजूद थे।

## नशा से धन व शरीर दोनों का नुकसान

**बिलासपुर,**13 दिसंबर (देशबन्धु)। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में जुटी भीड़ स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत हाफ़ा में नशा मुक्ति को लेकर शिविर आयोजित किया गया। बेटियों ने इस बार अवाज बुलंद कर कहा कि नशा मुक्त समाज से देश का भला होगा। राष्टीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत हाफ़ा में आयोजित किया गया ।स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित इस शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम राजश्री कौशिक कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर संयोजक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है ।जिसमें कार्यक्रम को उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच संदीप मिश्रा पंच प्रभा श्रीवास एवं संतोषी उपाध्याय, अनु साहू धनेश रजक पूर्व सलाहकार छात्रप् रतिनिधि रासेयो एयू, ईशान सूर्यवंशी राष्टीय सेवा योजना की स्वयं सेवक निशा प्रजापति द्वारा संचालन एवं आभार व्यक्त महिमा तिर्की के द्वारा किया गया। शिविर नायिका दीप्ति मंछानी एवं उप शिविर नायिका तनीषा चक्रधारी के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### हत्या के आरोपी अपचारी बालक को 10 वर्ष कारावास

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। चाकू घोंपकर हत्या करने वाले अपचारी बालक को न्यायालय ने 10 वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार आनंद ने बताया कि घटना एक साल पहले सितंबर माह में बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरीपारा में घटी थी। प्रार्थिया 7 सितंबर 2022 को अपनी सहेली के साथ अपचारी बालक के घर गई थी और वहां से अपनी मां को फोन कर मुंहबोले भाई को लेने आने के लिए कहा। मृतक कुलदीप केंवट बहन को लेने के लिए उसकी सहेली के घर गया था। इसी बीच अपचारी बालक (नाबालिग) से उसका विवाद हो गया। अपचारी बालक और मृतक के बीच हाथापाई के बीच अपचारी बालक ने अपने घर से धारदार चाकू लाकर कुलदीप केंवट को बांये तरफ छाती में घोंप दिया। तब बहन दौड़कर कुलदीप केंवट का बीच बचाव करने लगी तो उसे भी अपचारी बालक ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया, इससे उसकी बांये हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट आयी। कुछ देर बाद घायल कुलदीप को बांकीमोंगरा अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाल न्यायालय कटघोरा द्वारा अपचारी बालक को धारा 302, 307 के तहत 10 वर्ष कारावास व 500 रुपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### घर में फांसी पर लटका मिला युवक

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। सीएसईबी चौकी अंतर्गत बुधवारी गणेश पंडाल के पीछे मोहल्ले में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की लाश उसके घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बताया गया कि गणेश पंडाल के पीछे निवासरत नितीश भारती 22 वर्ष ने अज्ञात कारण से फांसी लगा ली। डॉ. कामता भारती के पुत्र नितीश ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इससे परिजन अनजान हैं। वे सिर्फ यही बता पा रहे हैं कि कुछ दिन पहले ही कामता भारती ने एक नया घर बनाया है, जिसमें नितीश अकेला रहा करता था। सुबह उसके फांसी पर लटक जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तफ्तीश शुरू की है। प्रारंभिक पड़ताल में कुछ पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है लेकिन जांच पूरी होने तक कुछ कहना जल्दबाजी होगी। पुलिस ने शव को पंचनामा व पोस्टमार्टम बाद परिजनों के सुपुर्द किया। स्थानीय मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### एसईसीएल में बेटी को भी रोजगार देने की अधिसूचना जारी

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कोयलाकर्मियों के लिए हुए 11वें वेतन समझौता के क्रियान्वयन का आदेश कोल इंडिया ने जारी कर दिया है। इस संबंध में एमपी एंड आईआर जीएम गौतम बनर्जी की ओर से अधिसूचना जारी कर एसईसीएल समेत सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी को पत्र भेजा गया है। उसमें सामाजिक सुरक्षा, भारत भ्रमण, आवास भत्ता समेत 10 बिंदुओं पर हुए समझौतों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। समझौते के तहत आश्रितों के लाइव रोस्टर में अब बेटे के साथ बेटी को भी शामिल किया गया है।

एसईसीएल कर्मी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में बेटे के साथ बेटी भी 18 साल की उम्र पूरी होने पर नौकरी पाने की हकदार हो सकेगी। इसके पहले अब तक सिर्फ बेटा का इसका हकदार था। कर्मी की मृत्यु होने पर पति पत्नी के साथ बेटे को भी व्यस्क होने तक 50 फीसदी आर्थिक मुआवजा देने का निर्देश भी अधिसूचना में शामिल है। वेतन समझौते में कर्मी के मेडिकली अनफिट होने पर आश्रित को नौकरी देने की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी नहीं हो सकी है। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा। यूनियन नेताओं का कहना है कि क्रियान्वयन का आदेश जारी होने से कोयलाकर्मियों की लंबित मांग पूरी हुई।

### कोरकोमा में मुख्यमंत्री के शपथ समारोह का हुआ सीधा प्रसारण

कोरबा, 13 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने श्री साय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कोरकोमा के शासकीय मिडिल स्कूल प्राँगण में शपथ ग्रहण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। गाँव में लोक पारम्परिक एवं आकर्षक साज-सज्जा से तैयार किए गए कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ग्रामीणों को कार्यक्रम दिखाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोरबा सीईओ, सरपंच-सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विकासखण्ड करतला में दिव्यांग बच्चों हेतु आंकलन शिविर हुआ आयोजित

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा अंतर्गत कलेक्टर सौरभ कुमार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप के निर्देश पर विगत दिवस विकासखण्ड करतला में दिव्यांग बच्चो हेतु आंकलन शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जिला अस्पताल की विभिन्न विशेषज्ञों की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य व दिव्यांगता का आंकलन किया गया।

आंकलन शिविर में कुल 86 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत 9 बच्चों को 40 प्रतिशत से ऊपर की दिव्यांगता पाई गई जिसका प्रमाणपत्र मेडिकल टीम द्वारा बनाया जा रहा है। साथ ही कुछ जरूरत मंद बच्चों को ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान की गई। इस अवसर पर संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित सम्बंधित बच्चो के शिक्षक व पालक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह आकलन शिविर प्रत्येक विकास खण्डों में 11 दिसंबर से आयोजित की जा रही है, जिससे दिव्यांग बच्चो को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सके।

### सचिव संघ के रामकुमार ब्लाक अध्यक्ष बनाए गए

कोरबा, 13 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के चुनाव में कोरबा जिले के जनपद पंचायत पाली (ब्लॉक पाली) के लिए रामकुमार टेकाम को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज की देखरेख में हुए निर्वाचन में रामकुमार टेकाम सहित अन्य पदाधिकारियों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन उपरांत ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदाय कर शुभकामनाएं दी गई। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार टेकाम ने कहा है कि वे प्रदेश व जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में संघ को आगे बढ़ाने के लिए सतत् कार्य करते रहेंगे।

# बदहाल और बेहद अतिक्रमण का शिकार हो रहा व्हीआईपी बुधवारी बाजार

## टूटी-फूटी सडक़ें, बजबजाती नालियां और सडक़ तक पसरे व दुकानों के सामन के कारण अव्यवस्था





**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा का बुधवारी बाजार अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। बाजार में आने वाले उपभोक्ताओं को कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। चन्द व्यवसायियों की बढ़ती मनमानी के कारण बुधवारी बाजार बदहाल और बेहद अतिक्रमण का शिकार हो रहा है। बाजार की टूटी-फूटी सडक़ें और बजबजाती नालियां तथा सडक़ तक लगते दुकानों के कारण अव्यवस्था को हर दिन देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी व्यवस्था बनवाने के मामले में उदासीन रवैया अपनाये हुए हैं। महिला समृद्धि बाजार से महिलाएं गायब हैं और उनके लिए बनाई गई दुकानें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई हैं।

कोरबा शहर के पुराने और नामचीन बाजारों में बुधवारी बाजार भी शामिल है। पहले यहां बुधवार को बड़ा बाजार लगता था लेकिन कोरोना संक्रमण काल के दौरान धीरे-धीरे यह साप्ताहिक बाजार डेली मार्केट के रूप में तब्दील हो गया। बाजार का संचालन बदलने के साथ-साथ यहां अतिक्रमण ने तेजी से पांव पसारे हैं। बाजार के शुरूआती हिस्सों में बड़े पैमाने पर स्थायी ठेले रख दिए गए हैं तो दूसरी तरफ फल व्यवसायियों का कब्जा हो गया है। बाजार के आंतरिक मार्ग पूरी तरह से टूट-फूट कर जर्जर हो गए हैं तो दुपहिया वाहनों ही नहीं बल्कि पैदल चलने के लायक भी नहीं रह गए हैं। गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ हो जाने के कारण अक्सर गिरने और चोट लगने का खतरा बना रहता है। बाजार के पसरे टूटने-फूटने लगे हैं तो कुछ व्यापारी पसरे से नीचे अलग से व्यवस्था कर सडक़ को संकरा किये हुए हैं। कुछ व्यापारियों के द्वारा अपनी मनमानी यहां जमकर चलायी जा रही है तो अनेक सब्जी व्यवसायी एक-दूसरे की देखादेखी पसरों को छोडक़र सडक़ पर दुकान लगाने से बाज नहीं आ रहे। आलम यह है कि व्हीआईपी मार्ग की तरफ आधी सडक़ तक पसरा और खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों के वाहन खड़े रहते हैं। बाजार में अब स्थायी तौर पर कब्जा की बाढ़ भी आने लगी है। लोगों ने सडक़ तक बांस गाडक़र तिरपाल तान लिया है तो बाजार के अंदर भी यह नजारा दिखता है। कुछ शेड में सामान रखकर जगह को बाधित कर लिया गया है।

### महिला समृद्धि बाजार से महिलाएं गायब जिम्मेदार अमला बना मूकदर्शक



### यात्री प्रतीक्षालय किसी काम का नहीं



बुधवारी बाजार में सामने की ओर यात्री प्रतीक्षालय बनवाया गया है लेकिन यह किसी काम का नहीं है। यहां न तो कोई वाहन का ठहराव होता है और ना ही प्रतीक्षालय में यात्री इंतजार करते नजर आते हैं। यह प्रतीक्षालय टूट-फूट होने के साथ इसके सामने दुकान और गंदगी होने की वजह से उपयोगिता नहीं हो पा रही है। लोगों ने इसके निर्माण के औचित्य पर भी सवाल उठाए हैं।

### फल व्यापारियों की भी अति, पूरा फुटपाथ गायब

इधर दूसरी तरफ फल व्यवसायियों के द्वारा महिला समृद्धि बाजार में दुकान लगाए तो गए हैं लेकिन पूर्ण संरक्षण में इसका फैलाव सडक़ तक कर लिए जाने के कारण फुटपाथ पूरी तरह से इनके कब्जे में हैं। इस क्षेत्र में तो पूरा फुटपाथ ही गायब हो गया है। यहां बनाया गया फुट ओव्हर ब्रिज का प्रवेश द्वार तक दुकान बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। पिछले दिनों यहां वर्षों बाद बड़ी नाली की सफाई निगम द्वारा कराई गई। इस दौरान नाली के ऊपर से दुकान हटाकर आगे बढ़ा लिया गया और नाली को ढंकने के बाद भी दुकान सडक़ तक बढ़ी हुई है, इसकी वजह से इस चौड़े रास्ते का आधा हिस्सा दुपहिया व चारपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल बन जाता है। फलों के अपशिष्ट भी इधर-उधर व बाजार के भीतर फेंक दिए जाते हैं, सफाई में भी कोई सहयोग नजर नहीं आता।

### 3 हाईमास्ट लाइट, तीनों वर्षों से बंद



बुधवारी बाजार परिसर में 3 हाईमास्ट लाइट लगवाये गए हैं ताकि पर्याप्त रौशनी हो सके, लेकिन ये तीनों वर्षों से नहीं जले हैं। बाजार में दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के द्वारा बिजली खरीदकर बल्ब/सीएफएल जलाए जा रहे हैं। बाजार परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई का लगातार अभाव भी बना हुआ है। बरसात में तो नाली का पानी और कचरा भर जाता है और इसी से होकर उपभोक्ता गुजरते हैं।

### एफओबी की उपयोगिता तय नहीं करा पाये

बुधवारी बाजार में खरीदारी के लिए आने-जाने वालों की सुविधा और अव्यवस्था दूर करने हेतु निगम द्वारा फुट ओव्हर ब्रिज का निर्माण करवाया गया है किन्तु इसकी उपयोगिता आज तक तय नहीं कराई जा सकी है। लोग अपने वाहन बुधवारी कॉम्पलेक्स के पीछे मैदान में खड़ी नहीं कर रहे और न ही एफओबी का उपयोग हो रहा, जिससे यह निर्माण फिजूल का साबित हुआ है।

### पौनी-पसारी बना टाइमपास का केन्द्र

बुधवारी कॉम्पलेक्स के पीछे लाखों रुपए की लागत से पौनी-पसारी बनवाया गया है लेकिन आज तक यहां एक भी व्यवसायी को दुकान नहीं लगवा पाये हैं। प्रशासनिक अनदेखी और व्यवसायियों की मनमानी के कारण लाखों का यह निर्माण फिजूल साबित होकर लोगों के टाइमपास का चबूतरा बनकर रह गया है। यहां लगने वाली दुकानें व्हीआईपी मार्ग के किनारे लग कर न सिर्फ यातायात में अवरोध उत्पन्न कर रही हैं बल्कि निगम के सौंदर्यीकरण को भी प्रभावित किये हुए हैं।

## किसी भी समाज के सफल संचालन के लिए कानून आवश्यक- डीजे चन्द्रा



**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एल. कटकवार के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज (केसीसी) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) विक्रम प्रताप चन्द्रा के द्वारा छात्रों को बताया गया कि प्राय- कानून के नाम सुनते हैं और उसका अर्थ अपराध से लगाते हैं। विधि के विपरीत कार्य करना अपराध होता है, चाहे वह जाने-अनजाने में क्यों न हो। किसी भी समाज के सफल संचालन हेतु कानून का होना आवश्यक है। कायदे-कानून से ही समाज चलता है। अधिकार के लिये सभी व्यक्ति जागरूक रहते हैं, किन्तु समाज में देखा गया है कि कर्तव्य की बात कोई नहीं करता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो किसी भी व्यक्ति के अधिकार का हनन नहीं होगा। बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, वे बालकों की श्रेणी में आते हैं। पीड़ित बालकों के प्रकरण विशेष न्यायालय में सुने जाते हैं।

विशेष न्यायाधीश ने बताया कि बिना लायसेंस, वाहन के बीमा, वाहन का आरसी बुक के साथ ही वाहन का संचालन किया जाए। ये तीनों यदि किसी व्यक्ति के पास नहीं हैं तो होने वाले दुर्घटना में उनको स्वयं ही अगले पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा देना पड़ता है। गंभीर चोट या मृत्यु होने पर और भी अधिक क्षतिपूर्ति देना वाहन मालिक की जवाबदेही हो जाती है। बच्चों को मोबाईल का सीमित उपयोग किये जाने का सलाह देते हुये कहा कि स्मार्ट मोबाईल का सद्पयोग किया जाए। बिना पढ़े कोई भी मैसेज फारवर्ड न करें, गलत मैसेज फारवर्ड करने पर साइबर कानून के तहत् अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जा सकता है।

## सडक़ हादसे: ब्लैक स्पॉट्स पर तकनीकी सुधार के निर्णय पर अमल नहीं

### जिम्मेदार मौन, सडक़ों पर तमाम होती जिंदगी

सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक हुए कई माह गुजर गए हैं। पूर्व में लिए गए निर्णय पर संबंधित विभागों ने कितना काम किया? इसे जानने वाला कोई नहीं है। जिम्मेदार मौन हैं जिससे वाहन चालक अपनी मर्जी से गाडियां चला रहे हैं। ज्यादा फेरे लगाने के चक्कर में ड्राइवरों से ज्यादा काम लिया जा रहा है, भारी वाहनों में हेल्पर रखने का सिस्टम भी लगभग खत्म हो चुका है। कई सडक़ों की बनावट और टूट-फूट मरम्मत के कारण ऊंची-नीची हुई सडक़ें भी दुर्घटनाओं की वजह हैं। इसी साल अभी तक 180 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई है जबकि घायलों की संख्या सैकड़ों में है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं बांगो, कटघोरा और पाली थाना क्षेत्र में हो रही हैं। मवेशी भी हादसों की वजह बन रहे हैं।



### सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक को बीते कई माह

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। औद्योगिक जिला कोरबा की सडक़ों पर बढ़ते यातायात के दबाव और भारी वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच बढ़ते सडक़ हादसों के नियंत्रण के उपायों पर कोई खास काम होता नहीं दिख रहा। हादसों में लोगों की जान जा रही है, जिसके एवज में थोड़ी बहुत आर्थिक सहायता दिलवाकर अपने कर्तव्य निभाये जा रहे हैं लेकिन बैठकों में लिये जाने वाले निर्णयों का पालन करने-कराने की जहमत उठाते अधिकारी नजर नहीं आ रहे। परिवहन विभाग और उडनदस्ता का अमला तो मानो गहरी नींद में है। कभी-कभार वह जागता है तो दो-चार कार्रवाई कर खामोश हो जाता है और ठीकरा पुलिस पर फूटता है।

कोरबा औद्योगिक जिले के ऐसे स्पॉट जहां हादसे अधिक होते हैं, उन्हें पूर्व में ग्रे और ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इन स्पॉट्स पर तकनीकी सुधार के निर्णय तो लिए गए लेकिन इन पर अमल नहीं हुआ है। सडक़ दुर्घटनाओं के आधार पर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों, राजकीय राजमार्गों पर 4 ब्लैक स्पॉट और 7 ग्रे स्पॉट चिन्हांकित किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130 पर बांगो थाना क्षेत्र में 2, कटघोरा थाना क्षेत्र में एक और क्रमांक 149-बी पर दर्री थाना क्षेत्र में राजकीय राजमार्ग एक ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किया गया है। कटघोरा थाना क्षेत्र में विष्णु ढाबा-भलपहरी में, बांगो थाना क्षेत्र में गुरसिया और पोड़ी बस स्टैंड के पास तथा दर्री थाना क्षेत्र में दर्री बांध कन्वेयर बैल्ट के पास ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित हैं। इसी प्रकार भैंसमा, चचिया तिराहा-पसरखेत रोड, बतारी मोड़ के पास, शुक्लाखार मेनरोड, वैशाली नगर कुसमुण्डा, सरई सिंगार कुसमुण्डा और हरदीबाजार कुसमुण्डा क्षेत्र में 7 ग्रे स्पॉट पहचाने गए हैं। सभी ब्लैक और ग्रे स्पॉट्स पर तकनीकी सुधार करने का निर्णय लिया गया था। इन जगहों पर साइन बोर्ड लगाने, गति संकेतक बोर्ड लगाने, रबर स्ट्रीप लगाने के भी निर्देश लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बिना रेलिंग वाले पुलों पर रेडियम पेंट युक्त रेलिंग और पुल के पहले गति अवरोधक बनाने कहा गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्रामीण एवं जिला मार्गो के संगम स्थल पर भी रबर स्ट्रीप, संकेतक तथा रेडियम युक्त पेंट आदि कराने के निर्देश पीएमजीएसवाय तथा मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अधिकारियों को दिए गए थे। मगर संबंधित विभागों ने काम नहीं किया है।

# विचलित मन से कार्य करना भी दुर्घटना का एक कारण

## डीएसपीएम में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह का आयोजन

**कोरबा,** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 'औद्योगिक संरक्षा दिवस' व 4 से 11 दिसम्बर तक औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सप्ताह का समापन मुख्य अभियंता डॉ.हेमंत सचदेवा की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, आशीष श्रीवास्तव, संजीव कंसल एवं एलएन सूर्यवंशी के आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. सचदेवा ने उद्योग में संरक्षा की अपरिहार्यता का उल्लेख कर संरक्षा को जीवन का अंग बनाने हेतु आव्हान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा के नियमों के पालन करने से औद्योगिक दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

कारखाना प्रबंधक संजीव कंसल ने कहा कि विचलित मन से कार्य करना भी दुर्घटना का एक कारण है। मोबाईल एवं अन्य




व्याकुलता के कारणों से भी बचना जरूरी है। आशीष श्रीवास्तव ने सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने के परिणाम की उदाहरण सहित जानकारी दी। अंजना कुजुर ने पीपीई किट का महत्व बताया, राजेश्वरी रावत ने कहा की आगे बढने के लिए सुरक्षित राह चुनना ही सबसे बेहतर एवं एलएन सूर्यवंशी ने बताया की सुरक्षा मनुष्य का व्यवहारिक स्वभाव है एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करने हेतु आव्हान किया। श्रीमती सुमन सोमानी, संरक्षा अधिकारी ने सप्ताह भर हुई कायक्रमों की जानकारी संक्षिप्त में दी।

'औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत संरक्षा नारा प्रतियोगिता विषय -''शून्य दुर्घटना मेरा लक्ष्य एवं कविता प्रतियोगिता विषय- औद्योगिक दुर्घटना का मूल कारण एवं निदान, पोस्टर प्रतियोगिता विषय -सुरक्षित कार्य प्रक्रिया, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनके विजेताओं पन्ना लाल साहू, रंजना फुटाने, कविता ठक्कर, बबुली चौधरी, घनश्याम क्षत्रिय, पवन दास, मीरा कनेर, अमिशा बम्बेशवर, रवि कुमार साहू, शिखा गुप्ता, सुनिल महंत, घनश्याम साहू, हेमन्त वर्मा, महिपाल कैवर्त, होरी दास महंत, रवि कुमार साहू, द्वारिका प्रसाद, विरेन्द्र राठौर को डॉ. सचदेवा ने बधाई देते हुए पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का संचालन संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी एवं अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आर.पी टण्डन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सुरक्षा सप्ताह के समूचे आयोजन में मुख्य संरक्षा अधिकारी टीपी सिंह, संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी, अग्नि एवं सुरक्षा अधिकारी प्रकाश देवांगन एवं एसके डेविड, विनय कुमार नेताम, महिपाल कैवर्त सहित समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रायगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। एसएसपी सदानंद कुमार ने महिला अपराधों के संबंध में अधीनस्थों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही घटना की सूचना तुरंत देने और समयसीमा में अपराध का निराकरण के निर्देश है। निर्देशों के पालन में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कल दुष्कर्म के आरोपी अतुल चैहान निवासी सोनुमुड़ा, थाना जूटमिल को उस पर अपराध कायम होने के तत्काल बाद पतासाजी के लिये टीम रवाना कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी अतुल चैहान ( उम्र 22 साल) निवासी सोनुमुड़ा सोनकरपारा थाना जूटमिल रायगढ़ के विरुद्ध पीड़ित बालिका के पिता द्वारा 10 नंवबर की रात थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रही है। बीते 2 नवंबर को लड़की व्हाट्सएप में एक फोटो भेज कर बताई कि अतुल चैहान पिछले 2 साल से उसे डरा धमका कर शारीरिक शोषण कर रहा है। लड़की बताई कि रायगढ़ में ट्यूशन पढ़ने के दौरान उसकी पहचान अतुल चैहान से हुई थी, दोनों मित्रता में साथ में फोटो खींचे थे। इस फोटो को वायरल करने की धमकी देकर अगस्त 2021 में अतुल चैहान उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद से कई बार डरा धमकाकर शारीरिक शोषण किया है। लड़की बताई कि अतुल रायपुर आकर उसके साथ गाली गलौज किया, तब परेशान बलिका अपने पिता को घटना बताई। बालिका के पिता के आवेदन पर थाना कोतवाली में आरेपी अतुल चैहान पर दुष्कर्म और पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका का कथन, मुलाहिजा आदि की कार्रवाई की गई।

### जन सूचना अधिकारियों के पंजीयन की समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा शासन के निर्देशनुसार आवेदकों से प्राप्त शिकायत एवं द्वितीय अपील की सुनवाई एवं निराकरण के लिए हाईब्रिड तरीके अपनाए जाने तथा तथा ई-फाईलिंग की सुविधा दिया जाना है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रस्तुत आवेदनों का निराकरण सरल बनाये जाने हेतु शासन द्वारा वेबपोर्टल ह्ल्ह्वश्ठ्ठ्यद्वठ्ठद्ग.ष्द्द.द्दश1.द्वठ्ठ बनाया गया है। उक्त पार्टल में राज्य के समस्त जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों का पंजीयन 31 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाना है। इस पोर्टल में सरगुजा जिले के समस्त जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के पंजीयन किए जाने की समीक्षा हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं जनसूचना अधिकारी श्री डी.एस. उईके को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

### उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में विविध स्पर्धाओं का आयोजन

**रायगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के वार्षिकोत्सव व प्रतिभा पुरस्कार समारोह में बिभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंडित भवानी शंकर षड़गी विद्यालय मे आयोजितखेल प्रतियोगिता मे समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शंख फुको मे डॉ सुचित्रा त्रिपाठी व श्रीमती जया षड़गी को लोगों ने खूब सराहा,आलू चम्मच दौड़ मे प्रथम आस्था पंथ, द्वितीय नेहा साहू, बोरा दौड़ नेहा साहू अथर्व पटनायक, शंख फुको प्रीति साहू वंदिता पटनायक शंख फुको (पुरुष वर्ग)प्रथम ब्रजेश पटनायकद्वितीय शैलेन्द्र नन्दे कुर्सी दौड़ (बालक बालिका वर्ग ) प्रथम तनुश्री साहू द्वितीय रिया नन्दे कुर्सी दौड़ (महिला वर्ग ) प्रथम शांतिप्रिया सतपथी द्वितीय दुलारी साहू, मेंढक दौड़ आस्था पंथ प्रथम द्वितीय अथर्व पटनायक, श्रेष्ठ साहू केरम (अंडर 19) पियूष साहू प्रथम दृश्यॉ पाणी द्वितीय केरम (अंडर 10)तनुश्री साहू प्रथम शालिनी साहू द्वितीय शतरंज (अंडर 19)संभव षड़गी प्रथम दृष्टि पाणी द्वितीय, बैडमिंटन जूनियर शिबेश स्वाई प्रथम आयुष गुरु द्वितीय बैडमिंटन सीनियर विनीता पाणी प्रथम वंदिता पटनाइक द्वितीय रहीं !सभी कार्यक्रम मे बच्चों व महिलाओ की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पं. भवानी शंकर षड़गी विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती पूनम पाण्डेय व शिक्षका का अहम भूमिका रही।

# सरगुजा में उत्साह से लोगों ने देखा शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में विष्णु देव साय ने ली छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद व गोपनीयता की शपथ
- राज्यपाल ने दिलाई शपथ, विशाल जनसमूह के बीच संभाली राज्य की बागडोर





**अम्बिकापुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद श्री जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री श्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव, श्री विजय शर्मा ने ईश्वर के नाम से पद एवं गोपनीयता की शपथ हिन्दी में ली।

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं श्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व सांसद श्री ओम माथुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने किया।

मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक जनता के देखने सुनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इंतजाम किया गया। जिला स्तर पर जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण हुआ। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों में भी लाइव प्रसारण देखने हेतु व्यवस्था की गई, जहां लोग उत्साह के साथ शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

जिला स्तर पर पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, नगर निगम कमिश्नर श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री एएल ध्रुव, एसडीएम अम्बिकापुर श्री फागेश सिन्हा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को पीएम आवास योजना का मिलेगा लाभ

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने उप मुख्यमंत्री के रूप में श्री अरुण साव व विजय शर्मा को भी शपथ दिलाई।राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह सहित कई केन्द्रीय मंत्री तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री विशेष रूप से शामिल हुए। जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए लाईव प्रसारण की सुविधा जिला मुख्यालय बलरामपुर के बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम भवन में किया गया था।जिसमें कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण व आमनागरिकों ने शपथ ग्रहण का लाईव प्रसारण देखा। जिले के समस्त 468 ग्राम पंचायतों तथा 5 नगरीय निकायों में शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे लोगों ने उत्साह के साथ देखा। ऑडिटोरियम भवन में शपथ ग्रहण समारोह को देखने आये बलरामपुर के श्री रामपाल राम ने कहा कि श्री विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ के विकास की उम्मीद जगी है।

### युवाओं और महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव

पीजी कॉलेज आडिटोरियम में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण को देखने पहुंची स्वच्छता दीदियों ने अवसर पर मुख्यमंत्री से अपनी आशाएं और उम्मीदें साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आज मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हम सभी शामिल हुए और हम आशा करते हैं कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और विकास करे और हम पूरी स्वच्छता दीदियों की तरफ से उन्हें बहुत-बहुत बधाई। जिले के युवाओं ने भी छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर जिले से जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक श्री करता राम गुप्ता, श्री त्रिलोक कपूर कुशवाहा, श्री अभिषेक शर्मा, श्री मुरारी लाल बंसल, श्री दीपक गर्ग, श्री आकाश सोनी, श्री मयंक जायसवाल, श्री विनोद दुबे, श्री रूपेश दुबे, श्री निशांत सिंह सोलू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### आदिवासी समाज को नेतृत्व का मौका, ऐतिहासिक निर्णय है- तीरथमणि

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने उप मुख्यमंत्री के रूप में श्री अरुण साव व विजय शर्मा को भी शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह सहित कई केन्द्रीय मंत्री तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री विशेष रूप से शामिल हुए। जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए लाईव प्रसारण की सुविधा जिला मुख्यालय बलरामपुर के बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम भवन में किया गया था। जिसमें कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण व आमनागरिकों ने शपथ ग्रहण का लाईव प्रसारण देखा। जिले के समस्त 468 ग्राम पंचायतों तथा 05 नगरीय निकायों में शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे लोगों ने उत्साह के साथ देखा। ऑडिटोरियम भवन में शपथ ग्रहण समारोह को देखने आये बलरामपुर के श्री रामपाल राम ने कहा कि श्री विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ के विकास की उम्मीद जगी है। साथ ही राज्य का तकदीर एवं तस्वीर बदलने का अभियान शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के साथ ही राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दो साल का बोनस भी प्राप्त होगा। इसी प्रकार श्री विद्यासागर ने कहा कि नई सरकार के गठन के पश्चात् छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य को लेकर हम पूरी तरह आशान्वित हैं। इसी तरह जिले के आमनागरिकों भी हर्ष के साथ अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य सभी क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति करते हुए विकास का नया कीर्तिमान रचेगा।



### अवैध परिवहन करते 4 वाहनों से 210 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर पायें। कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी के मार्गदर्शन में तहसीलदार चांदो के द्वारा झारखण्ड राज्य से अवैध धान परिवहन करते ग्राम करचा बैरियर से वाहन क्रमांक जेएच 03 एजी 9677 पिकअप से 60 बोरी, जेएच 03 पी 3363 पिकअप से 35 बोरी, जेएच 03 के 9672 पिकअप से 45 बोरी एवं सीजी 15 डीई 3276 मेटाडोर से 70 बोरी कुल 210 बोरी अवैध धान को जब्त कर थाना चांदो में सुपुर्दगी किया गया है।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा आगामी 31 दिसम्बर तक

**बलरामपुर** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। उद्यानिकी खेती करने वाले जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर 2023 तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री पतराम सिंह ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक(भू-धारक एवं बटाईदार) तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित ऋण मान का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा।

रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बीमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर 2023 निर्धारित की गई है।

### मध्यप्रदेश से परिवहन किये जा रहे 27 क्विंटल धान जब्त

**मनेंद्रगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन सीजन 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी की निरंतर जांच की जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जिसके फलस्वरूप जांच दलों द्वारा विगत रात्रि मध्यप्रदेश राज्य के कोठी से आ रहे पिकअप क्रमांक एमपी 18 जीए 2010 से करीब 27 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। उक्त जब्त धान को उपार्जन केन्द्र केल्हारी में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम एवं धान उपार्जन नीति 23-24 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जतिन देवांगन ने बताया कि सघन जांच करने के दौरान मालवाहक वाहन क्रमांक एमपी18 जीए 2010 से अवैध धान पकड़ा गया।

### धारा 370 व 35 ए को हटाये जाने को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया

- नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू- कश्मीर को देश की मुख्य विचारधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया



**रायगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ विधायक ओपी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा धारा 370 और 35 ए को हटाये जाने से मोदी जी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना होगी साकार होगी। ओपी में कहा इस धारा को हटाकर नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू- कश्मीर को देश की मुख्य विचारधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है।

विदित हो कि मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 में सांसद में काश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का एतिहासिक निर्णय लिया था इसकी वैधता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका की सुनवाई में आज सुप्रीम कोर्ट ने सांसद के लिए गए इस फैसले को उचित ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को एतिहासिक बताते हुए प्रदेश महामंत्री एवम रायगढ़ विधायक ओपी चैधरी ने कहा आर्टिकल 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय 5 अगस्त, 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। इस निर्णय से कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत सशक्त भारत का सपना पूरा हो सकेगा इसके साथ साथ जम्मू, कश्मीर एवम लद्दाख के निवासियों के लिए विकास,तरक्की, और एक के सपनो का मार्ग प्रशस्त होगा। देश की सबसे बड़ी कोर्ट द्वारा लिया गया यह फैसला देश में अनेकता में एकता के मूल मंत्र की भावना को मजबूती प्रदान करेगा। यह भावना हर देश वासी के लिए मायने रखती है। जम्मू, कश्मीर सहित लद्दाख वासियों के सपनो को पूरा करने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। विकास की किरणे समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचे इसके लिए मोदी सरकार हर तरह के निर्णय लेगी।

### गुरू घासीदास जंयती पर शुष्क दिवस घोषित

**कोरिया** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने अबाकरी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मंदिरा की फुटकर दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर ने उक्त घोषित शुष्क दिवस का कड़ाई से पालन कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

## पुलिस की घेराबंदी में वाहन छोड़ भागे मवेशी तस्कर

### 21 मवेशियों को कराया तस्करों से मुक्त



**रायगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर कृषक मवेशियों को दिगर प्रांत ले जाने वाले पशु तस्करों पर पुलिस निगाह रखे हुए है। विशेष कर थाना धरमजयगढ़, लैलूंगा और चैकी रैरूमाखुर्द पुलिस जिले के बार्डर आसपास के गांव एवं मुख्य मार्ग पर कार्यवाही के लिये मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है। इसी क्रम में कल चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ससकोबा जंगल में कुछ लोग लाल रंग के आईचर गाड़ी में कृषक मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भर बगैर दाना पानी क्रूरता पूर्वक झारखंड बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीकी और कार्रवाई के लिए चैकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ससकोबा जंगल जाकर तस्करों की घेराबंदी किया गया। जहां पुलिस की घेराबंदी को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर भाग गये। आईचर वाहन 01 ॅ 7855 में तिरपाल से ढक कर रखी हुई 21 नग कृषक मवेशियों को रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा मुक्त कराकर उनके चारा पानी की व्यवस्था किया गया। चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा आईचर वाहन जप्त कर वाहन के चालक और मालिक के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कैवर्त, चिंतामणी कुर्रे, आरक्षक जोन प्रकाश टोप्पो, तुलसी नाग की अहम भूमिका रही है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर रैरूमाखुर्द पुलिस लगातार मवेशी तस्करों पर कार्रवाई किया जा रहा है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समस्त जिला अधिकारी कमर कस लें-कलेक्टर

**मनेन्द्रगढ** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आज जिला कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने का प्रयास किया जाना है। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार किया जाएगा।

कलेक्टर ने यात्रा के आयोजन हेतु जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों का नामांकन, उत्तरदायित्वों के निर्वहन, समन्वय, समितियों का गठन, अधिकारियों का प्रशिक्षण, जिला स्तर पर नियंत्रण एवं समन्वय कक्ष की स्थापना, प्रचार-प्रसार हेतु वैन के रूट चार्ट, वैन आने के पूर्व की तैयारी, प्रचार वैन के गांव में पहुंचने के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, वाहन प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति, आईटी पोर्टल में वास्तविक समय में निगरानी आदि के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। शीघ्र ही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही लक्षित और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु आईईसी वैन भारत सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें प्रोग्राम का आयोजन करने के लिए सम्पूर्ण सुविधाएं जैसे एल.ई.डी., टी.वी., माइक, स्पीकर, बुकलेट्स, क्विज हेतु पुरस्कार, टी-शर्ट, टोपी, कार्यक्रम हेतु सम्पूर्ण विजुअल, बैनर-पोस्टर आदि उपलब्ध रहेगा। जिला, शहरी, स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना तैयार किया जाना है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों का चिन्हांकन, उत्तरदायित्व के निर्वहन, समन्वय समितियों का गठन, तैनात अधिकारियों प्रशिक्षण, वैन के लिए रूट चार्ट, कार्यक्रम का तिथि एवं स्थल का निर्धारण, जागरूकता एवं प्रचार प्रसार एवं सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी कराना अधिकारी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ श्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त ग्राम पंचायत में ऐसे स्थानों का चयन करें। जहां पर आम जनता सुगमता के साथ पहुंच सके।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने विभाग वार फ्लेक्स तैयार कर कार्यक्रम स्थलों पर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के हकदार लाभार्थीओं के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आये है। उन्होंने कैसे आवेदन किया, कैसे योजना का लाभ लिया। योजना लेने के पश्चात उनके जीवन में आये परिवर्तन तथा योजना के द्वारा सकारात्मक प्रभाव को बताने की जरूरत है। इसी प्रकार धरती कहे पुकार के माध्यम से लोकल स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्कूल, कॉलेज के छात्र, स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## सार-संक्षेप

### सीएएफ जवान का ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन



**सारंगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम मल्दा के जितेंद्र लहरे का जन्म सन 1987 में ग्राम पंचायत मल्दा (अ) में हुआ था सन 2016 में उनका चयन सीएएफ में सैनिक के पद पर हुआ। वर्तमान में कांकेर जिले में ड्यूटी के दौरान 11 दिसम्बर 2023 को रात्रि करीब 8 से 8ः30 बजे के बीच मे उनके सीने में अचानक दर्द होने लगा और वह जमीन पर गिर गया तब आनन फानन में उन्हें हॉस्पिटल में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। महज 36 वर्ष के उम्र में उन्होंने पूरा अपना हँसता खेलता परिवार को छोड़कर चला गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम मल्दा (अ) के लिए भेजा गया। गांव में पूरी तरह से शोक की लहर दौड़ गई है और उनके चाहने वालों में काफी गहरा दु:ख देखी गई बात करें जितेंद्र लहरे के अंतिम संस्कार की तो जितेंद्र लहरे अमर रहे के नारों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया और उनके शहादत को सलाम करते हुए अंतिम विदाई दी गई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में बेहतर आयोजन करें - कलेक्टर



**सक्ती** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने का प्रयास किया जाना है। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर ने यात्रा के आयोजन हेतु जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, नोडल अधिकारी पंचायत बी पी भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती पंकज डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज राठौर सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सारंगढ़ बिलाइगढ़ जिले के नगरीय निकायों में किया गया स्वच्छता सेवा



**सारंगढ़** 13 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के आह्वान पर जिले के नगरीय निकायों में ''स्वच्छता ही सेवा'' स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगरपालिका सारंगढ़, नगर पंचायत सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़, भटगांव में बुधवार को सुबह साफ-सफाई किया गया। सरिया के बस स्टैंड परिसर में, बरमकेला और बिलाईगढ़ के मुख्य मार्गों में स्वच्छता अभियान से जनमानस द्वारा जिला प्रशासन के कार्यों की तारीफ हुई। सारंगढ़ के तुर्की तालाब परिसर का साफ-सफाई नगरपालिका सारंगढ़ के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एन. भगत, तहसीलदार सारंगढ़ नेत्रप्रभा सिदार, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला प्रबंधक खाद्य सूर्यकांत शुक्ला,, प्रशांत प्रधान, कलेक्टोरेट के अधिकारी एस.सी. सिंह, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर, कर्मचारी जे.आर. रात्रे, नगरपालिका के सीएमओ राजेश पांडेय, इंजीनियर उत्तम कंवर, राजू यादव, रोशन यादव एवं नगरपालिका के सफाई दल के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सेक्टर स्तरीय खो खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन



**अकलतरा,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेक्टर स्तरीय खो खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन श्रीऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल अकलतरा में आज आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के खेल खिलाड़ियों ने भाग लिया। जहां खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय द्वारा अतिथियों का पुष्प कुछ से स्वागत किया गया उसके बाद मैच श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल अकलतरा एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के मध्य हुआ बिर्रा महाविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। फाइनल मैच मालखरौदा और चांपा के मध्य हुआ जिसमें मालखरौदा का प्रदर्शन अच्छा रहा और जीत हुई। इस कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर जेके जैन द्वारा खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामना दिया गया। टीसीएल महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी रमाकांत पांडे, महाविद्यालय बिर्रा के प्राचार्य एचएल शर्मा, खरौद महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी विश्वास विश्वकर्मा द्वारा उद्बोधन दिया गया। प्रतियोगिता में वेद राम महाविद्यालय के भुवनेश्वर प्रधान महंत को बेस्ट रनर, एमएमआर चांपा महाविद्यालय के छत्रपाल यादव को बेस्ट चेसर बिर्रा के हेमंत कुमार को बेस्ट ऑलराउंडर का अवार्ड दिया गया। उसके बाद शासकीय एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा को उपविजेता के रूप में पुरस्कार दिया गया, शासकीय वेद राम महाविद्यालय खरौद को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# सड़क सुरक्षा, डायरेक्टर ने किया निरीक्षण



**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम झूलन पकरिया दुर्घटना जन्य स्थलों का रायपुर का लीड एजेंसी के (सड़क सुरक्षा) डायरेक्टर के द्वारा निरीक्षण किया गया। गत 1 दिसंबर को कार एवं ट्रक से भीषण दुर्घटना हुआ था, जिसमे कार में सवार`5 लोगो की मृत्यु हुई थी। दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड, रोड मार्किंग, सांकेतिक बोर्ड, रंबल स्ट्रीप आदि लगाने हेतु सुझाव दिया गया। रायपुर का लीड एजेंसी के डायरेक्टर संजय शर्मा द्वारा, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी यातायात प्रभारी जांजगीर के साथ ग्राम झूलन पकरिया थाना मुलमुला के समीप दुर्घटनाग्रस्त स्थल का निरीक्षण किया जाकर भविष्य में दुर्घटना से बचने हेतु बिंदुवार आवश्यक सुझाव दिया गया।

## सहायक आयुक्त उईके निलंबित




**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त एचके सिंह उईके निलंबित कर दिए गये है। जिसको लेकर शहर में बड़ी चर्चा है. नई सरकार बनते ही जिले की यह बड़ी कार्यवाही कहीं जा सकती है।

बता दें कि जांजगीर चाम्पा जिला मुख्यालय के आदिम जाति कल्याण विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर एचके सिंह उईके पदस्थ थे, आदिम जाति विभाग के द्वारा जिले के छात्रावास में लगभग 55 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अधोसंरचना के स्वीकृत सेटअप के नियम विरुद्ध नियुक्ति कर वित्तीय अनियमितता किया गया था। इस मामले में कलेक्टर से शिकायत हुई थी जिसके बाद उनका वित्तीय पावर भी वापस ले लिया गया था। वहीं अब निलंबन की कार्यवाही की गई है। सहायक आयुक्त एच के सिंह उईके के रिटायरमेंट 3 से 4 महीना बाकी था वह रिटायर्ड हो पाते उससे पहले निलंबन की कार्यवाही हो गई।

## एक दिवसीय सतनाम महोत्सव आज

**डभरा,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम बासीन में 14 दिसंबर को एक दिवसीय सतनाम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इसके आयोजक शिवदयाल अंचल एवं खेमबाई अंचल के परिवार है। इस कार्यक्रम में मशहूर पंडवानी एवं सतनाम पंथी गायिका प्रतिमा बारले द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जन्म जयंती समारोह पर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। 14 दिसंबर को ग्राम बासीन के अटल चौक के पास शाम 8 बजे से कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें विश्व बंदनीय संत शिरोमणि बाबा गुरुदास की जन्म जयंती समारोह मनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री साय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

■ **नवनिर्मित ऑडिटोरियम सहित जिले के नगरीय निकायों और पंचायतों में की गई थी लाइव प्रसारण की व्यवस्था**

शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण नवनिर्मित ऑडिटोरियम सहित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में किया गया। ऑडिटोरियम जांजगीर में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर लवीना पांडे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। साथ ही जिले के पामगढ़, अकलतरा, नवागढ़, बम्हनीडीह एवं बलौदा सहित सभी ग्राम पंचायतों में समारोह का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें आम नागरिक उत्साह से शामिल हुए।

## कलेक्टर, एसपी व सेना के कर्नल ने ली प्रेस वार्ता

### सेना भर्ती रैली की तैयारी व व्यवस्थाओं के संबंध में दी जानकारी



**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस लाइन खोखराभाठा जांजगीर में 15 दिसंबर 2023 से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल और कर्नल एन सेमेलटी ने पुलिस लाईन खोखरा स्थित सभागार में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर अग्निवीर भर्ती रैली कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा आवश्यक सुविधाएं भर्ती हेतु उपलब्ध करा दी गई है एवं विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को मूलभूत आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में अलग-अलग तिथियों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पात्र अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। अभ्यर्थियों के लिए यातायात सुविधा, आवास, भोजन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने भर्ती रैली को लेकर पुलिस व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। कर्नल एन सेमल्टी ने अग्निवीर भर्ती के तैयारी सहित प्रोटोकॉल संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीएल जगत, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला रोजगार अधिकारी एम जायसवाल एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

## नाबालिक बालिका का अपहरण कर दैहिक शोषण आरोपी पुणे से गिरफ्तार




**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। नाबालिक बालिका का अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376(2)(ढ)भादवि 4,6 पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

मामले पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 27 जुलाई 23 को इसकी नाबालिक बालिका सुबह स्कूल पढ़ने गई थी, जो घर वापस नहीं आई जिसकोआसपास पता करने पर नहीं मिली बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 363 भादवी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। विवेचना दौरान सूचना मिला की आरोपी गजेंद्र धीवर निवासी जर्वे थाना बलौदा द्वारा नाबालिक बालिका को पुणे महाराष्ट्र तरफ भागा कर ले गया है। सूचना पर चांपा पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 376 (2) (ढ) भादवि 4, 6 पास्को एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# चाकू दिखाकर लूट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। चाकू दिखाकर, नगदी एवं मोबाइल की लूट कर भागने वाले 02 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व एक नग चाकू बरामद किया गया है। इनके विरूद्ध धारा 394,34 भादवि के तहत की गई कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सम्मेलाल उम्र 40 वर्ष निवासी जांजगीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया की 11 दिसम्बर को सुबह 10.00 बजे मिश्रा अस्पताल जांजगीर के पास रोड़ में मूंगफली बेच रहा था, तभी दो व्यक्ति मोटर सायकल से आए और चाकू दिखाकर धमकी देते हुए जेब में रखे 3180 रूपये और मोबाइल फोन को लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में धारा 394, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान अरूण श्रीवास एवं दुर्गेश नेताम निवासी जांजगीर के रूप में हुई जो आरोपीयो को घर में होने की जानकारी मिलने पर घेराबंदी कर पुलिस हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर लूट करना स्वीकार किया व लूट की रकम आपस में बांट लेना जिसमे से 1680 रु रकम खा पीकर खतम कर देना बताये एव शेष 1500 रु एवं मोबाइल को आपस में बांट लेना बताए जिसे बरामद किया गया है। आरोपी दुर्गेश नेताम एवं अरुण श्रीवास निवासी जांजगीर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णो, सहायक उप निरीक्षक उमेंद्र मिश्रा व थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 को शुष्क दिवस घोषित



**जांजगीर,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. (घघ कंपोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा, जांजगीर एवं भंडारण भंडागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

## ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में उमड़ रहा रोमांच

**डभरा,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा में 40 प्लस एकादश क्रिकेट टीम द्वारा ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 9 दिसंबर से किया जा रहा है। पांचवें दिन वरिष्ठ कांग्रेस नेता राइस किंग खूंटे प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। आयोजन दूसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है यह एक अच्छा कदम है, ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेलने के लिए एक मंच मिल रहा है जिसे अपने प्रतिभा निखारने का मौका मिल रहा है। 5 वे दिन के मैच में 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 40 प्लस के टीम एवं चुरतेला के टीम विजयी रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यशु शर्मा अजय चंद्रा खेमेंद्र नायक संतोष पटेल दिनेश पटेल अशोक कर्ष अविनाश पटेल शैलेंद्र बंजारे सहित 40 प्लस एकादश के टीम के सभी पदाधिकारी एवं क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 129 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई




जांजगीर, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। यातायात नियमों का उलल्धन करने वालो वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही में मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 129 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 44,6 रु समन शुल्क लिया गया है। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12.12.223 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 129 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 44,6 रु का समन शुल्क लिया गया है।

# आत्मधुनि योग समिति ने छात्र छात्राओं को स्वेटर व पेन बांटे




**डभरा,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। आत्मधुनि योग समिति द्वारा जनपद प्राथमिक शाला चुरतेली के 40 छात्र छात्राओं को स्वेटर व पेन का वितरण किया गया।

बता दें कि सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले शिक्षक धनीराम घृतलहरे द्वारा स्कूली बच्चों को स्वेटर एवं पेन देकर मदद की है। वे कई सालों से समय-समय पर बच्चों एवं अन्य लोगों को भी मदद करने के साथ ही विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार भी देते हैं। स्कूली बच्चों को अतिथियों द्वारा एवं महिला समूह के सदस्यों द्वारा स्वेटर एवं पेन का वितरण किया गया। आत्मधुनि योग समिति के संरक्षक एवं शिक्षक की इस कार्य को लेकर ग्रामीणों ने प्रशंसा की है। इस अवसर पर विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी एसएल वारे ने कहा कि शिक्षक धनीराम घृतलहरे के द्वारा स्कुली बच्चों को ठंड के समय स्वेटर देकर यह पुनीत कार्य है साथ ही उन्होंने बच्चों को पेन भी दिया गया है ऐसे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा लेकर अपने विद्यालयों में जरूरतमंद बच्चों की मदद करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच अशोक कुमार कुर्रे ,राधेश्याम भारद्वाज समन्वयक देवरघटा मिडिल स्कूल चुरतेली प्रधान पाठक ईश्वर यादव प्राथमिक प्रधान पाठक कमलेश कुमार घृतलहरे मध्यान्ह भोजन समूह के सदस्य व चुरतेली के स्टॉप से खूबचंद चंद्रा अमित सिदार ,भोज कुमार सिदार , राजेश सिदार ,हुलस राम टण्डन अनिता बसंत सहित स्कूल के बच्चे एवं पालक उपस्थित रहे ।

## बांग्लादेश में ट्रेन के पटरी से उतरने से एक की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके गाज़ीपुर में बुधवार को एक ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार को आज तड़के लगभग चार बजे हुई। स्थानीय जॉयदेबपुर रेलवे स्टेशन के प्रमुख हनीफ अली ने पत्रकारों को बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने पर लगभग आठ लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, इंजन सहित ट्रेन की सात बोगियां बेपटरी होने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

# देश विदेश

अमेरिकी अधिकारी ने दी जानकारी

# इजरायल ने गाजा सुरंगों में समुद्री जल भरना शुरू किया



आतंकवादी समूह के भूमिगत नेटवर्क को कमजोर करने की कोशिश

**वाशिंगटन,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने वाशिंगटन को सूचित किया कि उसने हमास आतंकवादी समूह के भूमिगत नेटवर्क को बड़े पैमाने पर कमजोर करने के लिए सीमित आधार पर गाजा की कुछ सुरंगों में समुद्री जल भरने का सावधानीपूर्वक परीक्षण शुरू कर दिया है। अधिकारी ने मंगलवार को सीएनएन को बताया कि इजरायली अभी भी इसको लेकर अनिश्चित हैं कि यह काम करेगा या नहीं।

उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने अमेरिका को आश्वासन दिया कि वे केवल उन सुरंगों में इसका परीक्षण कर रहे है जहां उन्हें विश्वास है कि वहां बंधक नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, सुरंगों में पानी के संबंध में ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि इनमें से किसी भी सुरंग में कोई बंधक नहीं है, लेकिन मैं इस तथ्य के बारे में नहीं जानता। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना या सरकार ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस महीने की शुरुआत में इजरायली सेना ने कहा था कि उसने गाजा में कम से कम 500 सुरंग शाफ्ट को नष्ट कर दिया और हमास नियंत्रित क्षेत्र के आसपास 800 से अधिक को नष्ट कर दिया। सेना ने पिछले सप्ताह कहा था कि सुरंग के कई शाफ्ट नागरिक क्षेत्रों के अंदर स्थित थे। 2021 में हमास ने गाजा के नीचे 500 किमी लंबी सुरंगें बनाने का दावा किया था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह आंकड़ा सटीक था या नहीं।

## उत्तरी गाजा में हमले में 10 इजरायली सैनिकों की मौत

**तेल अवीव।** इजराइली सेना (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उत्तरी गाजा में घात लगाकर किए गए हमले में 10 सैनिक मारे गए। 27 अक्टूबर को हमास-नियंत्रित क्षेत्र में जमीनी हमले के बाद से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। इसके साथ ही ऑपरेशन में मारे गए इजरायली सैनिकों की कुल संख्या 115 हो गई है। मृतकों की पहचान कर्नल यत्ज़ाक बेन बैसाट (44), कर्नल तोमर ग्रिनबर्ग (35), मेजर रोई मेल्डासी (23), मेजर मोशे अवराम बार-ऑन (23), सार्जेंट अचिया डस्कल (19), कैप्टन लील हायो (22), मेजर बेन शेली (26), मेजर रोम हेचट (20), सार्जेंट उड़िया याकोव, (19) और सार्जेंट एरन अलोनी (19) के रूप में की गई है। घटना के आसपास की परिस्थितियां अज्ञात बनी हुई हैं।



■ जमीनी हमले के बाद से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें

## हमास के नुखबा इकाई के मुख्यालय को नष्ट कर दिया गया: इजरायल

**गाजा।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि उसने विशिष्ट फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नुखबा इकाई के मुख्यालय को नष्ट कर दिया है। आईडीएफ के मुताबिक जिस मुख्यालय को नष्ट किया गया है, वहां पर सात अक्टूबर को इजरायल में हुए हमले की योजना वाले दस्तावेज स्थित थे। आईडीएफ ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों ने आईडीएफ सैनिकों पर हमला करने के लिए तैयार नुखबा आतंकवादी के आवास को ध्वस्त कर दिया। यह आवास हमास आतंकवादी संगठन के कमांड सेंटर के रूप में कार्य करता था और इसमें हमास के युद्ध संबंधी दस्तावेज और लैपटॉप थे, जिसमें सात अक्टूबर का नरसंहार परिचालन योजनाएं शामिल थीं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 14 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों। धार्मिक या मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है। तीर्थयात्रा के योग हैं।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा। प्रवास में विघ्न आने की संभावना है।

मिथुन - मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा। सार्वजनिक जीवन में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकर वर्ग और ननिहाल पक्ष से लाभ होगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात होगी।

कन्या - आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन पर चिंता का बोझ रहने से मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

तुला - शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी। व्यापार के लिए बाहर जाना हो सकता है। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

धनु - आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मांगलिक प्रसंग बनेंगे।

मकर - आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे। व्यवसायिक कामों में बाधा होगी। स्नेहीजनों की प्रतिष्ठा में हानि होगी।

कुंभ - नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा। सामाजिक मंडल में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे। व्यापारियों की भी आय में वृद्धि होगी। बकाया राशि का भुगतान होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1687-ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (भारत) में नगर निगम बनाया।
1921-एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने %डॉक्टर ऑफ़ लेटर्स% की उपाधि से विभूषित किया।
1924-भारतीय अभिनेता राजकपूर का जन्म।
1946-भारतीय नेता इंदिरा गाँधी के छोटे पुत्र संजय गाँधी का जन्म।
1946-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
1971-परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों का निधन।
1982-ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 13 वर्षों के बाद पुन- खोला गया।
1983-जनरल एच.एम. इरशाद ने खुद को बंगलादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
1995-बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था।
1997-ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत।
1998-23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में तमिल फ़िल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
2000-जार्ज डब्ल्यू बुश अमेरिका के 43वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
2002-पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता।
2003-अमेरिकी गठबंधन सैनिकों ने इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को तिकरित में गिरफ़्तार किया।
2007-उत्तर और दक्षिण कोरिया के मध्य 50 वर्ष बाद रेल सेवा पुन- प्रारम्भ।
2008-भारत ने अर्जेन्टीना के ख़िलाफ़ अंडर-21 हॉकी टेस्ट सीरीज के आख़िरी मैच 4-4 से ड्रा खेला।

## दक्षिण पश्चिम नाइजीरिया में सड़क हादसे में दस लोगों की मौत

**अबुजा,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक बस के ट्रक से टकरा जाने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी है।





संघीय सड़क सुरक्षा कोर की प्रवक्ता फ्लोरेंस ओकेपे ने ओगुन राज्य की राजधानी अबेओकुटा में संवाददाताओं से कहा कि यह घटना बस के तेज गति के कारण नियंत्रण खोने से लागोस-इबादान एक्सप्रेसवे के कारा पुल पर हुई।

सुश्री ओकेपे ने कहा कि एक्सप्रेसवे पर एक इंटरचेंज के लिए रास्ता तय करते समय चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई।

उन्होंने कहा कि घायलों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जबकि शवों को ओगुन के सगामू इलाके में एक मुर्दाघर में रखा गया है।

## कीव पर रूसी मिसाइल हमले में 53 लोग घायल

**कीव,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को मिसाइल दागे जाने से करीब 53 लोग घायल हो गये। मेयर वी कलिस्तको ने आज यहां यह जानकारी दी। श्री कलिस्तको ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टेलीग्राम' पर कहा, इस हमले में घायल दो बच्चों समेत 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शेष घायलों को आवश्यक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गयी। उन्होंने कहा कि रूस की ओर से किये गये हवाई हमले में पूर्वी निप्रोव्स्की और दक्षिणपूर्वी डार्निस्की जिलों में बच्चों का एक अस्पताल, एक अपार्टमेंट, निजी मकान और कई कार क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि कीव में दागे गए सभी 10 ब्लास्टिक मिसाइलों को निष्क्रिय कर दिया गया।



■ 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

## इक्वाडोर ने सशस्त्र हमले में बच्चों की हत्या की निंदा की

**क्विटो।** इक्वाडोर सरकार ने मंगलवार को दक्षिण अमेरिकी देश में हिंसा की लहर के बीच दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल के गुआस्मो सूर इलाके में सोमवार रात एक सशस्त्र हमले में चार बच्चों की हत्या की निंदा की। जनरल सेक्रेटेरिएट ऑफ़ कम्युनिकेशन ने एक बयान में कहा, 'गुआस्मो सूर में चार बच्चों की हत्या उस क्रूरता को दर्शाती है जो ये अमानवीय हत्यारे करने में सक्षम हैं।' बयान में कहा गया है कि सरकार तब तक आराम नहीं करेगी जब तक संदिग्धों को उनके अपराधों के लिए भुगतान नहीं करना पड़ता। इस सरकार में दण्ड से मुक्ति के लिए कोई जगह नहीं होगी, न ही हम उन लोगों के आगे झुकेंगे जो हमारे समाज में आतंक और विनाश के बीज बोने की कोशिश करते हैं।

## अमेरिकी सिख मेयर ने न्यू जर्सी से कांग्रेस की दावेदारी की घोषणा की

**न्यूयॉर्क,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। न्यू जर्सी के होबोकेन शहर के पहले सिख मेयर रवि भल्ला ने अमेरिकी राज्य के 8वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। भल्ला अगले साल डेमोक्रेटिक प्राइमरी में सीनेटर बॉब मेनेंडेज के बेटे, प्रतिनिधि रॉब मेनेंडेज जूनियर को चुनौती देंगे, जो संघीय भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। अगर वह निर्वाचित होते हैं, तो वह अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुने जाने वाले पहले सिख होंगे। भल्ला ने मंगलवार को कांग्रेस के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करते हुए कहा, मैं न्यू जर्सी के 8वें कांग्रेसनल जिले में कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि अमेरिका उन लोकतंत्रवादियों से बेहतर है जो हमें विभाजित करना चाहते हैं, या उन राजनेताओं से बेहतर है जो केवल अपनी सेवा के लिए प्रयास करते हैं। भल्ला ने पहली बार 26 साल की उम्र में होबोकेन में अपनी पहचान बनाई, उनकी वेबसाइट प्रोफाइल के अनुसार, लॉ स्कूल से स्नातक होने के बाद उन्होंने नेवार्क, न्यू जर्सी में एक छोटी सी लॉ फर्म में अपनी पहली नौकरी शुरू की। एक मुवक्किल के जेल जाने के दौरान अपने स्वयं के संवैधानिक और नागरिक अधिकारों के उल्लंघन का सामना करने के बाद उन्होंने अपनी कानूनी वकालत के लिए द न्यूयॉर्क टाइम्स से राष्ट्रीय मान्यता अर्जित करते हुए एक नागरिक अधिकार वकील के रूप में विशेषज्ञता हासिल की। इस घटना ने भल्ला को देश भर में सुधारात्मक सुविधाओं पर सुधार के लिए एक सफल अभियान का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। 2017 में छह उम्मीदवारों के बीच से शहर के 39वें मेयर के रूप में चुने जाने से पहले उन्होंने होबोकेन सिटी काउंसिल में आठ साल तक सेवा की।



## कंबोडिया में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया

**नोम पेन्ह,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। कंबोडिया में एक युवक मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित पाया गया, जो इस वायरस से संक्रमित दूसरा व्यक्ति है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक प्रयोगशाला परिणाम से मंगलवार को पता चला कि यहां के सेन सोक जिले में रहने वाला युवक (28) मंकीपॉक्स से संक्रमित है। इस महीने की शुरुआत में वह व्यक्ति जननांग मस्सा के लक्षण के बाद चिकित्सीय परामर्श के लिए एक अस्पताल गया था, जो गर्दन, गाल, बांह और पैरों तक भी फैल गया था। पीड़ित को तत्काल एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बयान के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारी किसी भी संदिग्ध मामले या पीड़ित के संपर्क में आए लोगों की जांच कर रहे हैं। मंकीपॉक्स वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। बयान के मुताबिक, मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित गर्भवती महिला का शिशु भी इससे संक्रमित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कंबोडिया में जुलाई 2022 में एक नाइजीरियाई व्यक्ति में मंकीपॉक्स का पहला मामला पाया था।

**घोषणा** राष्ट्रपति विलियम रुतो ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में की घोषणा

## जनवरी से केन्या जाने के लिए नहीं होगी वीजा की जरूरत

**नैरोबी,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। केन्या आने वाले विदेशी आगंतुकों को जनवरी 224 से वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, राष्ट्रपति विलियम रुतो ने राजधानी नैरोबी में आयोजित जम्हूरी दिवस-या स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान यह घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रुतो ने मंगलवार को कहा कि सभी विदेशी नागरिक अगले साल जनवरी से बिना वीजा के देश में प्रवेश कर सकेंगे। इस कदम से पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, जनवरी 2024 से केन्या एक वीजा-मुक्त देश होगा। अब दुनिया के किसी भी कोने से किसी भी व्यक्ति को केन्या आने के लिए वीजा के लिए आवेदन करने का बोझ उठाना जरूरी नहीं होगा। केन्याई नेता ने कहा कि वीज़ा-मुक्त नीति को लागू करने के लिए सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म अपनाया है जिससे सभी यात्रियों की इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पहले से पहचान की जा सकेगी। रुतो ने कहा कि केन्या आने वाले विदेशी नागरिकों को एक इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वीज़ा मुक्त व्यवस्था पर्यटन और सीमा रहित वाणिज्य के विकास को बढ़ावा देने के उनके प्रशासन के प्रयास के अनुरूप है।

■ इस घोषणा से देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलने जताई जा रही उम्मीद



केन्या ने पहले इंडोनेशिया, सेनेगल और कांगो के नागरिकों के लिए वीजा आवश्यकताओं को माफ कर दिया था, जो पर्यटकों, निवेशकों और कुशल कर्मियों की आवाजाही को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय समझौतों पर आधारित था। सितंबर 2022 में सत्ता संभालने के बाद से राष्ट्रपति रुतो ने महाद्वीप के एकीकरण एजेंडे को साकार करने के लिए केन्या जाने वाले अफ्रीकियों के लिए वीजा को खत्म करने की वकालत की है।

केन्या से पहले रवांडा ने नवंबर में सभी अफ्रीकियों के लिए वीज़ा-मुक्त यात्रा की घोषणा की थी। स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर समारोह में अपने भाषण के दौरान, रुतो ने कहा कि उनका प्रशासन जन-केंद्रित विकास मॉडल के अनुरूप विनिर्माण, कृषि, स्वास्थ्य और वित्तीय सेवाओं सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को नवीनीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, रुतो ने कहा कि केन्या अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एएफसीएफटीए) के निर्माण से सर्वोत्तम लाभ प्राप्त करने के लिए एक परिवहन और रसद केंद्र की भूमिका में बना रहेगा।

## सुडोकू 6405


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| | | | 5 | 2 | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | | | | | 3 |
| 7 | | | 9 | 5 | 6 | | | 2 |
| 8 | | | | | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | 4 | 3 | | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | 1 | 4 | | | 5 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6405



**बायें से दायें:-**
१. वह स्त्री जिसने हाल ही में किसी बच्चो कैो जन्म दिया हो
४. कर्ण
६ मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को पूरे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करना
१७. धवनि, आवाज
२०. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**
१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. ऊंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. बिसारना
१४. बर्दाश्त करना
१५. पकना, मेच्योर्ड
१६. वह जगह जहां खेतों से काटकर फसल रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6404

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ब | ही | २ खा | ता | ■ | ■ | ३ अ | प | ४ वि | त्र |
| र | ■ | द्य | ■ | ५ अ | टू | ट | ■ | रो | ■ |
| ६ सा | कि | न | ■ | नु | ■ | ७ क | ला | ध | ८ र |
| त | ■ | लि | ■ | ९ सा | य | ल | ■ | ■ | क्त |
| ■ | १० ब | का | ११ सु | र | ■ | ■ | १२ रो | च | क |
| ■ | का | ■ | धा | ■ | १३ सं | बं | ध | ■ | म |
| १४ भ | या | १५ तु | र | ■ | ग्रा | ■ | १६ क | १७ पा | ल |
| ग | ■ | ला | ■ | १८ क | म | १९ ला | ■ | दु | ■ |
| २० द | रिं | दा | ■ | दा | ■ | २१ ल | ल | का | २२ र |
| ड़ | ■ | २३ न | र | पि | शा | च | ■ | ■ | व |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6405 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 |

## दुनिया को जानें


### भारतीय मूल की डेटा वैज्ञानिक ने ब्रिटेन का शीर्ष रेल पुरस्कार जीता

**लंदन,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मूल की एक डेटा वैज्ञानिक को अपने कार्यक्षेत्र में असाधारण कौशल, दृढ़ता और पेशेवर उपलब्धि प्रदर्शित करने के लिए ब्रिटेन में 2023 रेलस्टाफ अवार्ड्स में न्यूकमर ऑफ द ईयर नामित किया गया है। महाराष्ट्र में जन्मीं 26 वर्षीय स्मितल ढाके जुलाई 2022 में रेल क्षेत्र में शामिल हुईं। वह ब्रिटेन और आयरलैंड में नई ट्रेनें और ट्रेन सेवा प्रदाताओं की प्रमुख आपूर्तिकर्ता कंपनी एल्सटॉम की पहली और एकमात्र डेटा वैज्ञानिक हैं। ढाके ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह मुझे कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा, और मुझे उम्मीद है कि यह उन अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा जो उद्योग में नए हैं। मैं वास्तव में उन सभी के लिए आभारी हूं जिन्होंने मेरी यात्रा में मेरी मदद की है। मुझे अद्भुत गुरु, सहकर्मी और प्रबंधक मिले। मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। बर्मिंघम में हाल ही में एक समारोह में घोषित इस पुरस्कार का उद्देश्य उन व्यक्तियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना है जो रेल में नए हैं या जिन्होंने करियर में बदलाव करके प्रशिक्षु बनने का विकल्प चुना है।

# खेल जगत

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में आस्ट्रेलिया से पहले भिड़ना होगा फायदेमंद: शान मसूद

**पर्थ,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के नजरिए से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज न सिर्फ रोमांचक होगी बल्कि टीम को खुद को जांचने परखने का भरपूर मौका देगी। पाकिस्तान गुरुवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरुआत करेगा। चार साल में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के लिए यह पाकिस्तान का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। मैच की पूर्व संध्या पर मसूद ने पत्रकारों से कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में मेरी टीम कहां है, इसका आकलन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया सबसे उपयुक्त जगह होगी। जब आप बड़ी तस्वीर के बारे में बात करते हैं, तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप है। इसलिए हर टेस्ट मैच, हर एक अंक मायने रखता है। यह दो साल का चक्र है, इसलिए हमें कई अन्य टेस्ट मैच भी खेलने हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया शुरुआत करने के लिए एकदम सही जगह है।



# रिंकू व सूर्य के तेज अर्धशतक भारत के काम न आए

■ द. अफ्रीका ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 5 विकेट से दूसरा टी-20 जीता

■ भारत को सीरीज बराबरी पर समाप्त करने के लिए तीसरा व अंतिम टी-20 जीतना जरूरी

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। कप्तान सूर्य कुमार यादव और रिंकू सिंह के शानदार तेज अर्धशतक भी सेंट जॉर्ज पार्क, ग्वेकबरा(दक्षिण अफ्रीका) में भारत के काम न आए। सलामी बल्लेबाज रेजा हेंड्रिक्स की 49 रन की तूफानी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत को बारिश से प्रभावित तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में मंगलवार रात डकवर्थ लुईस के नियम के आधार पर पांच विकेट से हरा कर 1-0 की बढ़त ले ली। डरबन में सीरीज का पहला टी-20 मैच बारिश से धुल गया गया। भारत को अब सीरीज एक एक की बराबरी पर समाप्त कराने के लिए जोहानिसबर्ग में बृहस्पतिवार को सीरीज का तीसरा और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच हर हाल में जीतना होगा। भारत के बल्लेबाजों खासतौर पर शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को मंगलवार के मैच की हड़बड़ी की बजाए पिच की उछाल की थाह लेने के बाद जोहानिसबर्ग में अपने स्ट्रोक खेलने और खासतौर लेग स्पिनर कुलदीप यादव की बजाए तेज लेग स्पिन करा विकेट चटकाने वाले नौजवान रवि बिश्नोई को एकादश में शामिल करने की बाबत गंभीरता से सोचना होगा।



सूर्य कुमार यादव (56 रन, 36 गेंद, 3 छक्के, पांच चौके) के बेहतरीन अर्द्धशतक और तीसरे विकेट के लिए तिलक वर्मा (29 रन, 20 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के साथ 24 गेंदों में 49 और रिंकू सिंह (अविजित 68 रन, 29 गेंद, दो छक्के, 9 चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने मंगलवार को पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर सेंट जॉर्ज पार्क, में तीन टी-20 मैचों की क्रिकेट सीरीज के दूसरे मैच में बारिश के कारण मंगलवार को खेल रोके जाने के समय 19.3 ओवर सात विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के बाद खेल फिर शुरू होने पर भारत की पारी यहीं समाप्त कर दी गई और जीत के लिए डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को 15 ओवर में 152 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। सलामी रेजा हैंड्रिक्स (49 रन, 27 गेंद, एक छक्का, आठ चौके ) और कप्तान एडेन मरक्रम (30 रन, 17 गेंद, एक छक्का और चार चौके) की पांच ओवर में दूसरे विकेट की 54 रन की भागीदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 13.5 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाकर मैच जीत लिया। रेजा हेंड्रिक्स ने अपने सलामी जोड़ीदार नवोदित मैथ्यू ब्रिटजकी के साथ मात्र 16 गेंदों में 42 रन जोड़ दक्षिण अफ्रीका के तेज शुरू दी लेकिन के रन आउट होने से यह भागीदारी टूटी। मरक्रम को मुकेश कुमार ने डीप स्कवॉयर लेग पर सिराज के हाथों कैच कराया और इसी स्कोर पर 12 रन और जुड़े थे कि रेजा हेंड्रिक्स ने लेग स्पिनर कुलदीप यादव की गेंद को उड़ाने के फेर में कप्तान सूर्य कुमार यादव के हाथों कवर में कैच थमाया और हेनरिक क्लासेन (7) को वाइड लॉन्ग आन पर कैच कराया दक्षिण अफ्रीका का स्कोर दसवें ओवर में चार विकेट पर 108 रन हो गया।

## टी20 रैंकिंग में नंबर एक पर मजबूत हुए सूर्या

दुबई। भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम की टी20 शृंखला के दूसरे मैच में अपने तेज अर्धशतक के बाद आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में 56 रन बनाकर कुल 10 रेटिंग अंक हासिल किए और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर 1 रैंक वाले बल्लेबाज के रूप में अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। बुधवार को नई आईसीसी टी20 रैंकिंग अपडेट के अनुसार, सूर्यकुमार 865 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जो उन्हें उनके प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान (787 रेटिंग अंक) और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम (758) के खिलाफ एक मजबूत स्थिति में रख रहा है। सूर्यकुमार ने पिछले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के हालिया संस्करण के दौरान प्रीमियर रैंकिंग हासिल की थी। मैच के बाद अन्य गतिविधियों में रिंकू सिंह का सितारा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि वह बल्लेबाजों के बीच 46 पायदान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। केवल 39 गेंदों में नाबाद 68 रन की पारी ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ 464 रेटिंग अंक तक पहुंचा दिया।

# भारत करेगा पाइथियन की मेजबानी

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत पहली बार पायथियन गेम्स फेस्टिवल 2023 की मेजबानी करेगा। तीन दिवसीय फेस्टिवल का उद्देश्य प्राचीन ग्रीक




पैन हेलेनिक पायथियन गेम्स को पुनर्जीवित करना है। इंटरनेशनल पाइथियन काउंसिल और पाइथियन काउंसिल ऑफ दिल्ली के तत्वावधान में, मेगा इवेंट 19-21 दिसंबर तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में होगा। 10 से अधिक देशों के 5,000 से अधिक कलाकारों और एथलीटों के भाग लेने के साथ, यह महोत्सव कला, संस्कृति और खेल का एक भव्य महोत्सव बनने के लिए तैयार है।

मॉडर्न पायथियन खेलों के संस्थापक, डेल्फिक इंडिया ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी, अंतरराष्ट्रीय पायथियन परिषद के संस्थापक महासचिव बिजेन्द्र गोयल ने इस अवसर पर कहा कि पिछले वर्ष ग्रीस के डेल्फी आर्थिक मंच में

■ 19 से 21 दिसंबर को नई दिल्ली में होगा पायथियन गेम्स फेस्टिवल

पायथियन खेलों की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया था, जो 1894 के बाद ओलंपिक्स की तरह इस महोत्सव के रूप में आएगा। यह कला और खिलाड़ियों के लिए एक वैश्विक ऑनलाइन और शारीरिक मंच के रूप में कार्य करेगा, जिसमें वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और साझा करने का संवाद कर सकते हैं। पायथियन परिषद ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बीएच अनिल कुमार ने कहा कि यह केवल प्रतिभा का उत्सव ही नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को बढ़ावा देने का एक मंच भी है।

दिल्ली पायथियन परिषद के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने कहा कि इसमें संगीत कला से लेकर वर्चुअल कला जैसी विभिन्न श्रेणियों को एकत्र करने का एक अवसर है। यह दिल्ली के लिए एक अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का एक अवसर है और दिल्ली के युवा से अधिक समर्थन और बढ़े हुए भागीदारी की अपील करता है।



# 2024 सीजन में भी ससेक्स के लिए खेलेंगे पुजारा

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी दाएं हाथ के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड में 2024 घरेलू क्रिकेट सत्र के लिए ससेक्स के साथ फिर से अनुबंध किया है, काउंटी क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुजारा, जिन्होंने आखिरी बार जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के लिए टेस्ट खेला था। लगातार तीसरे सीज़न के लिए ससेक्स के साथ जुड़ेंगे और टीम के पहले सात काउंटी चैम्पियनशिप मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। ससेक्स के लिए अपने 18 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में पुजारा ने 64.24 की औसत से आश्चर्यजनक 1863 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। पुजारा ने एक बयान में कहा, 'मैंने पिछले कुछ सीज़न में अपने समय का आनंद लिया है और ससेक्स परिवार के साथ फिर से वापस आकर खुशी है। मैं टीम में शामिल होने और इसकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।' ससेक्स के लिए उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में डर्बीशायर के खिलाफ आया जब उन्होंने 231 रन बनाए, जब उन्होंने टॉम हैन्स के साथ 351 रनों की साझेदारी की, जिन्होंने दोहरा शतक भी बनाया। 2023 में उनका सर्वोच्च स्कोर 151 रन ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ था, जिसमें 20 चौके और दो छक्के शामिल थे।ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने कहा, 'मुझे खुशी है कि चेतेश्वर सीज़न के पहले दो महीनों के लिए फिर से होव लौट रहे हैं। वह न सिर्फ एक उच्च कोटि का खिलाड़ी है बल्कि एक उच्च कोटि का इंसान भी है। मैचों में उनका अनुभव और शांति हमारी टीम के लिए एक शानदार संपत्ति है।' पुजारा के अलावा, ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूजेस और नाथन मैकएंड्रु की जोड़ी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स 2024 सीज़न में ससेक्स के लिए अन्य विदेशी खिलाड़ी होंगे।

# आईपीएल 224 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होगी

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होगी। यह पहला मौका होगा जब ऑक्शन का आयोजन भारत के बाहर होगा। 10 फ्रेंचाइजी में 70 खाली रोस्टर स्थानों को 333 क्रिकेटरों के पूल से भरा जाएगा। हर साल आईपीएल अपने हाई-स्टेक ड्रामा के साथ भारत और वर्ल्ड क्रिकेट फैंस को रोमांच के साथ 'क्रिकेट के कॉकटेल' का लुत्फ उठाने का मौका देता है। इसलिए, नीलामी 2024 के लिए यह उत्साह बढ़ाने में पहला कदम है। आईपीएल 2024 नीलामी कब और कहां है? आईपीएल 2024 के लिए




खिलाड़ियों की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई, यूएई में होगी। यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होने वाला है। कई लोग सोच रहे होंगे कि यह आईपीएल आयोजन भारत के बाहर क्यों आयोजित किया जाएगा क्योंकि 2 सीज़न पहले ही महामारी प्रतिबंधों के कारण टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित करना पड़ा था। खैर, इस साल उन्हें विदेशों में नीलामी करने का एकमात्र कारण यह था कि इस समय भारत में शादी का मौसम है।

आईपीएल के एक अधिकारी के अनुसार साल के इस समय में होटल की उपलब्धता एक मुद्दा हो सकती है इसलिए उन्होंने दुबई में नीलामी आयोजित करने का फैसला किया। पिछले साल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी ऐसा ही करने की योजना बनाई थी। पहले यह सोचा गया था कि पिछले आईपीएल सीज़न की नीलामी इस्तांबुल में होने वाली थी, लेकिन बीसीसीआई ने इसे आगे नहीं बढ़ाया।

# सपाट व फिसलन भरे विकेट पर फोकस गेंदबाजों पर होगा

**नवी मुंबई,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। कप्तान हरमनप्रीत कौर के पिच को 'स्किडी' घोषित करने के बाद जब भारत गुरुवार से यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में चार दिवसीय एकमात्र महिला टेस्ट में इंग्लैंड से भिड़ेगा तो ध्यान गेंदबाजों पर होगा। हरमनप्रीत कौर ने माना कि पिच ज्यादा स्पिन नहीं करेगी और इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। वहीं इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने सहमति जताई कि पिच सपाट और स्किड होगी। उन्होंने कहा कि वे एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ टेस्ट में जाने पर विचार कर रहे हैं।



हरमन ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब मैंने आखिरी बार पिच देखी थी, तो वे इस पर और फिसलन कर रहे थे। यह अधिक टर्न नहीं ले पाएगी और स्पिनरों के लिए भी स्किडी होगी। मध्यम तेज गेंदबाजों के स्पैल बहुत महत्वपूर्ण होंगे।' हालांकि, 34 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने माना कि स्पिनरों को पिच से ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत के पास अनुभवी गेंदबाज हैं, जो जानते हैं कि ऐसी सतह से फायदा कैसे उठाया जा सकता है।

34 वर्षीय हरमनप्रीत ने कहा, 'हमारे पास ऐसे स्पिनर हैं जिनके पास सपाट, फिसलन वाली सतहों पर गेंदबाजी करने का अनुभव है। अगर हम अच्छी गेंदबाजी करते हैं और आक्रामक फील्ड प्लेसमेंट के साथ जाते हैं, तो हम विकेट ले सकते हैं। एक बल्लेबाज के रूप में यदि आप सेट हो सकते हैं, तो यह आसान हो जाएगा लेकिन साथ ही अगर आप गेंद से आक्रमण करते हैं तो यह आसान नहीं होगा।' हीथर नाइट को उम्मीद है कि विकेट स्किड होगा और स्पिनरों को भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि सतह और परिस्थितियों का अंतिम एकादश पर असर पड़ेगा, हालांकि वे अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ उतरना चाहेंगे।

## इंग्लैंड के खिलाफ हम आक्रामक क्रिकेट खेलेंगे: हरमनप्रीत

मुंबई। रेड-बॉल क्रिकेट में करीब 9 साल बाद वापसी कर रही भारतीय महिला टीम के हौसले बुलंद हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चार दिवसीय एकमात्र टेस्ट मैच में केवल दो दिन की तैयारी के साथ मैदान पर उतर रही भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे आक्रामक खेल खेलेंगी। भारत ने आखिरी बार घरेलू मैदान पर नौ साल पहले टेस्ट मैच खेला था और उनका आखिरी लाल गेंद का मैच दो साल पहले कैरारा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। हरमनप्रीत कौर उस मैच से चूक गईं और इस तरह वह कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत करेंगी। उनके कई साथियों ने मल्टी-डे क्रिकेट नहीं खेला है क्योंकि महिला क्रिकेटरों को घरेलू सर्किट में रेड-बॉल क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिलता है। इस प्रकार लाल गेंद वाला क्रिकेट उनमें से कई लोगों के लिए एक अज्ञात वस्तु है। मौजूदा टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी डिप्टी स्मृति मंधाना ही एकमात्र ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने घरेलू मैदान पर रेड-बॉल क्रिकेट खेला है।

## सार संक्षेप

### उस्मान ख्वाजा ने जूतों पर संदेशों को लेकर लड़ने और आईसीसी की मंजूरी लेने की कसम खाई

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा ने कसम खाई है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लड़ेंगे और इसकी मंजूरी लेंगे, क्योंकि उन्हें जूते पहनने की अनुमति नहीं दी गई थी, जिस पर ऑस्ट्रेलिया के पहले शासनकाल के दौरान गाजा के लोगों के पक्ष में लिखा था। पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच गुरुवार से ऑप्टस स्टेडियम में शुरु हो रहा है। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र के दौरान फोटोग्राफरों और पत्रकारों ने ख्वाजा के जूतों पर संदेश देखे। आईसीसी की शर्तों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के दौरान कपड़ों पर पहने जाने वाले शब्दों या लोगो के बारे में सख्त नियम हैं। 214 में, मोईन अली को रिस्टबैंड पहनने से प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिस पर 'सेव गाजा' और 'फ्री फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। 'मैंने अपने जूतों पर जो लिखा है, वह राजनीतिक नहीं है। मैं किसी का पक्ष नहीं ले रहा हूं। मेरे लिए मानव जीवन बराबर है। एक यहूदी जीवन एक मुस्लिम जीवन के बराबर है, एक हिंदू जीवन के बराबर है इत्यादि। मैं उन लोगों के लिए बोलना चाहता हूँ जिनके पास आवाज नहीं है।' 'आईसीसी ने मुझे बताया है कि मैं मैदान पर अपने जूते नहीं पहन सकता क्योंकि उन्हें लगता है कि यह उनके दिशानिर्देशों के तहत एक राजनीतिक बयान है। मुझे विश्वास नहीं है कि ऐसा है। यह एक मानवीय अपील है। मैं उनके विचार और निर्णय का सम्मान करूंगा। लेकिन ख्वाजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'इससे लड़ेंगे और आईसीसी की मंजूरी हासिल करने की कोशिश करेंगे।'

### महिलाओं के 15-रेड स्नूकर ताज के लिए फिर से अमी बनाम अनुपमा का मुकाबला

चेन्नई। मौजूदा चैंपियन अमी कमानी (मध्य प्रदेश) 6-रेड के लिए मुकाबला करने के तीन दिन बाद, मौजूदा 9वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप में महिलाओं के 15-रेड स्नूकर खिताब के लिए तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन से भिड़ेंगी। बुधवार के सेमीफाइनल में, 6-रेड स्नूकर खिताब हासिल करने वाली एमी ने पिछले साल की उपविजेता कर्नाटक के कीर्तन पांडियन को 3- से हराया, जबकि अनुपमा ने सुनीति दमानी (पश्चिम बंगाल ) को समान अंतर से हराया, जिसमें 36, 38 और 62 का ब्रेक शामिल था। पिछले साल बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में शीर्ष -8 में रहने के बाद अनुपमा की नज़र अपने पहले सीनियर राष्ट्रीय खिताब पर है। इस साल, वह आईबीएसएफ विश्व अंडर-21 स्नूकर चैंपियनशिप में कीर्तना के बाद उपविजेता रही और पिछले महीने आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में विद्या पिल्लई के बाद दूसरे स्थान पर रही।

# भारत का जर्मनी के खिलाफ जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में होगा कड़ा इम्तिहान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम का एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप (अंडर 21) के इतिहास में सबसे ज्यादा लगातार चार और कुल छह बार खिताब जीतने व पिछले संस्करण सहित दो बार की उपविजेता जर्मनी के खिलाफ क्वालालंपुर में 13 वें संस्करण के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को कड़ा इम्तिहान होगा। जर्मनी की जूनियर टीम ने मौजूदा जूनियर विश्व से पहले इसके 12 में 11 संस्करणों में पदक जीते हैं। कप्तान उत्तम सिंह की अगुआई वाली 2001 और 2016 के संस्करण की चैंपियन तथा 1997 की उपविजेता भारत की जूनियर टीम के पास बृहस्पतिवार को जर्मनी की जूनियर से अपने घर भुवनेश्वर 2021 के संस्करण में सेमीफाइनल में मिली 2-4 की हार का हिसाब चुकता करने का मौका है। भारत और जर्मनी की जूनियर टीमें अब तक 13 बार आमने सामने हुईं हैं और छह-छह बार जीती हैं एक बार मुकाबला ड्रॉ रहा है। भारत की जूनियर टीम इस साल जर्मनी की जूनियर टीम से भले ही अपने चारों मैच हारी है लेकिन इससे उसकी ताकत का भली भांति अहसास हो गया है। अभी हाल ही में जर्मनी की जूनियर टीम ने भारत की जूनियर टीम को सुल्तान ऑफ जोहोर कप के सेमीफाइनल 6-3 से हराया था। भारत की जूनियर टीम जर्मनी की



जूनियर ताकत से वाकिफ है और उसी के मुताबिक बेहतर रणनीति बना कर बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में उतरना होगा। बड़े मुकाबले और बड़े मंच पर जर्मनी की जूनियर टीम को अपने खेल का स्तर उंचा उठाना आता है और ऐसे में उसके खिलाफ भारतीय जूनियर टीम आखिरी मिनट तक जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकती है।

भारत की अग्रिम पंक्ति में खुद कप्तान उत्तम सिंह और बॉबी सिंह धामी ने जर्मनी के खिलाफ 2021 के संस्करण के सेमीफाइनल में भुवनेश्वर में एक-एक गोल दागा था। उत्तम सिंह, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरिमाको, अरिजित सिंह हुंदल, विष्णुकांत सिंह और शारदा नंद तिवारी जैसे 2021 के संस्करण में खेलने वाले भारत की जूनियर टीम के आधा दर्जन खिलाड़ी 2023 के संस्करण में भारतीय टीम का हिस्सा है। भारतीय टीम मौजूदा जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इकलौती टीम है।

भारत की जूनियर टीम को जर्मनी से पिछले संस्करण की हार का हिसाब चुका फाइनल में पहुंचना है तो खासतौर उसके लिए पहले मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हैट्रिक सहित कुल चार मैचों में सबसे ज्यादा चार गोल करने वाले स्ट्राइकर अरिजित सिंह हुंदल, तीन-तीन गोल करने वाले स्ट्राइकर आदित्ज अर्जुन लालगे और ड्रैग फ्लिकर और रशर रोहित, दो-दो गोल करने वाले कप्तान

■ भारत की जू. टीम के पास जर्मनी की टीम से हिसाब चुकाने का मौका

उत्तम सिंह, सौरभ कुशवाहा और अमनदीप सिंह को 'स्ट्रक्चर' पर काबिज रहते हुए जर्मनी के खिलाफ मैदानी गोल करने के सभी मौकों को भुनाते हुए मैदानी गोल करने के साथ बराबर पेनल्टी कॉर्नर भी दिलाने होंगे। खासतौर पर भारत की जूनियर टीम के रशर और ड्रैग फ्लिकर रोहित, अमनदीप लाकरा के साथ स्ट्राइकर ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंदल का भी ड्रैग फ्लिकर के रूप में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने के लिए इस्तेमाल करना होगा।

भारत के खिलाफ मलयेशिया में जूनियर विश्व कप से ठीक पहले सुल्तान ऑफ जोहोर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में दो गोल करने वाले स्ट्राइकर निकल्स ब्रेंडट ने क्वालालंपुर में जूनियर विश्व कपन 2023 में साथी स्ट्राइकर लियाम होल्डरमैन, फ्लेरियन स्पर्लिंग ने सबसे ज्यादा तीन-तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि ड्रैग फ्लिकर याकूब ब्रिला और पॉल ग्लेडनर जैसे ड्रेग फ्लिकर से चौकस रहना होगा। जर्मनी की जूनियर टीम के हमलों के वक्त खासतौर पर विष्णुकांत और कप्तान उत्तम सिंह को पीछे आकर भारत की जूनियर टीम के गोलरक्षक मोहित, फुलबैक सुनील जोजो व रोहित की मदद करनी होगी।

### जर्मनी की जू. टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध : उत्तम सिंह

भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, 'हर खिलाड़ी का सपना फाइनल जीतना होता है और हम शिद्दत से इस लक्ष्य को हासिल करने में जुटे हैं। हमारी टीम बढिया रंग में है और हम जर्मनी से कई बार भिड़ने के कारण उसकी ताकत और कमजोरियों से वाकिफ हैं। हम दुनिया के बड़े टूर्नामेंट में मात्र शिरकत ही नहीं करना चाहते हैं और इसमें जीत का लक्ष्य ही हमारी प्रेरणा है। अब हम बचे समय का उपयोग खुद को इसके लिए तैयार करने और जर्मनी की जूनियर टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध हैं। अब हम दबाव में खेलने के अभ्यस्त हो चुके हैं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ जूनियर एशिया कप का फाइनल हो या फिर सुल्तान ऑफ जोहोर कप में कांस्य पदक के लिए मैच हम जीतने में सफल रहे। हमने दबाव में खेलने से निपटने के लिए खासी मेहनत की है और दक्षता पाई है। हमारे लिए अच्छी बात है कि हमारी मौजूदा टीम में करीब आधा दर्जन खिलाड़ी पिछले संस्करण में खेल चुके हैं और उनका अनुभव बृहस्पतिवार को जूनियर विश्व कप के सेमीफाइनल में काम आएगा।' भारत की जूनियर टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, 'जर्मनी की जूनियर टीम बेशक मजबूत टीम है और हम उसके खिलाफ हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहोर कप में खेल चुके हैं लेकिन तब हम टीम कुछ और थी और उसकी सोच भी।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 1.87 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.28 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.07 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.82 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.43 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 1.90 प्रतिशत |
| मारुति | 1.87 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.71 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.71 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.43 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी को पाटने की गंभीर जरूरतः आईटी राज्य मंत्री

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने बुधवार को यहां कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नौकरियों के लिए प्रतिभा की भविष्य की पाइपलाइन को आकार देने के लिए टेक उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों को वैश्विक स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करने की गंभीर आवश्यकता है। मंत्री ने राजधानी में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन एक फायरसाइड चैट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का पोषण करना एक ऐसी चीज है जिसमें सरकारें मदद कर सकती हैं लेकिन निश्चित रूप से इसमें मुख्य भूमिका नहीं निभा सकती हैं। भविष्य की नौकरियों के लिए उद्योग और शिक्षाविदों को मिलकर काम करना होगा।

चंद्रशेखर ने सभा को बताया, 'यह स्पष्ट है कि एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की भारी कमी होने वाली है। हमारे शैक्षणिक संस्थानों, चाहे वह यूके, जापान या भारत में हों, को वास्तव में इसे समझने और इस एआई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक प्रतिभा प्रदान करना शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है।' मैकिन्से डेटा के अनुसार, एआई



**प्रतिभा का पोषण करना एक ऐसी चीज है जिसमें सरकारें मदद कर सकती हैं लेकिन निश्चित रूप से इसमें मुख्य भूमिका नहीं निभा सकती हैः राजीव चन्द्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री**

टूल्स का संभावित आर्थिक मूल्य आगे चलकर 26 लाख करोड़ डॉलर तक हो सकता है। मैकिन्से के अनुसार, 'दुर्भाग्य से, एआई को अपनी पूर्ण व्यावसायिक क्षमता तक पहुंचने में एक प्रमुख सीमित कारक एआई में नवाचार जारी रखने के लिए सही कौशल और क्षमताओं वाले व्यक्तियों की उपलब्धता है।' मंत्री के अनुसार, एआई उद्योग को अत्याधुनिक प्रतिभा, आर्किटेक्ट और बड़े-भाषा मॉडल (एलएलएम) के डिजाइनरों की जरूरत है। चंद्रशेखर ने कहा, 'जैसे-जैसे हम इस एआई मार्ग पर आगे बढ़ेंगे, अधिक से अधिक जटिलताएँ और क्षमताएँ होंगी जिनके लिए हमें प्रतिभा की आवश्यकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह इस पूरी रणनीति का लगभग केंद्रीय हिस्सा है कि हम राष्ट्रों के एक समूह के रूप में विकसित हो रहे हैं, हमारे पास एक प्रतिभा पूल है जो इन क्षमताओं का निर्माण कर रहा है।' ऐसा टैलेंट पूल बनाने के लिए विभिन्न देशों और उद्योगों के अकादमी नेटवर्क को मिलकर काम करना होगा। मंत्री ने कहा, 'पाठ्यक्रम को संरेखित करें और पीछे मुड़कर देखने और अनुमान लगाने की बजाय भविष्य के लिए तैयार कौशल के साथ भविष्य के लिए तैयार नौकरियों के लिए शिक्षित करें।' टेक स्टाफिंग फर्म टीमलीज डिजिटल की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 45 हजार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नौकरियों के अवसर हैं, जिनमें डेटा वैज्ञानिक और मशीन लर्निंग (एमएल) इंजीनियर सबसे अधिक मांग वाले करियर में से हैं।

नैसकॉम ने हाल ही में कहा था कि भारत

## '2024 में 63 प्रतिशत भारतीय कंपनियां ऑटोमेशन, जेनएआई में निवेश करेंगी'

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। करीब 63 प्रतिशत भारतीय उद्यम आगामी 12 महीनों (2024) में अपनी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के स्वचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) की ओर सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं, पिछले साल से एआई निवेश में 85 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है।

ग्लोबल सॉफ्टवेयर कंपनी ऑटोमेशन एनीव्हेयर के अनुसार, इनमें से 33 प्रतिशत उद्यम रणनीतिक रूप से विकास के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में जेनरेटिव एआई को अपनाने की योजना बना रहे हैं, जो व्यवसाय अनुकूलन और परिवर्तन की खोज में इनोवेटिव प्रौद्योगिकियों के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। ऑटोमेशन एनीव्हेयर के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी अंकुर कोठारी ने कहा, 'उत्पादकता आर्थिक विकास और दुनिया के विकास के अगले स्तर का आधार है। एआई और जेनरेटिव एआई समेत इंटेलिजेंट ऑटोमेशन, हमारे सामने उभर रहे बड़े पैमाने पर उत्पादकता संकट को हल करने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।' भारतीय उद्यमों में एआई के मूल्य की व्यापक मान्यता के बावजूद, तैनाती की चुनौतियां बनी हुई हैं। लगभग 39 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने एआई प्रौद्योगिकियों को अपनाने में प्राथमिक बाधाओं के रूप में डेटा चुनौतियों और नियामक/नैतिक चिंताओं का जिक्र किया।



करीब 52 प्रतिशत ने कहा कि तकनीकी जटिलताएं और डेटा सुरक्षा वे चुनौतियां/बाधाएं हैं, जिन्हें वे एआई को अपनाने और उपयोग करने में महसूस करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन चिंताओं के बावजूद, 33 प्रतिशत भारतीय उद्यम एआई प्रौद्योगिकियों से जुड़े संभावित जोखिमों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों और गोपनीयता प्रोटोकॉल को लागू करने में विश्वास व्यक्त करते हैं।

सत्येन मखीजा ने कहा, 'हम अपने ग्राहकों के लिए ऑटोमेशन और एआई/एमएल में निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं, जिसमें जेनरेटर एआई नए उपयोग के मामलों की पहचान कर रहा है और व्यावसायिक परिणामों में सुधार कर रहा है।'

## डेनमार्क स्थित सीओडब्ल्यूआई ने अपनी भारतीय शाखा के लिए उद्योग की पहली पितृत्व अवकाश नीति शुरू की

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। लगभग अरब डॉलर के वैश्विक कारोबार वाली वैश्विक इंजीनियरिंग और डिजाइन कंसल्टेंसी सीओडब्ल्यूआई ए/एस की सहायक कंपनी सीओडब्ल्यूआई इन इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में अपने पुरुष कर्मचारियों के लिए एक इंडस्ट्री फर्स्ट पहल लागू की है। इसके तहत बच्चे के जन्म और गोद लेने दोनों के मामले में, छह सप्ताह या 30 कार्य दिवसों तक बढ़े हुए पितृत्व अवकाश लाभ की पेशकश की गई है। डेनमार्क मुख्यालय वाली सीओडब्ल्यूआई के अनुसार, यह लाभ तीन ब्लॉकों में और 12 महीने तक उपलब्ध होगा ताकि भारत में प्रसव या गोद लेने में पुरुष माता-पिता को प्रसव से पहले या बाद में प्रबंधन करने में अधिक संतुलित भूमिका निभाने में मदद मिल सके। सीओडब्ल्यूआई इंडिया के ग्रुप सीओओ और चेयरपर्सन रासमस ओडुम ने कहा, 'हमारे मूल मूल्यों में से एक 'वी केयर' हमें अपने ग्राहकों, लोगों और ग्रह की देखभाल करने के लिए प्रेरित करता है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि यह भारत में सीओडब्ल्यूआई नीतियों में भी स्पष्ट है। इस तरह की पहल हमारे सहकर्मियों और उनके परिवार पर कार्य-जीवन संतुलन को सक्षम करने और हमारे ग्राहकों और व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए मूल्य बनाने पर सकारात्मक प्रभाव डालने में मदद करती है।

## एआई आधारित हेयर ट्रीटमेंट की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। होम्योपैथिक क्लिनिक का नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी डॉ. बत्राज़ हेल्थकेयर ने बालों की समस्याओं के लिए एआई आधारित हेयर ट्रीटमेंट की शुरूआत करने की आज घोषणा की। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय बत्रा ने इसे लाँच करने की घोषणा करते हुये कहा कि यह आधुनिक, वैज्ञानिक और पूर्वानुमानित उपचार एआई की क्षमताओं का उपयोग करता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में सफल उपचार प्राप्त कर चुके 15 लाख लोगों के एक व्यापक डेटाबेस से जानकारी प्राप्त करता है। ऐसा सिर की त्वचा की समस्याओं के सटीक विश्लेषण और सर्वोत्तम संभावित परिणामों वाले व्यक्तिगत उपचार बताने के लिए होता है। एआई हेयर प्रो बालों के झड़ने बढ़ने की भविष्यवाणी भी कर सकता है, ताकि सही समय पर हस्तक्षेप किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस हेयर डायग्नोस्टिक टूल में दो हाई-डेफिनिशन कैमरे हैं। इन कैमरों में चार तरह की मेडिकल-ग्रेड लाइट्स होती हैं, जो उन छिपी हुई विकृतियों का पता लगा सकती हैं जिन्हें सामान्य आँखों से नहीं



देखा जा सकता। यह सिर की त्वचा की विभिन्न स्थितियों के बीच अंतर भी कर सकता है। 300 गुना मैग्निफिकेशन के साथ, यह बालों के घनत्व, मोटाई और बाल झड़ने के 40 प्रकारों के बीच अंतर का सटीक मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। ये व्यक्तिगत उपचार होम्योपैथी के विज्ञान को बाल बढ़ाने की अंतरराष्ट्रीय तकनीकों के साथ जोड़ते हैं। एआई विश्लेषण के आधार पर व्यक्तिगत उपचार तैयार किए गए हैं, जैसे कि एआई न्यू हेयर बूस्टर, एआई एसटीएम बूस्टर। ये बालों की स्वस्थ वृद्धि के लिए हैं। एआई हेयर प्रो सबसे तेज, सबसे सटीक और व्यक्तिगत परिणाम सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर परिणाम मिलते हैं।

उन्होंने कहा, हम एआई हेयर प्रो की पेशकश करते हुए रोमांचित हैं। यह भारत में पहली बार आई एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी है। इसका लक्ष्य है बालों की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को फायदा पहुंचाना। अत्याधुनिक वैश्विक तकनीक को समय की परीक्षा पर खरी, होम्योपैथी की 250 साल पुरानी परंपरा से मिलाकर हमें अपने मरीजों को बेहतर परिणाम देने का यकीन है। उन्होंने कहा कि यह अभिनव प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करती है। यह न केवल हर मामले में अपेक्षित प्रगति का अनुमान लगाती है और उसकी सटीकता बढ़ाती है, बल्कि तेज और बेहतर परिणामों के लिए व्यक्तिगत उपचार भी तैयार करती है।

## सार संक्षेप

### सएन गुप्ता बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

**नई दिल्ली**। भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के 1992 बैच के अधिकारी एसएन गुप्ता ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उत्पादक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का पदभार ग्रहण किया है। सेल की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गुप्ता के पास विभिन्न तकनीकी और क्षमता निर्माण कार्यों में लगभग 3 वर्षों का व्यापक अनुभव है। वर्ष 1992 बैच में आईटीएस में प्रवेश करने के बाद, उन्होंने एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ 23 साल से अधिक समय बिताया है। श्री गुप्ता ने पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में भी दो साल काम किया जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गेमिंग इंडस्ट्री का मेगा इवेंट ई3 अब स्थायी रूप से रद्द


**नई दिल्ली**। ई3 (इलेक्ट्रॉनिक एंटरटेनमेंट एक्सपो) गेमिंग इवेंट, जो कभी दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग इवेंट हुआ करता था, दो दशकों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। ई3 चलाने वाली इंडस्ट्री एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (ईएसए) ने बीबीसी से पुष्टि की, कि यह आयोजन दोबारा कभी नहीं होगा। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'ई3 के दो दशकों से ज्यादा समय के बाद अलविदा कहने का समय आ गया है। यादों के लिए धन्यवाद। जीजीडब्लूपी (गुड गेम वेल प्लेड)।' ई3 को आखिरी बार विचुअली 2021 में आयोजित किया गया था और आखिरी इन पर्सन इवेंट 2019 में हुआ था। इस साल मार्च में, लॉस एंजिल्स में 'ई3 2022' को रद्द कर दिया गया था। यह कार्यक्रम 13-16 जून तक निर्धारित था। यह घोषणा निनटेंडो, माइक्रोसॉफ्ट और यूबीसॉफ्ट जैसी कई गेमिंग कंपनियों द्वारा दावा किए जाने के बाद आई कि वे इस आयोजन में भाग नहीं लेंगे।

ई3 लॉस एंजिल्स कन्वेंशन सेंटर में 1995 से 2006 तक और फिर 2008 से 2019 तक हर साल जून में होता था। इस कार्यक्रम को पहली बार 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दिया गया था, और 2021 में कार्यक्रम को मिस्क्ड रिसेप्शन के लिए विचुअल इवेंट के रूप में आयोजित किया गया था। ईएसए ने एक नया प्रारूप विकसित करने के लिए रीडपॉप की सहायता से 2023 में एक पूर्ण व्यक्तिगत सम्मेलन में लौटने की योजना बनाई थी। ई3 से पहले, गेम प्रकाशक नए या आगामी उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ-साथ बाकि साल के लिए खुदरा विक्रेताओं को शिपमेंट की पूर्व-बिक्री करने के लिए कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) और यूरोपीय कंप्यूटर ट्रेड शो जैसे अन्य ट्रेड शो में जाते थे।

## शेयर बाजार में मामूली बढ़त

**मुंबई,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर आने वाले निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, ऑटो, रियल्टी और सर्विसेज समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में बढ़त रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.57 अंक बढ़कर 69584.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.95 अंक उठकर 20926.35 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत उछलकर 35,842.24 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 41,583.77 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3890 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2179 लाभ जबकि 1597 नुकसान में रहे वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 14 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.53, सीडी 0.85, एफएमसीजी 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.16, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.00, यूटिलिटीज 1.33, ऑटो 1.17, कैपिटल गुड्स 1.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.45, धातु 0.62, पावर 1.25, रियल्टी 1.45 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 1.50 प्रतिशत की तेजी रही।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.17 और जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 98 अंक की तेजी के साथ 69,648.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर बाद 69,100.56 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 69,657.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 69,551.03 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 69,584.60 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 23 अंक उठकर 20,929.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,769.50 अंक के निचले जबकि 20,950.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,906.40 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत की बढ़त लेकर 20,926.35 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की एनटीपीसी 3.69, पावरग्रिड 2.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.02, एलटी 1.70, सन फार्मा 1.24, एसबीआई 1.22, टाइटन 0.99, टाटा स्टील 0.92, टाटा मोटर्स 0.69, इंडसइंड बैंक 0.65, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.55, आईटीसी 0.55, मारुति 0.44, भारती एयरटेल 0.42, एशियन पेंट 0.40, रिलायंस 0.39, नेस्ले इंडिया 0.19 और कोटक बैंक 0.14 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टीसीएस 2.13, इंफ़ोसिस 1.84, एक्सिस बैंक 1.42 बजाज फिनसर्व 1.29, अल्ट्रासिमको 1.25, बजाज फाइनेंस 0.81, टेक महिंद्रा 0.79, विप्रो 0.60, एचसीएल टेक 0.48, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## अमेरिका, भारत चुनावों से पहले मेटा ने थ्रेड्स में फैक्ट चेकिंग का विस्तार किया

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। मेटा अपने फैक्ट-चेकिंग प्रोग्राम को थ्रेड्स प्लेटफॉर्म तक विस्तारित कर रहा है क्योंकि अमेरिका और भारत अगले साल आम चुनावों के लिए तैयार हैं। इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने एक पोस्ट में कहा कि कंपनी थ्रेड्स पर अपने फैक्ट चेकिंग प्रोग्राम को अगले साल तक बढ़ाने पर काम कर रही है। वर्तमान में हम फेसबुक या इंस्टाग्राम से लेकर थ्रेड्स तक की फैक्ट चेकिंग रेटिंग का मिलान करते हैं। लेकिन हमारा लक्ष्य फैक्ट चेकिंग करने वाले साझेदारों के लिए ऐप पर गलत सूचना की समीक्षा और मूल्यांकन करने की क्षमता रखना है। उन्होंने बताया, 'वर्तमान में हम फेसबुक या इंस्टाग्राम से लेकर थ्रेड्स तक की फैक्ट चेकिंग रेटिंग का मिलान कर रहे हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य फैक्ट चेकिंग भागीदारों के लिए ऐप पर गलत सूचना की समीक्षा और रेटिंग करने की क्षमता रखना है। जल्द ही और भी बहुत कुछ आने वाला है।' अगले साल की शुरुआत में, थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग भागीदार थ्रेड्स पर फर्जी सामग्री की समीक्षा और रेटिंग करने में सक्षम होंगे। कंपनी ने कहा कि वर्तमान में जब कोई फैक्ट चेकर फेसबुक या इंस्टाग्राम पर सामग्री के एक टुकड़े को गलत के रूप में रेट करता है, तो हम उस




फैक्ट चेकिंग रेटिंग को थ्रेड्स पर लगभग समान सामग्री तक बढ़ा देते हैं, लेकिन फैक्ट चेकर थ्रेड्स की सामग्री को अपने आप रेट नहीं कर सकते हैं। मेटा ने हाल ही में इंस्टाग्राम और फेसबुक यूजर्स को अधिक नियंत्रण दिया है, जिससे वे यह तय कर सकते हैं कि वे प्रत्येक ऐप पर कितना संवेदनशील या, यदि वे अमेरिका में हैं तो कितनी तथ्य-जांच की गई सामग्री देखते हैं। उस दृष्टिकोण के अनुरूप मेटा इन नियंत्रणों को थ्रेड्स में भी ला रहा है, ताकि अमेरिका में लोगों को यह चुनने की क्षमता मिल सके कि वे अपने फ़ीड में फैक्ट चेक की गई सामग्री पर डिमोशन के डिफ़ॉल्ट स्तर को बढ़ाना, कम करना या बनाए रखना चाहते हैं।

## सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड में तेजी

**नई दिल्ली,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां) विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकालने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड में तेजी रही जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 28 रिंगिट उतरकर 3580 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट की गिरावट के साथ 50.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 73 रुपए और सोया रिफाइंड में 146 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150, दाल चना 150, और मसूर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

## भव्य राम मंदिर के साथ ही 2024 में पूरे होंगे कई बड़े प्रोजेक्ट्स

**लखनऊ,** 13 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अयोध्या में चल रही 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश 2024 में पूरी हो जाएंगी। 6 हजार करोड़ से अधिक के निवेश भी अयोध्या में धरातल पर उतरने को बिल्कुल तैयार हैं। इनमें ज्यादातर हॉस्पिटैलिटी, ट्रैवेल-टूरिज्म और हायर एजुकेशन से जुड़ी परियोजनाएं हैं। इन सभी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के साथ ही 20-30 हजार नये रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में श्रीराममंदिर के उद्घाटन समारोह को 'भूतों न भविष्यति' बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। 2024 में जब एक तरफ भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो ये पुण्य वर्ष अयोध्या में कई बड़े निर्माण और बदलावों का भी साल साबित होने जा



रहा है। विकास कार्यों की एक लंबी श्रृंखला है, जिसमें सबसे पहला नाम अयोध्या में बनकर तैयार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। यहां से जनवरी 2024 में उड़ान शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही जनवरी में ही 50 हजार फुट प्रिंट वाले अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का नया भव्य भवन भी बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा मार्च तक सोलर सिटी भी पूरी तरह आकार ले लेगी। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी में 394 करोड़ से 4 लेन अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज, दर्शन नगर के पास रेलवे ओवर ब्रिज, अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग, पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण, परिक्रमा मार्ग पर 25 से ज्यादा पयर्टन स्थलों और कुंडों का विकास, डेकोरेटिव पोल और हेरिटेज लाइटों की स्थापना का कार्य, कौशल्या सदन का निर्माण, मुक्ति वैकुंठ धाम के विकास का कार्य पूरा हो जाएगा। फरवरी में अयोध्या के 7 वार्डों में 24 घंटे जलापूर्ति, सूर्यकुंड के पास आरओबी, 4 लेन धर्म पथ का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। मार्च में अयोध्या अकबरपुर मार्ग पर फतेहगंज आरओबी, अयोध्या बिल्हौरघाट 4 लेन सड़क, गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास, अयोध्या सोलर सिटी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

अप्रैल में अवध बस स्टैंड के पास आश्रय गृह का निर्माण, नाका बाइपास के पास कल्याण भवन का निर्माण, चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। जून में अयोध्या सीवरेज योजना का पार्ट वन पूरा कर लिया जाएगा।

जुलाई में 473 करोड़ से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण कार्य को पूरा

# शहर में 15 से 24 दिसम्बर तक होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## छूटे हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का फायदा

## कलेक्टर ने की नागरिकों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक होगा। शहर में 15 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए प्रतिदिन दो कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दिन मुंगेली नाका मैदान में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, जरहाभाठा में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिनको अब तक योजनाओं का लाभ



नहीं मिला है वे इन योजनाओं के लिए आवेदन देंगे और योजनाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित होंगे। योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित शिविर स्थल पर आम नागरिकों से आवेदन भी प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने कैम्प में पहुंचकर लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के आईसी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिसके तहत 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक यह वैन बिलासपुर शहर में रहेगी इस वैन में ऑडियो विजुअल, ब्रोशर, पॉम्पलेट, बुकलेट है जिनके माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन योजनाओं में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्जवला योजना जैसी अन्य योजनाएं शामिल है। शिविर में हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए योजनाओं से लाभान्वित होने का अपना अनुभव भी साझा करेंगे। शिविर स्थल में कोई भी व्यक्ति अपनी शुगर, बीपी की जांच करा सकता है। टी.बी. स्क्रीनिंग भी की जाएगी। जो अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते है वे मौके पर बनवा सकते है। पीएम उज्जवला (रसोई गैस) के लिए नामांकन भी कराया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों की सूची की पोर्टल में एंट्री भी की जानी है। इसके लिए संबंधित विभागों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

# हाईकोर्ट की अवमानना मामले में सचिव एवं संचालक स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्राम लवन, जिला बलौदा बाजार निवासी रेवती रमन साहू की जिला-बलौदा बाजार में स्वास्थ्य विभाग में तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति हुई थी। सेवाकाल के दौरान वर्ष 2016 में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बलौदाबाजार द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता बताते हुए रेवती साहू की नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच द्वारा उक्त बर्खास्तगी आदेश को नियम विरूद्ध पाते हुए निरस्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के समक्ष एस.एल.पी.फाईल की गई थी परंतु वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा छ.ग.शासन की अपील (एसएलपी) खारिज कर दी गई थी। इसके बावजूद भी रेवती रमन साहू को जिला-बलौदा बाजार में पुनः नियुक्ति ना दिये जाने से क्षुब्ध होकर उनके द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के अवमानना याचिका दायर की गई।



अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि हाईकोर्ट बिलासपुर की डिवीजन बैंच द्वारा बर्खास्तगी आदेश को नियम विरूद्ध पाते हुए बर्खास्तगी आदेश निरस्त कर याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल किया गया इसके पश्चात् मा.सुप्रीम कोर्ट द्वारा छ.ग. शासन की अपील (एसएलपी) खारिज कर दी गई इसके बावजूद भी (1) सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव, स्वास्थ्य विभाग (2) जयप्रकाश मौर्या-संचालक स्वास्थ्य विभाग (3) डॉ. एमपी माहिश्वर सीएमएचओ द्वारा मा. हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना कर याचिकाकर्ता को ज्वाईनिंग नहीं दी जा रही है। उक्त अवमानना याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास की बैंच में हुई उन्होंने उक्त अवमानना याचिका को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एवं मामले में गंभीर नाराजगी जाहिर करते हुए (1) सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव, स्वास्थ्य विभाग (2) जयप्रकाश मौर्या-संचालक स्वास्थ्य विभाग (3) डॉ. एमपी माहिश्वर सीएमएचओ को अवमानना नोटिस जारी कर उक्त मामले में तत्काल जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# सार-संक्षेप




## एलईडी के माध्यम से शहर वासियों ने देखा शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण

### लखीराम सभागार में मुख्य कार्यक्रम

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर(देशबन्धु)। प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनके मंत्रीमण्डल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आम जनता तक सीधा प्रसारण पंहुचा ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों में प्रसारण सुनिश्चित किया गया मुख्य कार्यक्रम लखीराम अग्रवाल सभागार में आयोजित किया गया जिसमे संभाग कमिश्नर केडी कुंजाम, निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत व जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल भी यहाँ मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा आम जनता तक शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण सुनिश्चित करते हुए लखीराम सभागार के साथ ही शहर के चौक चौराहों, मुख्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों के अलावा अन्य प्रमुख स्थानों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। लखीराम सभागार में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को फ्लेक्स व बैनर के माध्यम से प्रदर्शित भी किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पंहुचे। नई सरकार के गठन को लेकर पूरे राज्य के साथ ही जिले वासियों में भी काफी उत्साह रहा।

## बेकार को उपयोगी नागरिक बनाना होगा- गोयल



**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर(देशबन्धु)। 2047 की दिशा में विकसित भारत हेतु हमें परवाह-रहित और लापरवाह लोगों से सावधान रहना होगा और उपयोग-रहित और बेकार को उपयोगी नागरिक बनाना होगा। ये शब्द प्रो. मदन मोहन गोयल पूर्व कुलपति जिन्हें नीडोनोमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है जो अर्थशास्त्र विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए ने कहे। वे आज अर्थशास्त्र विभाग गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ( एक केंद्रीय विश्वविद्यालय) , बिलासपुर द्वारा आयोजित विशिष्ट व्याख्यान दे रहे थे। उनका विषय था। विकसित भारत हेतु नीडोनॉमिक्स की प्रासंगिकता। प्रोफेसर मनीषा दुबे विभागाध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया और प्रो. एम. एम. गोयल की उपलब्धियों का प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में प्रो. गोयल का लक्ष्य आविष्कार के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (27 शीर्षकों में 66 पृष्ठों का एक दस्तावेज़ ) सहित 2047 तक विकासशील भारत की नींव रखने वाले परिवर्तनकारी परिवर्तनों पर चर्चा करना था। प्रो. गोयल का मानना है कि 2047 में विकासशील भारत के लिए लक्षित केंद्रीय बजट 2023-24 नीडोनॉमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रति बिना किसी विरोध के सत्ता में राजनेताओं के विश्वास को प्रतिबद्धता के साथ व्यक्त करता है।

प्रो. गोयल ने कहा कि खादी और गुड़ सहित निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की टोकरी पर उपभोक्ता अधिशेष बनाकर विदेश व्यापार नीति सहित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में नीडोनॉमिक्स के सिद्धांत पर आधारित नए नीतिगत ढांचे की मांग करता है। प्रो. गोयल ने समझाया कि हमें नीडोनॉमिक्स के सिद्धांत को नीडो-कंजम्पशन, नीडो-सेविंग, नीडो -प्रोडक्शन, नीडो-इन्वेस्टमेंट, नीडो-डिस्ट्रीब्यूशन, परोपकारिता, नीडो-ट्रेड फॉर ग्लोकलाइजेशन (सोचना वैश्विक स्तर पर और स्थानीय रूप से कार्य करना) शामिल है को अपनाना चाहिए। प्रो. गोयल ने कहा कि दूसरों की मदद हेतु नीडो -परोपकारिता (एनएसएस के मैं नहीं बल्कि आप) के लिए हमें कुल खर्च से अधिक कमाने का प्रयास करना चाहिए और दूसरों को खुद की मदद करने का साधन बनना चाहिए। उपभोक्ता के अनुकूल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय विपणन के एनएडब्ल्यू दृष्टिकोण (वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता, सामर्थ्य और मूल्य) की व्याख्या की। 2047 तक स्वर्णिम भारत सुनिश्चित करने हेतु गीता और अनु-गीता से आध्यात्मिक इनपुट के साथ स्ट्रीट स्मार्ट (सरल, नैतिक, क्रिया-उन्मुख, उत्तरदायी और पारदर्शी ) और सिंपल मॉडल को अपनाना होगा ।

# चोरी करने घर में घुसे दो युवक पकड़ाए

## गाड़ी नंबर से पुलिस पहुंची आरोपी तक

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। चोरी करने की नियत से घर में घुसे दो चोर को पकड़ा गया है। सिरगिट्टी पुलिस ने बताया कि प्रार्थीया सुकृता लोनिया पिता जयप्रकाश लोनिया उम्र 33 वर्ष निवासी कोरमी थाना सिरगिट्टी निवासी 28 अगस्त को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि रात्रि 11.30 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति घर मे घुसा हुआ था तब प्रार्थीया आहट पाकर जगी और पति को आवाज दी तो अज्ञात व्यक्ति प्रार्थीया को धक्का मारकर गिराते हुये भाग गया। प्रार्थीया और उसके पति घर के बाहर आये तो घर के बाहर एक स्कूटी क्रमांक सीजी10बीके 6880 खडी थी। शायद स्कूटी अज्ञात व्यक्ति का होगा जो चोरी करने के लिये घर मे घुसा हुआ था कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया। प्रकरण के विवेचना दौरान स्कूटी मोसा क्रमांक सीजी10बीके 6880 के वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त कर वाहन स्वामी लक्की यादव पिता गुड्डु यादव उम्र 26 वर्ष निवासी शारदा मंदिर के पास नयापारा सिरगिट्टी का पतासाजी कर पकडकर थाना लाकर पूछताछ करने पर अपने साथी छोटू केवट के साथ कोरमी आम्रपाली गार्डन प्रार्थीया के घर मे चोरी करने के इरादे से घर मे घुसना बताया। आरोपी लक्की यादव के निशादेही पर छोटू केवट का पकडकर थाना लाकर पूछताछ किया जिन्होने अपने साथी के साथ चोरी मे शामिल होना बताया। प्रकरण के आरोपियों के विरूध्द अपराध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।




# अंकेक्षण से होती है वित्तीय पहरेदारी-कुलपति

## सीयू के आंतरिक अंकेक्षण अनुभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में आज सुबह 11.30 बजे विश्वविद्यालय के आंतरिक अंकेक्षण अनुभाग एवं भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग, कार्यालय प्रमुख महालेखाकार (अंकेक्षण) छत्तीसगढ़ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय गर्वमेंट अकाउंटिंग, ऑडिटिंग एंड अकाउंटेबिलिटी रहा।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संस्थानों के वित्तीय स्वास्थ्य के परीक्षण का केन्द्र अंकेक्षण होता है। अंकेक्षण के माध्यम से हमें लेखों के वित्तीय स्वास्थ्य की असली जानकारी प्राप्त होती है, जिसके अनुसार हम भविष्य का नियोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय निधि के प्रत्येक अंश का प्रयोग सामाजिक उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। हमें प्रयास करना चाहिए कि हम शासकीय धनराशि को मितव्यय करें एवं व्ययित राशि का अधिक से अधिक सद्पयोग करें। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कार्यशाला के माध्यम से शासकीय लेखाविधि, अंकेक्षण एवं अन्य क्षेत्रों में युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशवंत कुमार, महालेखाकार (अंकेक्षण) छत्तीसगढ़ रायपुर ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों के बीच शासकीय लेखांकन और लेखा परीक्षा प्रणाली के बारे में जागरूकता का प्रसार होगा। उन्होंने कि कार्यशाला युवाओं में सार्वजनिक नीति निर्माण के संदर्भ में विश्लेषण एवं मूल्यांकन की क्षमता पैदा करेगी।

इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती एवं संत गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधों से हुआ। तरंग बैंड द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की संयोजक एवं विश्वविद्यालय की आंतरिक अंकेक्षण अधिकारी प्रो. भुवना वेंकटरामन ने स्वागत भाषण दिया। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पी.के. बाजपेयी ने विचार व्यक्त किये।

मंचस्थ अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन डॉ. गरिमा तिवारी, सहायक प्राध्यापक वानिकी विभाग ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण, अधिकारी, शिक्षकगणों के साथ भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग, कार्यालय प्रमुख महालेखाकार (अंकेक्षण) छत्तीसगढ़ रायपुर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फीस वृध्दि का छात्रों ने एयू में किया विरोध

## घंटो भर छात्रों ने किया प्रदर्शन, विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुलाई पुलिस

### आश्वासन के बाद लौटे छात्र

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा बढ़ाई गई परीक्षा शुल्क को लेकर विश्वविद्यालय अंतर्गत कई महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर घेराव कर विरोध किया।

ज्ञात हो की यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अचानक 25 से 30प्रतिशत तक छात्र-छात्राओं के परीक्षा शुल्क में वृद्धि की है जिससे छात्र-छात्राएं परेशान है, छात्र प्रतिनिधि सूरज सिंह राजपूत ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा अन्याय पूर्ण रूप से एक बार में ही अधिक वृद्धि की है जो हिसाब से कम की जानी थी, जो कि पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा 20प्रतिशत तक की गई है उपस्थित अधिकारियों ने इसे 25प्रतिशत तक ही बढे होने की बात कही लेकिन छात्रों ने रिसिप्ट दिखाया कि उसमें 25प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि की गई है, अधिकारियों ने कार्य परिषद का और हमारे क्षेत्र अधिकार में न होने का हवाला दिया तो सभी छात्र-छात्राएं नाराज होकर धरने पर बैठ गए विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को डराने को लेकर पुलिस बल की आजमाइस भी की लेकिन सभी छात्र छात्राएं डटे रहे, अंत में निर्णय हुआ की जिन छात्र-छात्राओं के परीक्षा फीस में 25प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो गई है उनका सेटलमेंट किया जाएगा तथा 25प्रतिशत तक वृद्धि वाले विषयों पर आला अधिकारी, छात्र प्रतिनिधियों व अभिभावकों के साथ मिलकर उस पर पुनः विचार किया जाएगा। इस दौरान सूर्याशर्मा, राहुल राजपूत, अखिल, स्वप्निल, निखिल, नीरज,यश, विपिन,पंकज , दीपक, अंकित, श्रुति,रोशन,आयुष, प्रदुम, अंजली, सुहानी, अदिति, सुप्रीत, यशवंत साथ विभिन्न महाविद्यालय से छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

## चाकू से किया था जानलेवा हमला

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर(देशबन्धु)। पिकनिक मनाने गये लड़को द्वारा गाली गलौच व मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नितेश कहरा निवासी कहरापारा रतनपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 नवबर को शाम लगभग 7बजे प्रार्थी अपने दोस्त उद्धव बरिहा, संजय सिदार, उदित आर्मो के साथ दुलहरा तालाब पार्टी मना रहे थे। वहीं पास में कुछ अन्य लोग भी पार्टी बना रहे थे वे लोग उत्तेजित होकर प्रार्थी व उसके दोस्त के पास आये और हमे गाली क्यों दे रहे हो बोलते हुये, प्रार्थी व उनके साथियों को अश्लील गाली गलौच करने लगे, जिन्हे प्रार्थी के दोस्त उदित आर्मो उर्फ लाला के द्वारा गाली देने से मना करने पर दुर्गेश साहू, राजू यादव व अन्य लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ



मुक्का व लात से मारपीट कियें हैं तथा हत्या करने की नीयत से वहीं पास में रखे चाकू से उदित के पेट व सीने में जानलेवा हमला कर दिये। जिससे आहत उदित बेहोश होकर वहीं गिर गया। तब प्रार्थी के अन्य दोस्तों के द्वारा बीच बचाव करने पर दुर्गेश, राजू व उनके अन्य साथी वहाँ से फरार हो गये, आहत को रतनपुर अस्पताल लाया गया जहाँ से बेहतर उपचार के लिये बिलासपुर रिफर कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी रतनपुर द्वारा टीम गठित कर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था तथा 01आरोपी फरार था जिसकी पता तलाश की जा रही थी, कि आज मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी अमित केवट उर्फ पंडा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्टील के चाकू को जप्त किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाए जाने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैंप 14 को

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईटीआई कोनी में निजी संस्थान नव किसान बायोप्लांटेक लिमिटेड द्वारा 14 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में 10वीं पास 19 से 35 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष भाग ले सकते है। कार्य क्षेत्र बिलासपुर, कोटा, मस्तुरी, बिल्हा एवं आसपास के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में है। भविष्य निधि एवं चिकित्सा सुविधा एवं यात्रा भत्ता के अलावा वेतन 8 हजार 500 रूपये से 15 हजार तक होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 14 दिसम्बर को सवेरे 10 बजे आईटीआई कोनी, बिलासपुर में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है।

# 2 रेलवे कर्मवीर अतिविशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयनित

**बिलासपुर**, 13 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेल सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 02 रेलकर्मी को अतिविशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इसमें वरिष्ठ अनुभाग अभियंता अमिताभ चौधरी तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवान प्रमोद कुमार शामिल हैं।

इन दोनों रेल कर्मवीरों को दिनांक 15 दिसंबर' 2023 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन के बेहतर प्रबंधन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को ट्राफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड के लिए नामित किया गया है। इसके साथ ही रॉलिंग स्टॉक के बेहतर प्रबंधन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अन्य सभी रेलवे जोन को पीछे छोड़ते हुए बेस्ट 'रॉलिंग स्टॉक शील्ड' को अपने नाम किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार तथा संबन्धित प्रमुख विभागाध्यक्ष इस समारोह में इस शील्ड को ग्रहण करेंगे। रेल सुरक्षा बल के आरक्षक प्रमोद कुमार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन में पदस्थ हैं। इन्होनें अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुये दिनांक 25 जुलाई 2022 को गोंदिया स्टेशन में गाडी सं.22815 एर्नाकुलम एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान फिसलकर गिर चुके यात्री उमेश बिसेन तथा उसकी पत्नी प्रीति बिसेन की जान बचाई





। उमेश बिसेन गाडी सं.22815 एर्नाकुलम एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में कोच की सीढ़ी पर लटक रहा था तथा उसकी पत्नी प्रिती बिसेन अपने पति उमेश बिसेन के कमर को पकड कर गाडी के साथ घसीटते हुये जा रही थी।

प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात आरक्षक प्रमोद कुमार द्वारा अपनी सुझबुझ का परिचय देते हुये बिना समय गवाये तुरंत उक्त महिला यात्री को अपनी ओर खींचते हुये प्लेटफार्म तथा गाडी के बीच से खिंचकर सुरक्षित बाहर निकाला गया जिससे उक्त महिला की जान बच गयी। इसी तरह दिनांक 16 अगस्त' 2022 को गोंदिया स्टेशन में गाडी सं.12807 समता एक्सप्रेस में महिला यात्री अपूर्वा मंडलीकर को गाडी छूटते ही पता चला कि वह गाडी सं. 12843 की जगह 12807 समता एक्सप्रेस में प्रवेश कर गयी। उक्त महिला यात्री द्वारा हडबडाहट में चलती गाडी से छलांग लगायी गयी जिससे वह प्लेटफार्म पर गिर गयी तथा गाडी एवं प्लेटफार्म के गैप मे जा रही थी। गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म क्र.03 पर ड्यूटी में तैनात आरक्षक प्रमोद कुमार द्वारा अदम्य साहस का परीचय देते हुये अविलंब उक्त महिला यात्री अपूर्वा मंडलीकर को अपनी और खिचते हुये प्लेटफार्म तथा गाडी के मध्य जाने से रोका तथा अनपेक्षित घटना का शिकार होने से बचाया गया जिससे उक?त महिला की जान बच गयी। प्रमोद कुमार आरक्षक, रेल सुरक्षा बल गोंडिया को उनके कर्तव्य के सर्वोच्च निर्वहन के लिया लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## NECC

| 14.12.2023 | अंडा | मुर्गी | कावरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 690 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 83 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188